संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार 18 अगस्त 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अमेरिका से भारत लौटने पर स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 10 अंकः 226 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# चुनाव आयोग के लिए कोई पक्ष-विपक्ष नहीं, मिथ्या आरोपों से नहीं लगता डरः मुख्य चुनाव आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विपक्षी दलों की ओर से लगाए जा रहे तमाम आरोपों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के लिए सभी राजनीतिक दल समान हैं, कोई पक्ष या विपक्ष नहीं। चुनाव आयोग के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और मिथ्या आरोपों से आयोग न तो डरता है और न ही मतदाता प्रभावित होते हैं। दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया बिहार में शुरू की गई। राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि जिले के पार्टी कार्यकताओं की वास्तविक आवाज राष्ट्रीय व राज्य स्तर के नेताओं तक नहीं पहुंच रही या फिर जानबूझकर भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। मतदाता की अनुमति के बिना उनकी तस्वीरों के इस्तेमाल की शिकायत भी मिली है, लेकिन आयोग मतदाताओं के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का




जन्म चुनाव आयोग के साथ पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग एक ही राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए सभी समान हैं। चाहे कोई भी किसी भी राजनीतिक दल का हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

**स्पष्ट किया**

- मतदाता की अनुमति के बिना उनकी तस्वीरों के इस्तेमाल की शिकायत भी मिली है

**7 दिन में हलफनामा दें या देश से माफी मांगें:** मुख्य चुनाव आयुक्त चुनाव आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उनके वोट चोरी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वे 7 दिन में हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। उनकी ओर से लगाए गए आरोपों का आयोग बिना हलफनाने के जवाब नहीं देगा। मतदाता सूची में त्रुटियां होना फर्जी मतदान नहीं होता। दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित विशेष पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से लगाए जा रहे आरोपों का जवाब दिया।

# एनसीआर को पीएम मोदी की 11 हजार करोड़ की सौगात

- पीएम ने एनसीआर को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी, पीएम ने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, अमेरिका से टैरिफ वॉर के बीच पीएम बोले- स्वदेशी अपनाओ: व्यापारी विदेशी छोड़ मेड इन इंडिया प्रोडक्ट बेंचें

**विकासात्मक**

- आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके हैं।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक्सप्रेस वे का नाम द्वारका, जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं। पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है। अगस्त के ये महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा, 'थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे ठउफके लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं?
ये सबकुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है। दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। उन्होंने कहा, 'अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है। अर्बन एक्सटेंशन रोड को बनाने में लाखों टन कचरा काम में लाया गया है, यानी कूड़े के पहाड़ को कम करके उनकेअपशिष्ट पदार्थ का इस्तेमाल सड़क बनाने में किया गया है।' पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की भाजपा सरकार यमुना जी की सफाई में भी लगातार जुटी हुई है।




## सपनों को हकीकत में बदलती डबल इंजन सरकारः सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सड़क से समृद्धि की ओर सपनों को हकीकत में बदल रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के वो दूरदर्शी नेता है जिनकी सोच में भारत का हर नागरिक शामिल है। जिनकी नीति में भारत का हर प्रदेश बराबरी का हिस्सेदार है। जिनके संकल्प में भारत का हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वह शक्ति हैं जिसने राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा।

## सोने के भाव में गिरावट, 1,860 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार छठे दिन सोने की कीमत में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण रविवार को देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,180 रुपये से लेकर 1,01,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,750 रुपये से लेकर 92,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।
ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,16,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नई दिल्ली में होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्टस एसोसिएशन की अध्यक्ष कांथि डी सुरेश कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड प्रमाण पत्र भेंट करते हुए।

बिहार के रोहतास में राहुल गांधी ने कहा-यह संविधान बचाने की है लड़ाई है

## शुरू हुई मतदाता अधिकार यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**डेहरी आन सोन।** बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' रविवार को रोहतास जिले के डेहरी आन सोन स्थित सुआरा हवाई अड्डा से शुरू हुई । इस दौरान यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में भाजपा संविधान को मिटाने पर तुली हैं। जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ओपिनियन पोल कह रहे थे महाराष्ट्र में महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन चार महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हर चुनाव में भाजपा ने वोट चोरी किया है। हमने पता लगवाया तो पता चला कि लोकसभा चुनाव के बाद इलेक्शन कमिशन के जादू से एक करोड़ फर्जी वोट आ गए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग वोट चोरी नहीं करने देंगे। क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है। इलेक्शन कमीशन को हम ये नहीं करने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है। आप का पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है। इस मौके पर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह आपके वोट की साधारण चोरी नहीं, बल्कि सीधी डकैती है। बिहारियों को चूना लगाना चाहते है ये लोग।



## केरल में जन्माष्टमी न मनाए जाने पर थरूर ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**तिरुवनंतपुरम :** बीते दिन कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया गया। हालांकि अब इसे लेकर सियासी गलियारों में सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केरल में जन्माष्टमी न मनाने पर प्रश्न पूछा है। उनका कहना है कि जब पूरे देश में जन्माष्टमी 16 अगस्त को मनाई गई, तो केरल में 6 हफ्ते बाद क्यों मनाई जाएगी?
दरअसल मलयालम कैलेंडर के अनुसार, इस साल जन्माष्टमी 14 सितंबर 2025 (रविवार) को मनाई जाएगी। मगर, शशि थरूर ने इसपर आपत्ति जताई है। शशि थरूर का कहना है कि केरल के लोग क्रिसमस का त्योहार अलग-अलग नहीं मनाते हैं, तो जन्माष्टमी पर भेदभाव क्यों होता है?

## कठुआ में बादल फटने से तबाही, सात की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई। कठुआ के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में जहां पांच लोगों की जान चली गई, वहां गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं जंगलोट इलाके में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि जोध घाटी से पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।**
झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। राज्यपाल के तौर पर उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव रहा है।
**भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बयान**
एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे एनडीए साथियों के साथ भी गहन रूप से चर्चा हुई। इसके बाद आज मुझे बताते हुए ये खुशी हो रही है और आपको ये खुशखबरी देना चाहते हैं कि संसदीय बोर्ड की बैठक में जिसका नेतृत्व पीएम मोदी ने किया। इस दौरान सभी पहलुओं पर चर्चा हुई और कई नामों पर मंथन किया गया, सुझाव भी मांगे गए और इसके बाद फिर तय हुआ कि हमारे उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी के रूप में हमारे महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे।



**उम्मीदवार**

- महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे : जेपी नड्डा

## 10 लाख वस्तुओं के जीएसटी स्लैब बदलेंगे




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने अमेरिका के टैरिफ का जवाब देने की तैयारी कर ली है। इसके लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। इसे 'जीएसटी 2.0 या नेक्स्ट जेन जीएसटी' नाम दिया गया है। इसका ऐलान शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से किया। उन्होंने इसे दिवाली गिफ्ट कहा। यानी सितंबर में जीओएम बैठक करके सरकार ये बदलाव कर सकती है। अभी जीएसटी में 4 टैक्स स्लैब 5%, 12%, 18% और 28% हैं। सुधार के बाद दो स्लैब 5% और 18% ही रहेंगे। इससे 12% जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस, ड्राय फ्रूट्स जैसी 99% वस्तुएं 5% के दायरे में आ जाएंगी। सीधे तौर पर कहें तो ये वस्तुएं 7% सस्ती हो जाएंगी। ऐसे ही 28% टैक्स के दायरे में आने वाली सीमेंट, एसी, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी 90% वस्तुएं 18% के स्लैब में आ जाएंगी। यानी 10% तक सस्ती। सरकार ने टैक्स रेट में स्थिरता लाने और इनपुट टैक्स क्रेडिट के जटिल सिस्टम को आसान बनाने के लिए यह कदम उठाया है।
अधिकारियों के मुताबिक 2047 में एक समान टैक्स स्लैब होगा। इस दिशा में दो स्लैब लाना पहला कदम है।

### जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार होंगे

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में स्पष्ट किया है कि जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार होंगे। पहला, स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया जाएगा। दूसरा, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाना, ताकि जरूरी चीजें सस्ती हो सकें। तीसरा, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाना।

**घोषणाएं** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक नया सेक्टर और नई सब्जी मंडी बनाने की घोषणा प्रमुख

## जींदः सैनी ने परियाजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** नरवाना की मेला मंडी में रविवार को आयोजित विकास रैली के मंच से सीएम नायब सैनी ने करीब 206 करोड़ 25 लाख रुपये की योजनाओं की घोषणा और उद्घाटन किए। इनमें नरवाना अस्पताल 50 बेड से बढ़ा कर 100 बेड का करने, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक नया सेक्टर और नई सब्जी मंडी बनाने की घोषणा प्रमुख हैं। इसके अलावा नरवाना के विकास को लेकर सीएम ने करोड़ों की घोषणाएं की। सीएम ने घोषणा की कि कलौदा खुर्द में स्टेडियम बनाया जाएगा। गांव अमरगढ़ में पशु अस्पताल को लेकर जमीन मुहैया करवाए जाने पर वहां पशु अस्पताल 40 लाख रुपये से बनवा दिया जाएगा। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कर्मगढ़, बिधराना, दबलैन, दनौदा, हथो, ढाणी स्कूलों के लिए भी वो चार करोड़ 50 लाख रुपये देने की घोषणा करते हैं। अमरगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिधराना में सब हेल्थ सेंटर को लेकर भूमि उपलब्ध करवाने पर वहां भी बनाने की घोषणा की। नरवाना में नई सब्जी मंडी की जमीन उपलब्ध करवाने पर नई सब्जी मंडी बना दी जाएगी। मेला, धमतान, गढ़ी, दनौदा कलां अनाज मंडियों के निर्माण के लिए पांच करोड़ देने की घोषणा की। टोहाना से धमतान साहिब तक रजवाहे के पुनर्निमाण को लेकर पांच करोड़ की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा नरवाना की मेला मंडी में आयोजित रैली में सीएम नायब सैनी ने बोलते हुए कहा कि विपक्ष के लोग झूठ बोल कर जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। लोग कहते हैं कि नरवाना घर हैं उनका, टवीट करते रहते हैं लेकिन घर के लिए करते कुछ नही हैं। कांग्रेस कार्यकाल में विकास नहीं होता था। वर्ष 2014 से अबतक



**विकास कार्य**

- पशु अस्पताल को लेकर जमीन मुहैया करवाए जाने पर वहां पशु अस्पताल बनवा दिया जाएगा

## एल्विश के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली, जांच में जुटी पुलिस

**गुरुग्रामः** बिग बॉस ओटीटी विनर यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर रविवार सुबह हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई चिट्ठी की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह बिग बॉस विनर, फेमस यूट्यूबर और एक्टर एल्विश के सेक्टर-57 स्थित घर में बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने 10 से 12 राउंड गोलियां चलाई। सुबह-सुबह अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि किसी को कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है।



उत्तर भारत
ACTION INDIA
करनाल, 18 अगस्त 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com



# सीएम योगी ने किया ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण

▢ जीवसृष्टि बचाने को न्यूनतम करना होगा कार्बन उत्सर्जन : सीएम योगी ▢ भविष्य की ऊर्जा है ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी : सीएम योगी, प्रचुर जल संसाधन होने से यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन बनाने की व्यापक संभावना : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और दुनिया के सामने सबसे बड़ी चिंता जीवसृष्टि और मानव सभ्यता को बचाने की है। जीवसृष्टि और मानव सभ्यता को बचाना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हमें नेट जीरो की तरफ बढ़ना होगा, कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम करना होगा। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के खानिमपुर में टोरेंट समूह के ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। टोरेंट गैस और टोरेंट पॉवर द्वारा स्थापित यह ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट उत्तर प्रदेश का पहला और पूरे देश का दूसरा प्लांट है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की




रक्षा और बीमारियों से बचाव में ग्रीन एनर्जी की बड़ी भूमिका होने जा रही है। कहा कि ऊर्जा क्षेत्र एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में हरित ऊर्जा तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए यह प्लांट बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्थापित यह प्लांट प्रदूषण से मुक्त उर्जा प्राप्ति की दिशा में एक नया प्रयास है। उन्होंने कहा कि यहां टोरेंट ग्रुप का एक प्लांट पहले सीएनजी का है। अब यहां पर ग्रीन हाइड्रोजन का प्लांट लगाया गया है। अब यहां ग्रीन हाइड्रोजन और सीएनजी-पीएनजी की ब्लेंडिंग होगी। इसके बाद इसे घर घर रसोई गैस के रूप में पहुंचाया जायेगा। सीएम ने कहा कि उम्मीद है कि ग्रीन एनर्जी के उत्पादन के साथ यह नवाचार का केंद्र होगा और लोगों के जीवन को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा है। उत्तर प्रदेश के लिए यह खुशी की बात है कि प्रचुर जल संसाधन होने के चलते यहां इसकी व्यापक संभावना है। ग्रीन हाइड्रोजन जल से बनेगी। जल में दो हिस्सा हाइड्रोजन और एक हिस्सा ऑक्सीजन होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जल संसाधन के लिहाज से अत्यंत समृद्ध है। यहां कई जगहों पर दस मीटर की गहराई में पानी मिल जाता है। कई नदियां यूपी में प्रवाहित हैं। जल संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता से उत्तर प्रदेश बड़े पैमाने पर ग्रीन एनर्जी बनाने में सामर्थ्यवान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन हर उस कार्य से होता है जिससे प्रदूषण होता है। पहले घरों में भोजन लकड़ी या कोयला से बनाया जाता था जिससे कार्बन उत्सर्जन होता था।

### दुनिया की तकदीर बदल देगी ग्रीन एनर्जीः सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन एनर्जी पूरी दुनिया की तकदीर को बदल देगी। आज प्रकृति के साथ साथ मनुष्य के स्वास्थ्य पर जो विपरीत प्रभाव पड़ा है उसका पहला कारण प्रकृति के साथ खिलवाड़ और दूसरा कृषि में कीटनाशकों, रसायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग है। कैंसर, लीवर में खराबी और अन्य गंभीर बीमारियों का भी कारण यही है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने से जलवायु परिवर्तन हो रहा है। बरसात भी देरी से हो रही है। आज जो वर्षा हो रही है इसे जुलाई माह में होना चाहिए था, अब इसमें देरी हो रही है। पहले नवरात्रि के समय लोगों के घर में चूड़ा आ जाता था लेकिन मौसम की देरी के साथ फसल भी देर से हो रही है। आज कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं सूखा पड़ रहा है। यह सब पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का परिणाम है। लोग पेड़ काट रहे हैं। प्रदूषण के कारण जल के स्रोत खराब हो रहे हैं पानी प्रदूषित हो गया है।

## मध्य प्रदेश को बनायेंगे मिल्क केपिटलः डॉ. यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आज प्रदेश का हर कोना विकास कार्यों से सज-संवर रहा है। हम प्रदेश के किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर हम वर्ष 2028 तक मध्य प्रदेश को मिल्क केपिटल बनाएंगे। सिर्फ भैंस का नहीं, हमारी सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी। हम गाय के दूध की खरीदी की कीमत भी ज्यादा देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुंडाल गांव में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर करीब 246 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न 57 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 158.64 करोड़ के 37 कार्यों का लोकार्पण और 87.27 करोड़ लागत के कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव

**प्राथमिकता**

▢ मुख्यमंत्री मोहन ने की रतलाम क्षेत्र के लिए 113 करोड़ रुपये की पेयजल योजना की घोषणा

अंबेडकर कामधेनु योजना के जरिए हमने तय किया है कि 25 गाय और 42 लाख रुपये तक की गौशाला यूनिट स्थापित करने पर दूध और अन्य उत्पाद तो पशुपालक के होंगे, सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपये प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी गौशालाओं के निर्माण पर सरकार निवेश लागत की 25 प्रतिशत तक की निवेश राशि अनुदान के रुप में माफ करेगी।
मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्र के धार्मिक स्थल कोटेश्वर एवं विरुपाक्ष महादेव में विकास कराने की बात कही। उन्होंने क्षेत्रीय ग्रामीणों की सुविधा के लिए प्रस्तावित 113 करोड़ रुपये की पेयजल योजना और मोरकुंडवा सिंचाई योजना को भी मंजूरी दी।

## इलाज के लिए सुविधा और पैसे की कमी नहींः योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है। यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम पड़ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी। सीएम योगी रविवार



को रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया और हॉस्पिटल के पेशेंट एप ह्यरीजेंसी माई केयरह्न को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महंगी स्वास्थ्य सुविधाएं गरीब के लिए दुर्लभ थीं, पर आज सहज उपलब्ध होने लगी हैं। यूपी सरकार ने साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। इसके आलावा जिन लोगों के पास आयुष्मान योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं है, उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से है। विधायकों को भी उनकी निधि से पचीस लाख तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है। सीएम योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पिछले एक वर्ष में 1100 करोड़ रुपये इलाज के लिए दिए गए हैं। पहले यह सुविधाएं नहीं थीं।

## असम को हिंसा की आग में झोंकना चाहते हैं हिमंतः गोगोई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने रविवार को बीटीआर क्षेत्र के कोकलाबाड़ी में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बीटीआर में अशांति फैलाने और असम को हिंसा की आग में झोंकने की राजनीति कर रहे हैं। गोगोई ने कहा, हिमंत बिस्व सरमा युवाओं को छात्रवृत्ति देने के बजाय उन्हें हथियार थमाना चाहते हैं। उनकी राजनीति केवल गोली और बंदूक पर आधारित है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के पास चार मोबाइल फोन रहते हैं। एक से वे अमित शाह से बात करते हैं, दूसरे से बीपीएफ नेता हग्रामा मोहिलारी को कॉल करते हैं, तीसरे से यूपीपीएल नेता प्रमोद बोड़ो से संपर्क करते हैं। भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से अब असम की जनता को मामी टैक्स देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा को वोट देने का मतलब है कि आने वाले समय में असम के युवाओं के हाथों में एके-47 दिखाई देगी।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने मप्र के विदिशा में क्षतिग्रस्त सोयाबीन फसल का खेत में पहुंचकर किया निरीक्षण।

## बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, गांवों पर मंडरा रहा भूस्खलन का खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तरकाशी।** जिले भर में मूसलाधार बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग गंगोत्री- यमुनोत्री समेत दर्जन ग्रामीण सड़कें बंद दिन भर बंद रही है। हालत यह है कि जिला प्रशासन दिन में जितनी सड़कें खोल रहा है, उससे अधिक सड़केन टूट रही हैं।
रविवार को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग रतूड़ीसेरा, नेतला के पास व यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राड़ीटॉप के पास यातायात के लिसए सुचारू कर दिया गया है। वहीं यमुनोत्री हाइवे पर डाबरकोट, पालीगाड, रानाचट्टी व गंगोत्री हाइवे पर नालूपानी, डबरानी व सोनगाड के पास मार्ग को सुचारू करने हेतु कार्य जारी है। उत्तरकाशी में शनिवार रात्रि से भारी बारिश के चलते कई सड़कें बंद हो गई वहीं कहीं भूस्खलन से घरों को नुक्सान पहुंचाया है । ग्राम सभा डख्याट गांव के मयारा नामे तोक में बचन विश्वकर्मा के आवासीय भवन के ऊपर एक भारी भरकम पेड़ गिरने से मध्य रात्रि को अफरातफरी मच गई एक पेड़ गिरने से मकान में भारी नुकसान हुआ है। अस्सी गंगा घाटी के समाजिक कार्यकता मनीष रावत ने बताया कि क्षेत्र में जगह-जगह सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हैं, संगम चट्टी मार्ग और सबसे बहुत दयनीय स्थिति है, जो एक माह से ऊपर हो गया है।

## मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की मदद के लिए जारी की 24 करोड़ से अधिक की राशि

**निस्तारण**

▢ कर्मकार कल्याण बोर्ड ने विशेष अभियान के तहत 8,299 आवेदनों का ऑनलाइन निस्तारण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने विशेष अभियान के तहत 8,299 आवेदनों का ऑनलाइन निस्तारण किया। इन आवेदनों के सापेक्ष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लगभग 25 करोड रुपये की धनराशि ऑनलाइन सीधे लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर




किया। उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने एक विशेष अभियान चलाकर श्रमिक एवं श्रमिकों के आश्रितों के पुत्री विवाह सहयता योजना, मृत्यु अनुदान योजना, प्रसूति सहायता योजना एवं शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 8,299 आवेदनों का ऑनलाइन निस्तारण किया, जिसका मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 24 करोड़ 85 लाख 19 हजार 700 सौ की धनराशि संबंधित श्रमिक व उनके आश्रितों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। श्रम विभाग के श्रीधर बाबू अददांकी व दुमका के श्रमायुक्त प्रकाश चंद्र ने अवगत कराया कि बोर्ड स्तर पर प्रथम बार इस प्रकार का प्रयास किया गया है। यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को भी ससमय अभियान चलाकर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।
उत्कृष्ट प्रगति को देखते हुए श्रम विभाग के अधिकारियों को बधाई दी।

## राहुल को जनता के नेता के रूप में पेश किया जाना एक मजाक हैः सम्राट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी को जनता के नेता के रूप में पेश किया जा रहा है और यह अपने आप में बिहार के लिए एक मजाक है।
सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा पूरी तरह से घुसपैठियों को बचाने के लिए है। 2003 में एसआईआर के दौरान लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए थे और उस समय राबड़ी देवी मुख्यमंत्री थीं। बिहार या तो गांधी परिवार या लालू परिवार की वजह से गरीब है, जिनमें से एक ने देश को लूटा और दूसरे ने बिहार को। जन्माष्टमी के अवसर पर मैं कहूंगा कि कंस का नाश कृष्ण ने किया। यहां भी कुछ कंस है और जन्माष्टमी के अवसर पर उसका नाश निश्चित है।"

## कान्हा के जन्म की खुशी में डूबा रहा ब्रज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा/लोकेश चौधरी**
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन ब्रजमंडल कान्हा के अवतरण की खुशी में डूबा रहा। जगह जगह भगवान के जन्म की खुशियां मनाई गयीं। भण्डारे लगाये गये। कान्हा को पालने में झुलाया गया, मठ मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में उपहार लुटाये गये। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सहित केशवदेव मंदिर, वृंदावन के राधारमण मंदिर, राधादामोदर, प्रियाकांत जू मंदिर सहित अनेकों मंदिरों में देखने को मिले। इस मौके



पर छीछी लीला के साथ लाला की खुशी में जमकर उपहार लुटाए गए। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में रविवार 10 बजे से नंदोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने जानकारी दी कि परंपरा के अनुसार नंदोत्सव में मंदिर के मुखिया नंद बाबा और यशोदा मैया की वेशभूषा धारण कर शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को लाला जन्म की बधाइयां दीं और इस अवसर पर खेल खिलौने, वस्त्र, आभूषण तथा अन्य धन-दौलत निछावर कर भक्तों को आनंदित किया। श्रद्धालु इन दानों को पाकर भाव- विभोर हो उठे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं उल्लास का संगम देखने को मिला। मंदिर प्रांगण ष्हाथी-घोड़ा-पाल की जय कन्हैया लाल कीष जैसे उत्साहपूर्ण जयकारों से गूंज उठा।

## नंदोत्सवः गोकुल में मच गयौ हल्ला, यशोदा जायौ लल्ला



**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा/लोकेश चौधरी**
राता को कंस के कारागार में जन्मे वासुदेवनंदन सुबह गोकुल में नंदनंदन हो गये। श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां गोकुल में मनाई गयीं। रात को मथुरा में भगवान के अवतरण के साक्षी बने कोटि कोटि श्रद्धालु सुबह गोकुल में भगवान के जन्मोत्सव की खुशियों में शामिल हुए। रात को ही श्रद्धालुओं ने मथुरा से गोकुल की ओर कूच कर दिया था। भोर होते ही गोकुल का नजार कुछ अलग ही कहानी बयां कर रहा था। कान्हा के गांव गोकुल में नंदोत्सव की ऐसी धूम मची कि उल्लास, उमंग और उत्साह की त्रिवेणी में श्रद्धालु गोते लगाते नजर आये। गोकुल की गलियां में नंद घर आनंद भयो जै कन्हैया लाल की, गोकुल में मच गयो हल्ला, जसोदा जायो लल्ला के स्वरों से गूंज उठीं। कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन भक्तों का रेला गोकुल की ओर बढ़ चला। भक्तों की भीड़ अंधेरा छंटने से पहले ही मथुरा वृंदावन से गोकुल पहुंच गई। नंद घर जन्मे

**खुशियां**

▢ कंस के कारागार में जन्मे वासुदेवनंदन, सुबह गोकुल में नंदनंदन हो गये, जन्म की खुशियां सुंबह गोकुल में मनीं

लाल कन्हाई, गोकुल में बजत बधाई के स्वरों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए। कन्हैया के जन्म की खुशी में भक्तों ने फल, मेवा, कपड़े, खेल, खिलौने लुटाए। गोकुल में नंदोत्सव के तहत नंदभवन पर तड़के ही कान्हा के जयकारे गूंजने लगे। हर कोई एक दूसरे को लाला के जन्म की बधाई देता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद धूमधाम से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें लाला की छीछी (हल्दी व दही का मिश्रण) लुटाई गई। इसे लूटने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। शहहनाई पार्टी ने नंदचौक पर जब तान छेडी तो श्रद्धालु आत्मगुग्ध होकर थिरकने को मजबूर हो गये।

### सीएम भजनलाल शर्मा के आसपास के लोग ही उन्हें ले डूबेंगे, ऐसे लोगों के भरोसे वे राजस्थान से कट जाएंगेः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल के चुनावी हलफनामे के जांच की जरूरतः बेनीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने एक बार फिर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को निशाने पर लिया है। उनके आसपास के लोग ही उन्हें ले डूबेंगे। ऐसे लोगों के भरोसे वे राजस्थान से कट जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल के चुनावी हलफनामे की जांच की जरूरत है। वे रविवार को यहां सर्किट हाउस में मीडिया से रूबरू थे। बेनीवाल ने दोहराया कि जब तक भजनलाल शर्मा के आसपास जोगाराम व्हाइट हाउस जैसे 5-7 लोग रहेंगे, तो वे उन्हें ले डूबेंगे। वोट चोरी के कथित मामले में एक सवाल के जवाब में बेनीवाल ने



कहा कि हलफनामा तो भजनलाल शर्मा के जांचने की जरूरत है। उन्होंने चुनाव में अलग-अलग हलफनामे दिए हैं। जाति के कॉलम में शर्मा लिखा है। ब्राह्मण नहीं लिखा है। हम सारे हलफनामे निकलवा रहे हैं। जाति दूसरी निकल सकती है। शर्मा कोई जाति नहीं होती है। जाति ब्राह्मण है। हम सारे शपथपत्र देख रहे हैं। ओसियां विधायक भेराराम को आरएलपी ज्वॉइन करने के ऑफर से जुड़े सवाल पर बेनीवाल ने कहा कि हमारे लोगों की तो हमेशा बेइज्जती होती रही है। विधायक भेराराम की नई बेइज्जती नहीं हुई है। जब एयरपोर्ट पर लिस्ट में उनका नाम ही नहीं था, तो उन्हें वहां नहीं जाना चाहिए था। वहां कौनसा शपथ ग्रहण होना था?

**साधा निशाना**

▢ एसओजी ने कही है कि बड़े स्तर पर घोटाला हुआ है। अब हाईकोर्ट इस पर क्या निर्णय लेता है ये देखना होगा

**धनखड़ के लिए सडकें जाम कर देंगे**

हनुमान बेनीवाल ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से इस्तीफा अगर दबाव में लिया गया है, तो हम सडकों पर उतरेंगे लेकिन इसके लिए उनको हमें यह बताना होगा कि क्या हुआ था? क्यों इस्तीफा लिया गया? अगर एक माह में बोलेंगे तो ठीक है, हम समर्थन करेंगे। लेकिन अगर छह महीने बाद अस्पताल में जाकर बोलेंगे, तो नहीं सुना जाएगा। अगर इनको डरा कर हटाया है, तो सडकों पर उतरेंगे। हालांकि उपराष्ट्रपति भी बहुत ज्यादा ठीक नही थे। वो भी ज्यादा पंचायती करते थे लेकिन इसका कारण पता लगना चाहिए। यदि डराकर हटाया गया है, तो देश का किसान उनके साथ है।

**भर्ती रद्द नहीं हुई तो राजधानी घेरेंगे**

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा पर बेनीवाल ने कहा कि हम भी कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। एसओजी ने कोर्ट में अपनी बात दोहराई है।
अगर भर्ती रद्द नहीं हुई, तो राजस्थान के एक लाख युवा इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश के युवाओं के साथ राजधानी घेरेंगे। बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक जैसी घटनाओं को भी संसद में उठाया है। बेनीवाल ने कहा कि पेपर लीक में बड़े मगरमच्छ दूर हैं, कैबिनेट मंत्री जोगाराम की पोती ने नकल की, लेकिन क्या हुआ। हाईकोर्ट के अंदर एसओजी ने बहुत बड़ी बात कही कि बड़े स्तर पर घोटाला हुआ है। अब हाईकोर्ट इस पर क्या निर्णय लेता है ये देखना होगा।

# पीएम मोदी ने थपथपाई सीएम सैनी की पीठ

**सराहना की**

**सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में युवाओं को योग्यता और पारदर्शिता से मिल रही नौकरियं: पीएम**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा में युवाओं को पूरी पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली से लगभग 11,000 करोड़ रुपये की लागत से दिल्ली और हरियाणा को जोड़ने वाले द्वारका एक्सप्रेस-वे और वएफ-2 राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक समय कांग्रेस सरकारों का था। उस समय की कांग्रेस की सरकार के दौरान हरियाणा में युवाओं के लिए बिना ह्वपर्ची और खर्चीह्व के एक सरकारी नियुक्ति तक मिलना असंभव था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में अब तक लाखों युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की लगातार कोशिश रहती है कि जनता के जीवन को सरल बनाया जाए और यह हमारी नीतियों और निर्णयों में साफ झलकता है।

**प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ही वर्तमान हरियाणा सरकार के लिए सबसे बड़ी ताकत - नायब सिंह सैनी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ही वर्तमान हरियाणा सरकार के लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि युवाओं को पारदर्शी और योग्यता आधारित अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हरियाणा इस दिशा में देशभर में एक नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से हरियाणा विकास और सुशासन के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ेगा।

## भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने दिया 20 अगस्त की जनसभा का न्यौता



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** 25 सितंबर की सम्मान दिवस महारैली का न्यौता देने के लिए इनेलो सुप्रीमो चौ. अभय सिंह चौटाला 20 अगस्त को बहादुरगढ़ में कार्यकताओं के बीच पहुंचेगे। नजफगढ़ रोड स्थित राठी फार्म हाऊस में आयोजित इस जनसभा में अधिक से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे, इसके लिए इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को न्यौता दे रहे हैं। रविवार को उन्होंने नया गांव, बालोर, सोलधा, ईस्सरहेड़ी, सिद्दीपुर, लोवा कलां आदि गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से 20 अगस्त को अभय सिंह चौटाला की जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को इनेलो संस्थापक एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर रोहतक में आयोजित होने वाली सम्मान दिवस महारैली में विशाल जनसमूह उमड़ेगा।इसके लिए इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला पूरे प्रदेश में कार्यकताओं के बीच पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में अभय सिंह चौटाला 20 अगस्त को सुबह 10 बजे नजफगढ़ रोड स्थित राठी फार्म हाऊस में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इनेलो ऐसी पार्टी है जो गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा के आत्म सम्मान के लिए संघर्ष

**न्यूज फ्लैश**

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा शाहाबाद में विधायक रामकरण काला के द्वारा गोगा मेडी पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे

**शाहाबाद 17 अगस्त (प्रदीप कुमार)**
यहां पर उनके साथ निर्मल मोहड़ा, जिला अध्यक्ष मेवा सिंह और पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विधायक रामकरण गोगापीर के भक्त हैं और यह 45 दिन से उपवास रख रहे हैं और गोगा नवमी के अवसर पर यह हर वर्ष कार्यक्रम करते हैं। इसके बाद उन्होंने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह की व्यवस्थाओं का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा राहुल गांधी पहले ही प्रेस वार्ता कर कई तथ्य उजागर कर चुके हैं, जिससे साफ हुआ है कि चुनाव आयोग अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाने में असफल रहा और भाजपा की सहायक भूमिका में आ गया है।
सांसद दिपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा का एकमात्र उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। इसके लिए वह साम, दाम, दंड, भेद और हर प्रकार के यंत्र-मंत्र-तंत्र का प्रयोग कर रही है। उन्होंने नायब सिंह सैनी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा सारी व्यवस्थाओं का इंतजाम किए बैठी है। यही कारण है कि लोग अब चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सांसद ने भिवानी के चर्चित मनीषा मर्डर केस को लेकर कहा कि यह बेहद घिनौनी वारदात है। आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि समाज में सख्त संदेश जाए। उन्होंने कहा कि भाषण बड़े-बड़े देते हैं लेकिन काम नहीं होते क्योंकि उनके ऊपर आदेश देने वाले कोई और लोग हैं जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आई थी और हुड्डा मुख्यमंत्री बने थे तब हमने प्रदेश से अपराध को खत्म कर दिया था और 10 साल प्रदेश में शांति रही।

### हमारे बुजुर्ग हमारे परिवार का आधार और मार्गदर्शन का स्रोत, उन्हें अकेलेपन का शिकार न होने दें: वीरेंद्र कुमार

चण्डीगढ़: केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संयुक्त परिवार की परंपरा रही है, जहाँ माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा करना परिवार के प्रत्येक सदस्य की सामूहिक एवं नैतिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का अपनी नई पीढ़ी के साथ जो भावनात्मक जुड़ाव होता है, वह केवल और केवल भारतीय संस्कृति में ही संभव है। केंद्रीय मंत्री आज गुरुग्राम के बहोड़ा कला स्थित ब्रह्मकुमारी के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में समाज सेवा प्रभाग एवं ब्रह्मकुमारी के दिल्ली जोन के तत्वावधान में आयोजित संगम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज समाज के लिए यह आवश्यक है कि हम बुजुर्गों से ज्ञान और अनुभव प्राप्त करें, साथ ही उन्हें अकेलेपन का शिकार न होने दें। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों को एक सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और ब्रह्मकुमारी संस्था के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) से अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे मंत्रालय की इस सार्थक पहल में सहभागी बनेंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त ह्ववरिष्ठ योजनाह्व के अंतर्गत बुजुर्गों को आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के साथ-साथ एक समर्पित हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी कठिनाइयों का निवारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरिमा के साथ जीवनयापन करना प्रत्येक मानव का अधिकार है। इसी ध्येय के साथ मंत्रालय द्वारा देश के प्रत्येक आवश्यकता वाले जिले में ओल्ड ऐज होम खोलने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## रक्तदान केवल रक्त नहीं, यह मानवता को समर्पित एक नया जीवनदान है: नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने गुरुग्राम जिला के गांव बहोड़ा कला स्थित ब्रह्मकुमारी ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित रक्तदान अभियान 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान न केवल मानव जीवन को बचाने का कार्य है, बल्कि यह एक प्रकार की राष्ट्र सेवा भी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को केवल एक दान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह मानवता को समर्पित एक नया जीवनदान है। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है, तो वह केवल रक्त नहीं दे रहा होता, बल्कि किसी के जीवन को बचाने और समाज में मानवता की ज्योति जलाने का महान कार्य कर रहा होता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने ई-रक्तकोष तैयार किया है, जिसमें रक्त से संबंधित सभी जानकारियों का एक महत्वपूर्ण डेटाबेस तैयार किया गया है। रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए ब्रह्मकुमारी संतोष दीदी ने बताया कि दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित इस सार्थक अभियान के अंतर्गत 22 से 25 अगस्त तक देशभर के विभिन्न क्षेत्रों और शिक्षण संस्थानों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## बच्चों में दिखी बाल गोपाल और राधा रानी की झलक



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों में श्रीकृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक की लीलाओं को प्रस्तुत किया। नौनिहालों ने माखन चुराते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल रूप की झांकी प्रस्तुत की। राधा व श्रीकृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे मुन्ने बच्चों ने कार्यक्रम की शोभा बधाई। उनकी मासूमियत और भावपूर्ण अभिनय ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। स्कूल के छात्रों ने दही हांडी फोड़ कर सभी को प्रभावित किया। प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने सभी बच्चों व शिक्षकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी ।

प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। भगवान श्रीकृष्ण को हम लड्डू गोपाल, कान्हा, माखन चोर, रणछोड़, श्याम, गिरिधर, बांके बिहारी, केशव, मधुसूदन, मुरलीधारी, माधव, मुरारी, मोहन आदि जैसे अन्य बहुत सारे नामों से जानते हैं। ये सारे नाम उनकी खास विलक्षण प्रतिभा के कारण उनको प्राप्त हुए हैं। श्रीकृष्ण भगवान विष्णु का अवतार हैं । भगवान श्रीकृष्ण सदा से ही लोगों के आराध्य रहे हैं। स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण का हिंडोला सजाया गया । इस मौके पर बच्चों की गीत व संगीत पर आधारित मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नौनिहाल बेहद उत्साहित नजर आये। बच्चों के हाथों में बांसुरी फब रही थी। बच्चों के सिर पर मुकुट व मोर पंख श्रीकृष्ण की झलक प्रस्तुत कर रहे थे। इस मौके पर अध्यापिका कविता, पूनम, रोजी, मेघा, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, रितिका, ज्योति, कविता नैन, कोमिला, रजनी, निशी, पिंकी, अंकिता, मोनिका दूहन, पीटीआई पारस शर्मा, अध्यापक सतीश, वेद प्रकाश गुप्ता सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए रक्त की पूर्ति रक्तदान से ही हो सकती है: जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए रक्त की पूर्ति रक्तदान से ही हो सकती है, रक्तदान महादान है, हर व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए भी रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान से मौत एवं जिंदगी के बीच झूलते व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उक्त विचार नगर निगम मेयर राजीव जैन ने रविवार को सोनीपत ब्लड बैंक, महाराणा प्रताप युवा समाज समिति, रक्षक वर्ल्ड समिति एवं आवामी खिदमत समिति द्वारा ईदगाह के मदरसे में आयोजित रक्तदान शिविर का पार्षद नीतू दहिया के साथ उद्घाटन करने के बाद व्यक्त किये। शिविर में 82 नागरिकों ने रक्तदान करके पुण्य कराया। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रशास्ति प्रमाण पत्र वितरित कर एवं बैज लगाकर उत्साहवर्धन किया। भंडारे का आयोजन झ देवड़ू गांव की हरिजन चौपाल में रविदास सभा द्वारा आयोजित भंडारे में पहुंचकर राजीव जैन ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर तथा संत रविदास के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किये।

### अवैध रूप से शराब बेचता आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने गश्त के दौरान मिली सूचना पर दबिश देकर गंगापुरी कॉलोनी की गली में अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 34 बोतल अवैध शराब बरामद हुई है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि शनिवार की शाम उनकी एक टीम गश्त के दौरान गंगापुरी रोड पर मौजूद थी। तभी टीम को सूचना मिली कि गंगापुरी कॉलोनी में एक युवक प्लास्टिक कट्टे में अवैध शराब लेकर गली में खड़ा होकर बेच रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू किया।

## ब्रह्माकुमारीज ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जन्मअष्टमी के पावन पर्व पर ब्रहकुमारीज द्वारा कंच घर अम्बाला शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि एवं कैथल से न्यायाधीश अनुपा मिश्र ने बतौर वशिष्ठ अतिथि शिरकत की। दीदी शिवानी ने मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि का यहां पहुंचने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने ब्रहकुमारीज द्वारा यहां पर जन्मअष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम किए जाने के लिए उनकी सराहना की और कहा कि पूरे भारत में पूजनीय भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता हैं। भगवान कृष्ण ने उस समय जन्म लिया, जब समाज में बुराइयां थी और विरोधाभास था। उन्होंने मानव के रूप में जन्म लिया और मानव बनकर महान व्यक्तित्व के साथ जीया जा सकता है उस बारे भी हम सभी को रास्ता दिखाया। भगवान कृष्ण की लीलाएं अपरम्पार है। उन्हें कई नामों से जाना जाता है, जैसे नंन्द लाला, गोपाल, लड्डू गोपाल व इत्यादि है। बाल रूप में उन्होंने अपने प्यार से बृज वासियों को बांधा, ब्रृज में अपनी लीलाओं से खुशियां बांटी। इसके साथ-साथ महाभारत में भी उन्होनें अर्जुन को गीता का संदेश दिया। उन द्वारा दिए गए उपदेश हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। श्रीमद्भगवद गीता मे जीवन का सार हैं। उन्होनें कहा कि इस पावन अवसर पर मुझे यहां पर आने का मौका मिला, इसके लिए मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता हूं।

**उमंग**

**भगवान कृष्ण कई नामों से जाना जाता है, जैसे नंन्द लाला, गोपाल, लड्डू गोपाल व इत्यादि है**

## कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है केयू प्रशंसा पुरस्कार: सचदेवा




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केयू गैर-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए केयू प्रशंसा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवार्ड कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की उन्नति एवं प्रगति के लिए की गई कड़ी मेहनत एवं परिश्रम के लिए प्रदान किया गया है। केयू प्रशंसा पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के अधीक्षक हरि सिंह, स्थापना शाखा के सहायक मनदीप शर्मा, कामर्स विभाग के टैक्निकल असिस्टेंट करूणेश गर्ग, यूआईईटी संस्थान के लैब अटैंडेंट हरिकेश तथा कुलपति कार्यालय के यूटेंसिल क्लीनर गोपाल सिंह शामिल हैं। गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2025 के बीच गैर-शिक्षक कर्मचारियों द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की उन्नति एवं प्रगति में किए गए सराहनीय कार्य, अमूल्य योगदान एवं नियमित उपस्थिति के मूल्यांकन के पश्चात गैर शिक्षक कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने की नीति के तहत गठित समिति की अनुशंसा पर उल्लेखनीय योगदान देने के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गैर शिक्षक कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट, पुरस्कार राशि व अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. डीएस राणा, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो नरेन्द्र सिंह, प्रो. उषा रानी, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. ओमवीर, प्रो. रीटा प्रो. कुसुम लता, प्रो. मनोज जोशी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## तोशाम सेवा केन्द्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम -(वंदना शर्मा )**
प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तोशाम सेवा केन्द्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जिसमें सेवाकेन्द्र संचालिका बी के मंजू ने श्रीकृष्ण को भोग स्वीकार कराया व आये हुए ग्रामीणों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रहस्य बताते हुए कहा श्रीकृष्ण सर्वांग सुंदर थे वे 16 कला सम्पूर्ण, सम्पूर्ण निर्विकारी थे।उनका शरीर और आत्मा दोनों सम्पूर्ण पवित्र थे। इसलिए उनके अंग अंग को मुख कमल, हस्त कमल, चरण कमल, नयन कमल कहा व पूजा जाता है। गांव जमालपुर के ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र पर भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बी के सुनीता बहन ने श्रीकृष्ण जन्म के अनेक रहस्य उजागर करते हुए श्रीकृष्ण के जीवन चरित्रों के आध्यात्मिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा श्रीकृष्ण ने देहभाव से मुक्त करके आत्म भाव में स्थित किया। लोगों ने इस बात को वस्त्र चुराना समझ लिया। क्योंकि देह भी आत्मा का वस्त्र है। विष्य विकारों वाली बुद्धि का नाश करके शुद्ध सात्विक बुद्धि प्रदान की इस बात को लोगों ने मटकी फोड़ना समझ लिया।

## विज ने 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत छावनी में किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री के एक-एक शब्द एवं वाक्य का गहरा अर्थ होता है, एक पेड़ मां के नाम का अर्थ यहीं है कि जो ममता भरा संबंध एक बच्चे का अपनी मां के साथ होता है, वहीं भावनात्मक संबंध हमारा पेड़ के साथ होना चाहिए, जिस प्रकार मां अपने बच्चे को स्नेह, प्यार एवं उसका सरंक्षण करती है, उसी प्रकार हमें पेड़ो के साथ करना है, उनका पालन-पोषण करना है और यदि कोई पेड़ो को क्षति पहुंचाने की कोशिश करता है तो उसका संरक्षण भी करना है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे बचाए रखने के भाव को मन में रखते हुए हमें कार्य करना है और आंकड़े प्रस्तुत करने है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी में हर वार्ड व गांव में जरूरत अनुसार पौधे लगाएं जाएगें। विज अम्बाला छावनी के गांधी ग्राउंड में एक पेड़ माँ के नाम जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए पेड़-पौधे महत्वपूर्ण होते है, पेड़ो से वायु है और वायु से आयु है यानि जितनी स्वस्थ वायु होगी उतनी ही आयु होगी। धरती को हरा-भरा बनाने के लिए जहां हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने हैं तो वहीं इससे ज्यादा उनका संरक्षण भी करना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल विज के साथ-साथ नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य ने गांधी ग्राउंड में कदम्ब के पौधे लगाए। कदम्ब पौधे की विशेषता है कि भगवान कृष्ण इसी कदम्ब पेड़ के नीचे बैठकर लीलाएं करते थे, बांसुरी बजाते थे, गायों के साथ समय बिताते थे। एसडीएम विनेश कुमार, डीएफओ राजेश माथुर, ईओ नगर परिषद देवेन्द्र नरवाल, नगर परिषद प्रधान स्वर्ण कौर, उप प्रधान ललिता प्रसाद के अलावा भाजपा नेता विकास बेहगल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, अजय बवेजा, राजीव गुप्ता डिंपल, किरणपाल चौहान, तरविंदर सिंह, सुभाष शर्मा, बलित नागपाल, भारत भूषण कोछड़, नरेश शर्मा, पुनीत सरपाल, मदन लाल शर्मा, विजेंद्र चौहान, आरती सहगल, रामबाबू यादव, फकीरचंद सैनी, बलविंदर सिंह, बलकेश वत्स, बिल्लू राणा, मदन लाल शर्मा, श्याम सुन्दर अरोड़ा, बलित नागपाल के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**एक पेड़ मां के नाम**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक शब्द एवं वाक्य का गहरा अर्थ होता है: अनिल विज**

# लखपति दीदी बनाने के संकल्प में योगदान दे रही स्किल फाउंडेशन: सुमन

टीम एक्शन इंडिया
लाडवा, (विजय कौशिक) : हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के संकल्प में स्किल फाउंडेशन महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख 13 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। उन्होंने आज के कार्यक्रम में पहुंची 200 महिलाओं को आह्वान किया कि स्किल फाउंडेशन द्वारा दिए गए प्रशिक्षण प्राप्त का सही उपयोग करते हुए आत्मनिर्भर बनें और लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी रविवार को स्किल फाउंडेशन की ओर से लाडवा में आयोजित गौरवमयी महिला उत्थान कार्य सिद्धि समारोह में बोल रही थी। इससे पहले सुमन सैनी ने महिलाओं के द्वारा तैयार कपड़ों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवित रूप से शुभारंभ किया। स्किल फाउंडेशन की चेयरपर्सन ममता गुलिया ने पुष्पगुच्छ व शॉल से हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिलाओं व



युवतियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। लाडवा विधानसभा के मंडल पिपली, बाबैन, गुढा और लाडवा में स्किल फाउंडेशन के सिलाई सेंटर में 2 महीने का प्रशिक्षण पूरा करने वाली 200 महिलाओं व युवतियों को हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष ने एक- एक सिलाई मशीन, सभी को 2-2 हजार रुपए के चैक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि आज हम यहां उस महान प्रयास के साक्षी बन रहे हैं, जिसमें हमारे समाज की मातृशक्ति आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने स्किल फाउंडेशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि फाउंडेशन ने महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर इनके जीवन को रोजगार के नए अवसरों से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की प्रगति तभी संभव है जब हमारी माताएं, बहनें और बेटियां आत्मनिर्भर होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति' का मंत्र दिया है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए आज हरियाणा सरकार महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का मार्ग भी दे रही है। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं की आजीविका बढ़ाने के लिए एक तिहाई राशन डिपो महिलाओं को देने का प्रावधान किया है। अटल किसान मजदूर कैंटीन व वीटा बिक्री केंद्रों का संचालन भी महिलाओं को सौंपा गया है। ड्रोन दीदी योजना में 100 महिलाओं को मुफ्त ड्रोन व प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रदेश में 131 महिला सांस्कृतिक केंद्र खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं को हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### तोशाम के मन्दिरों में धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**तोशाम:** तोशाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम के दौरान एक तरफ जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व झांकियों का मंचन किया गया, वहीं दूसरी तरफ भजन संध्या व कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया गया। इस अवसर पर बाबा मुगीप धाम के पुजारी मुकेश शर्मा व अन्य श्रद्धालुओं ने कहा की तोशाम के मंदिरों में हर वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया जाता है उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम के तहत पूरे मंदिर परिसर को भव्य एवं आकर्षक लाईटों के अलावा विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से सजाया गया है। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण कृष्ण की जीवनलीलाओं को दर्शाती विभिन्न झांकियों का सुंदर एवं मनमोहक चित्रण के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है उन्होंने कहा कि इस दौरान कलाकारों द्वारा नृत्य एवं भजन का आयोजन रात्रि 12 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर वृंदावन जैसा दृश्य सभी मंदिरों में देखने को मिला रहा है बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में श्री कृष्ण की मनमोहक झांकियों के दर्शन कर रहे हैं हम भी आज सभी मंदिरों में दर्शन करने आए हुए हैं श्री कृष्ण भगवान से प्रार्थना करते हैं उनका आशीर्वाद क्षेत्र के सभी लोगों पर बना रहे।

### बराड़ा में स्वामी ब्रह्मानंद जी की याद में कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
अम्बाला/बराड़ा: बराड़ा के संत द्वारा हरी मंदिर में आज स्वामी ब्रह्मानंद जी की याद में 45 वां वार्षिक व भंडारा



संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर कमेटी के प्रधान दीपू मकड़ ने बताया आज इस अवसर पर सत्संग और भजन कीर्तन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष हरि मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है उन्होंने बताया कि आज रामायण के पाठ के भोग के उपरांत हवन यज्ञ हुआ जिसमें भारीसंख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर के पंडित श्री कृष्ण उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आए संतों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान दीपू मकड़, पार्थ मकड़ ,पार्षद अमित मकड़, भारत भूषण , सजीव ठाकुर ,महेंद्र कुमार जितेंद्र मकड़, तिलक राज कालड़ा, सुरेश मकड़ , नरेश पाहवा सोनिया पाहवा शिवानी मकड़ ,राहुल कालड़ा , मनोज सभरवाल ,पिंकल कालड़ा दिनेश सुरेश कालड़ा , सतनाम तनेजा ,वीनू मकड़ ,किरण ,मंजू बाला ,प्रियंका कालड़ा , शीतल कालड़ा मौजूद थे।

### जश्न-ए-आजादी की शानदार महफिल

पानीपत , ( कमाल हुसैन ) जामिअतुर रशीद इस्लामिक स्कूल पानीपत में यौमे-आजादी का जश्न बड़े जोशो- खरोश के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि हाजी नौशाद



राना और खुर्शीद ने शिरकत फरमाकर बच्चों का हौसला अफजाई की और उन्हें इनाम से नवाजा। कार्यक्रम की शानदार कामयाबी में वकील सिद्दीकी और भाई मोहम्मद आदिल का भी अहम किरदार रहा, जिनकी मेहनत और कोशिशें काबिले-तारीफ हैं। जामिअतुर रशीद इस्लामिक स्कूल के नाज़िम-ए-मुहतमें मोहम्मद इरशाद रशीद ने अपने खिताब में कहा कि रजिस तरह हिंदू और मुसलमानों ने मिलकर आजादी की जंग लड़ी थी, उसी तरह हमें नफरत के खिलाफ भी मिलकर लड़ना होगा। क्योंकि मुल्क नफरत से नहीं बल्कि मोहब्बत से चलता है।

# डी.ए.वी. में वेद सप्ताह के अंतर्गत मनाया श्रावणी पर्व



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
अम्बाला: डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में आर्य प्रादेशिक सभा हरियाणा के निर्देशन में श्रावणी पर्व बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा राखी निर्माण प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें कक्षा 4 से 6 तक के विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता से ओतप्रोत राखियां तैयार कीं। वहीं कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर वीर सैनिकों और भाइयों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। विद्यालय परिवार ने शिक्षकों, प्राचार्य और स्टाफ को रक्षा सूत्र बांधते हुए शिक्षा और राष्ट्र की प्रगति का संकल्प लिया। 11 से 14 अगस्त तक आयोजित चतुर्वेद शतक पारायण यज्ञ में वेदों के 400 मंत्रों की आहुति दी गई। पंडित मनोज शास्त्री ने श्रावणी मास का महत्व स्पष्ट किया, वहीं आचार्य नवीन शास्त्री ने आर्यावभिनय पर आधारित संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को वेदों की प्रासंगिकता समझाई। भजन संध्या में संगीत शिक्षकों

**भावविभोर**

श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित रश्मिरथी की ओजस्वी पंक्तियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया

और विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित भजन, नृत्य और रश्मिरथी की ओजस्वी पंक्तियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनके बाल लीलाओं से लेकर योगेश्वर कृष्ण तक की यात्रा का प्रस्तुतीकरण हृदय को आनंदित करने वाला रहा। श्रावणी पर्व का समापन वृक्षारोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय डॉ राधा रमन सूरी ने कहा, श्रावणी पर्व हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक है, जो विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और पर्यावरण चेतना जगाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन गौरी वन्दना एवं राधिका सीकरी ने किया।

# गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस की तैयारियों को लेकर इंद्री में सिख संगत की बैठक सम्पन्न

टीम एक्शन इंडिया
इंद्री 17 अगस्त (मैनपाल कश्यप)
हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य भूपिंद्र सिंह लाडी की अध्यक्षता में शुक्रवार को इंद्री की अनाज मंडी स्थित समाजसेवी चरणजीत सिंह ढूंगरा की दुकान पर सिख संगत की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोगों ने भाग लिया। भूपिंद्र लाडी ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आगामी 30 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर एक विशाल राज्यस्तरीय धार्मिक समागम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर उन्होंने इंद्री हलके के कई गांवों का दौरा किया और संगतों से विचार-विमर्श किया। भूपिंद्र लाडी



ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि सिख धर्म और उसके सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर सेवा का भाव है। उन्होंने कहा कि हर सिख को चाहिए कि वह नित्य सेवा व नाम सिमरन के माध्यम से गुरु साहिबान के मार्ग पर चले। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने सम्पूर्ण मानवता, सत्य और धर्म की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह इतिहास में अमर है। उन्होंने कहा की 25 अगस्त को गुढ़ा स्थित गुरुद्वारा साहिब में इंद्री हलके की संगत की बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक की जाएगी, जिसमें लोगों से सुझाव लिए जाएंगे। जिसमें संगतों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। भूपिंद्र लाडी ने यह भी बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सेवा कार्यों का विस्तार भी करेगी। शाहाबाद में स्थित मीरी-पीरी संस्थान को शीघ्र सुचारु रूप से शुरू किया जाएगा। साथ ही, जिला स्तर पर ऐतिहासिक गुरुद्वारों में आधुनिक लैबोरेट्री स्थापित की जाएंगी, ताकि आम लोगों को किफायती दरों पर स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि चरणजीत सिंह ढूंगरा, लखविंदर सिंह रमाना, वरिंदर सिंह, नछत्तर सिंह, बलविंदर सिंह (सरपंच, गुमटो), बलवंत सिंह गुराया, बलकार सिंह, अंग्रेज सिंह बाबा, बलविंदर सिंह नंबरदार, कुलदीप सिंह, दलजीत सिंह, रिशपाल सिंह और मेजर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**विशेष बैठक**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सेवा कार्यों का विस्तार भी करेगी

### करंट लगने से टेंट व्यवसायी की मौत

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी केधारूहेड़ा की गोयल कॉलोनी में राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी की सजावट के दौरान 55 वर्षीय टेंट व्यवसायी हरकेश की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सौंप दिया। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिवार को मुआवजा देने और बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# इंद्री अनाज मंडी में गंदगी का अंबार, किसानों में रोष

टीम एक्शन इंडिया
इंद्री, 17 अगस्त (मैनपाल कश्यप): इंद्री की अनाज मंडी इस समय गंदगी और अव्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। मंडी परिसर में चारों ओर फैला कूड़ा-कर्कट, पॉलीथीन व प्लास्टिक का अंबार, न केवल दुर्गंध फैला रहा है, बल्कि किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। इन दिनों मंडी में 1509 धान की आवक जोरों पर है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। न तो पीने के पानी की व्यवस्था है, न बैठने की जगह और न ही सफाई के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। मंडी में कई स्थानों पर कीड़े-



मकोड़े घूमते देखे जा सकते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। प्रशासन को दी कई बार शिकायत, फिर भी हालात जस के तस स्थानीय किसान सतीश कुमार, मनोज कुमार, धर्मपाल और राजबीर ने बताया की मंडी की बदहाली पर गहरी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि मंडी में गेट नंबर-1 से मंडी में जाते ही खाली पड़ी जगह में इतना कूड़ा जमा है कि वहां मच्छर-मक्खियों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। कई बार मंडी प्रशासन को सफाई की शिकायतें दी गईं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में सफाई का ठेका जिस व्यक्ति को दिया गया है, उसने कभी भी सफाई करने की जहमत तक नहीं उठाई।

# सनातन मंच सेवा सभा को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
अम्बाला: 2025 आई कैन फाउंडेशन, इंडिया की ओर से हरियाणा, अम्बाला के सनातन मंच सेवा सभा को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मानवीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के लिए देशभर के चयनित किया गया है। इस वर्ष पुरस्कार के लिए चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धी रही, जिसमें पूरे देश से हजारों नामांकन प्राप्त हुए। चयनित व्यक्तियों का मूल्यांकन उनके मानवीय कार्यों, सामाजिक योगदान और मानवता के प्रति समर्पण के आधार पर किया गया। पुरस्कार की विशिष्टता और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राज्य से केवल 5 व्यक्ति और 1 एनजीओ को ही इस सम्मान के लिए चुना गया है। एचईए आयोजन




समिति ने चयनित व्यक्तियों को 15 अगस्त 2025 को रेडिसन ब्लू, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। यह समारोह 79वाँ स्वतंत्रता दिवस और विश्व मानवीय दिवस के अवसर पर मनाया जाएगा। ड्रेस थीम के रूप में पुरुषों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा और महिलाओं के लिए तिरंगे वाला सूट / साड़ी का सुझाव दिया गया है, ताकि समारोह में राष्ट्रभक्ति की भावना झलके अतिरिक्त मेहमानों के लिए आतिथ्य शुल्क लागू होगा।

आई कैन फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गौतम ने कहा, हमारे देश के मानवतावादी और समाजसेवी साथियों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व का विषय है। इस पुरस्कार से हमें उम्मीद है कि और अधिक लोग समाज सेवा के लिए प्रेरित होंगे।

# श्रीकृष्ण संग्रहालय भारतीय संस्कृति और पुरातन धरोहर का जीवंत केन्द्र: प्रो. अरुण

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
कुरुक्षेत्र : विगत कई वर्षों से श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पारम्परिक हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाता रहा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी संग्रहालय में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए रंगोली/अल्पना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय कृष्ण जन्माष्टमी के प्रतीक रखा गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के माननीय सदस्य आर.एस. पठानिया, पूर्व व्याख्याता तथा डॉ. जया दरोड़े, सह-प्राध्यापक, ललित कला विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विश्वास पब्लिक स्कूल, शाहाबाद की परलीन कौर, नवसीन और आयुषी ने प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानेसर की अंजली, तृप्ति और सरिता को मिला तथा तृतीय पुरस्कार एस.डी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुन्दरपुर की सुनाक्षी, मन्नत और रिया को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रो. अरुण केसरीवानी, पूर्व अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य यजमान के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में कृष्ण पूजन सम्पन्न हुआ तथा प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि वह भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को व्यवहार में लाएँगे तो उनका जीवन अनुशासित, सार्थक और समाजोपयोगी बनेगा।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राक्ष 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेशाम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# सांसद राव इंद्रजीत सिंह के अलावा प्रधान सचिव से मुलाकात के बाद मेवात संयुक्त संघर्ष समिति उत्साहित

**संघर्ष समिति**

- वात संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े हुए पदाधिकारी शनिवार को काफी खुश नजर आए।



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा के नूंह जिले में तेजी से बढ़ रहे बूचड़खानों के खिलाफ लड़ाई लड़ रही मेवात संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े हुए पदाधिकारी शनिवार को काफी खुश नजर आए। केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह के अलावा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव आर के खुल्लर से मुलाकात के बाद उनके चेहरे खिले हुए नजर आए। क्षेत्रीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह एवं प्रधान सचिव आर के खुल्लर ने समिति के सदस्यों को भरोसा दिलाया है कि जो 8 बूचड़खाने चल रहे हैं। उन्हें नियम व कानून के हिसाब से ही चलने दिया जाएगा और कोई नई एनओसी नूंह जिले में बूचड़खानों को लेकर जारी नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा एवं प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को भी फोन कर बूचड़खानों से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मेवात संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस नूंह में कहा कि जल्दी ही इस बारे में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी मुलाकात की जाएगी। इतना ही नहीं जरूरत पड़ी तो पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तथा देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया जाएगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दो टूक कहा कि जब से बूचड़खाने आए हैं, यहां की हवा, पानी, वातावरण पूरी तरह से दूषित हो चुके हैं। लगातार बीमारियां बढ़ रही हैं। टीबी तथा कैंसर के मरीज तेजी से बढे हैं। बहुत सारे लोगों की जान जा चुकी है और बहुत सारे लोग कैंसर, टीबी जैसी बीमारी से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों का बूचड़खानों के आसपास आतंक है। जब उनको मांस के टुकड़े नहीं मिलते तब वह इंसानों पर हमला कर देते हैं और कुत्तों के आतंक की वजह से गांधी ग्राम घासेड़ा में एक महिला की जान जा चुकी है तथा जलालपुर सहित कई गांव में कुत्तों के झुंड ने एक दिन में आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हमला कर उन्हें अस्पताल पहुंचाने का काम किया है। सबसे खास बात यह है कि जिस इलाके में बूचड़खाने फिलहाल चल रहे हैं। उनसे करीब 5 - 6 किलोमीटर दूर तक बदबू आती है। जिसकी वजह से कई प्रकार की मक्खियां पैदा हो गई हैं और वह जब खाने की वस्तुओं पर बैठती हैं तो उससे लगातार बीमारियां फैल रही हैं। फजरूद्दीन बेसर साकरस ने तो यहां तक कहा कि स्वास्थ्य विभाग भी मानता है कि टीबी के मरीजों में पिछले कुछ दिनों से बड़ी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। अगर समय रहते इन बूचड़खानों को बंद नहीं किया गया या नियम व शर्तों के हिसाब से नहीं चलाया गया तो नूंह जिले में रहना भी दूभर हो जाएगा। पिछले करीब 1 महीने से भी अधिक समय से अब तक मेवात संयुक्त संघर्ष समिति दर्जन पर लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसदों से बूचड़खानों के खिलाफ लोकसभा,राज्यसभा, विधानसभा में आवाज उठाने के लिए मिल चुकी है। सबसे खास बात यह है की अब तक सांसद इकरा हसन, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद चंद्रशेखर रावण, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, सांसद संजय सिंह, सांसद इमरान मसूद सहित बहुत से सांसदों से बूचड़खानों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए मुलाकात कर आग्रह किया जा चुका है। सभी ने भरोसा दिलाया है कि विधानसभा, राज्यसभा तथा लोकसभा में बूचड़खानों के खिलाफ मजबूती से आवाज बुलंद की जाएगी। इसके अलावा इलाके के तीन - चार विधायकों ने आगामी 31 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाने का भरोसा दिलाया है।

# मनीषा मर्डर केस को सरकार ने गंभीरता से लिया: हरविंद्र कल्याण

**भरोसा दिलाया**

- इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था को हर तरह का सहयोग देने का भरोसा दिलाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने भिवानी के मनीषा मर्डर मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सरकार ने इस केस को गंभीरता से लिया है और कार्रवाई भी की जा रही है। हालांकि किसी केस के फाइनल तक पहुंचने में थोड़ा समय लगता है। वहीं वोट चोरी के मुद्दे को लेकर राहुल गांधी द्वारा बिहार में यात्रा शुरू करने पर उन्होंने कहा कि यह राहुल गांधी की अपनी योजना है।

विधानसभा अध्यक्ष रविवार को क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन हरियाणा के आठवें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह संस्था राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिहीनों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। दृष्टिहीनों के लिए व्यवस्थाएं अलग तरह से होती हैं और यह संस्थाएं उन्हें पूरा करने का बड़ा कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में करनाल में भी दृष्टिहीन क्रिकेट खेल का आयोजन होगा और उससे जुड़े विषय राज्य सरकार के समक्ष रखे जाएंगे।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को दो बड़े प्रोजेक्ट देने जा रहे हैं। यह प्रदेश के लिए खुशी की बात है। इन परियोजनाओं से हरियाणा के उन क्षेत्रों को लाभ मिलेगा, जहां से टनल शुरू होगी। कनेक्टिविटी बेहतर होगी और जिस क्षेत्र में कनेक्टिविटी मजबूत होती है वहां विकास की गति भी तेज हो जाती है।एक सवाल के जवाब में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ रही है। हर विषय को गंभीरता से लिया जाता है और जैसे-जैसे कदम आगे बढ़ते हैं, बेहतरी दिखाई देती है। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन हरियाणा के अध्यक्ष अजीत सिंह पटवा ने कहा कि संस्था ने 8 वर्षों में लगातार मैच खेले हैं और बच्चों को तैयार किया है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था को हर तरह का सहयोग देने का भरोसा दिलाया

ताकि दृष्टिहीन बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाया जा सके।

# राज्य स्तरीय स्मृति दिवस समारोह में भाग लेने के लिए जत्था रवाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 अगस्त (कुलदीप सैनी) :** स्वामी भीष्म पांचाल महाराज के स्मृति दिवस के अवसर पर नई अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए रादौर से समाज के लोगों का जत्था रवाना हुआ। जिसका नेतृत्व श्री विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला समिति कपालमोचन-व्यासपुर के प्रधान अजब सिंह पांचाल ने किया। अजब सिंह ने बताया कि श्रद्धेय स्वामी भीष्म पांचाल महाराज के स्मृति दिवस पर नई अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वामी भीष्म पांचाल महाराज स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों के अनन्य सहयोगी, पांचाल समाज के अमर गौरव, राष्ट्र संत व आर्य समाज के महान भजनों उपदेश कवि व लेखक थे। उन्होंने वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक इत्यादि के साथ मिलकर ब्रिटिश सरकार को उखाड़ फेंकने की योजनाएं तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह कार्यक्रम समाज के लिए दशा व दिशा निर्धारित करने वाला साबित होगा। इस अवसर पर राकेश पांचाल, गणेश, ओमपाल, नरेंद्र, नंदकिशोर, प्रदीप, संदीप, रामकुमार, रमेश पहल, रविदत्त, डिंपल, सुमित, राकेश, सनी, नरेश, गुरुचरण, दर्शनलाल, बलवंत, राजेश, रविंद्र, गगन, सुरेंद्र, अर्जुन, अनिल, राजपाल, जगदीश, ओमप्रकाश, कृष्ण, प्रेमचंद आदि मौजूद रहे।

# नूंह के रिठट गांव से दो नाबालिग लड़के लापता

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** पिनगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रिठट गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के दो नाबालिग लड़के पिछले करीब 5-6 दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए। बच्चों की लगातार तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस की मदद ली।

पीड़ित पिता मुबारिक पुत्र हमीदा निवासी ग्राम रिठट ने थाना पिनगवां में दी गई शिकायत में बताया कि उनका बेटा सोहेल खान (उम्र करीब 13 वर्ष) और मोहम्मद सफी (उम्र करीब 14 वर्ष) 5/6 दिन पहले घर से निकले थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवार ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों में बच्चों को ढूंढना शुरू किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

उन्होंने बच्चों का हुलिया बताते हुए कहा कि दोनों बच्चों के पैरों में हवाई चप्पल है।

# मुख्याध्यापक रोहित अरोड़ा उपमंडल स्तर पर सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 अगस्त (कुलदीप सैनी) :** राजकीय उच्च विद्यालय मंधार के मुख्याध्यापक रोहित अरोड़ा को 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तर पर एसडीएम नरेंद्र कुमार द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोहित अरोड़ा ने बताया कि मुख्याध्यापक पद पर कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं, जिनमें सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर और इंटरनेट की सुविधा प्रमुख हैं। खेलों के क्षेत्र में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक व जिला स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। सम्मान समारोह के दौरान शारीरिक शिक्षा संघ के जिला प्रधान डॉ. सुखविंदर पंजेटा, तेजपाल, पूर्ण सिंह और नवनीत कांबोज सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### शिव मंदिर का दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 अगस्त (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव हुडियां में स्थित शिव मंदिर का दानपात्र तोड़कर चोरों ने वहां से हजारों की नगदी चुरा ली। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव के सरपंच सन्नी ने बताया कि उनके गांव के शिव मंदिर में रखे दानपात्र का अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर उसमें से करीब 10 से 12 हजार रुपए की नकदी चुरा ली। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया।

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में वंश काम्बोज ने हासिल किया सातवां स्थान



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 अगस्त (कुलदीप सैनी) :** जींद के पांडू पिंडारा में आयोजित हुई दो दिवसीय 15वीं राज्य स्तरीय ओपन जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गांव रतनगढ़ माजरा निवासी खिलाड़ी वंश काम्बोज ने प्रदेश स्तर पर 7वां स्थान हासिल कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वंश की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा और कोच अमित चौहान ने उन्हें बधाई दी। वंश ने बताया कि वह पिछले चार वर्षों से रादौर खेल स्टेडियम में कोच अमित चौहान के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहा है। वंश ने कहा कि कोच के प्रयासों से रादौर खेल स्टेडियम से अब तक कई खिलाड़ी जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना नाम कमा चुके हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने कहा कि रादौर के खेल स्टेडियम को जल्द ही आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा, ताकि क्षेत्रीय खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वहीं कोच अमित चौहान ने बताया कि वे लगातार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और स्टेडियम से जुड़े कई खिलाड़ी आज प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

### पार्लर व दुकान में चोरी, दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे चोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कस्बा निसिंग में शनिवार की आधी रात को चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। यहां पर चोरों ने कपड़े की दुकान और उसके ऊपर बने पार्लर से नकद व महंगा सामान चोरी कर लिया। सुबह जब दुकानदार पहुंचा तो गल्ले का ताला टूटा मिला। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोंदर निवासी दुकानदार नरेश कुमार ने बताया कि उसकी कपड़े की दुकान छाबड़ा क्लाथ हाउस मेन रोड निसिंग पर है। 16 अगस्त की रात वह दुकान बंद कर घर गया था। सुबह 17 अगस्त को दुकान खोली तो गल्ले का ताला खुला मिला। जांच करने पर पाया कि गल्ले से 1500 रुपए नकद व अन्य कीमती कपड़े गायब मिले। इसके बाद जब ऊपर बने पार्लर की जांच की गई, जिसे उसकी भाभी पूजा रानी (छोटे भाई की पत्नी) चलाती है, तो वहां से 70 हजार रुपए नकद और करीब 30 हजार रुपए का कॉस्मेटिक सामान चोरी पाया गया।

नरेश कुमार ने बताया कि चोर दूसरी दुकान से चढकर ऊपर पहुंचे और दरवाजा तोडकर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने गल्लों को निशाना बनाया और नकदी व सामान लेकर फरार हो गए।

इस मामले में थाना निसिंग पुलिस ने नरेश कुमार की लिखित शिकायत के आधार पर कार्रवाई की है।

एसआई गुरबचन ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और चोरी का मामला दर्ज किया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जाएगा, ताकि चोरों का कुछ सुराग लग सके।

# जन्माष्टमी उत्सव में अपनी सेवाएं देने वाले सेवादार सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 अगस्त (कुलदीप सैनी) :** श्री नागेश्वर धाम दंडी स्वामी आश्रम पक्का घाट पर जन्माष्टमी उत्सव में अपनी सेवाएं देने वाले जितेंद्र शर्मा व अन्य सहयोगी युवाओं की टीम के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य धनंजय स्वरूप ब्रह्मचारी ने झांकियां तैयार करने वाले जितेंद्र शर्मा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। जबकि बालकिशन रोहिला, सचिन राणा गड्डी व देशराज प्रजापत ने युवा टीम के सदस्य शुभम प्रजापति, शिवकुमार, नीतीश कश्यप, अकुंश सैनी, अमन सैनी, चेतन सैनी, मक्खन, साहिल सैनी, अमित, पीयूष, रजत, अभिषेक, गुलशन व शुभम को भगवान श्रीकृष्ण का चित्र देकर सम्मानित किया। धनजंय स्वरूप ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है। उनके जीवन से हमें सदमार्ग व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

# सेक्टर-33 में सोसाइटी के लोगों ने किया प्रदर्शन

**आरोप**

- दीवार तोड़कर रास्ता बनाने का विरोध
- बोले-प्राइवेसी और सुरक्षा पर संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-33 स्थित गेटिड एवेन्यू सोसाइटी के बाशिंदे रविवार को सड़कों पर उतर आए। उनका आरोप है कि एक बिल्डर उनकी सोसाइटी की दीवार तोड़कर आम रास्ता बनाना चाहता है। लोगों का कहना है कि यह सोसाइटी पूरी तरह प्राइवेट है और इसकी सुरक्षा व देखभाल का जिम्मा वे खुद उठाते हैं। अवैध तरीके से दीवार तोडकर रास्ता बनाने की कोशिश की जा रही है, जिससे उनकी प्राइवेसी और सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है।



सोसाइटी के लोगों सहदेव, निर्मला, अंजू, सोनिया व बाला देवी ने बताया कि गेटिड एवेन्यू सोसाइटी की दीवार पहले से ही बनी हुई है और यह सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी है। लेकिन अब एक बिल्डर पीछे कालोनी काट रहा है और इस दीवार को तोडकर रास्ता बनाना चाहता है।

लोगों का कहना है कि अगर यह दीवार टूट गई तो सीधे फूसगढ़ रोड से रास्ता खुल जाएगा और ट्रैफिक भी यहां से आने लगेगा। इससे सोसाइटी का पूरा वातावरण प्रभावित होगा और असामाजिक तत्वों के घुसने का भी खतरा बढ़ जाएगा।

लोगों ने आशंका जताई कि पीछे की कालोनी में नशेड़ी अक्सर पड़े रहते हैं। अगर दीवार तोड़ी गई तो उनके लिए सोसाइटी में घुसना आसान हो जाएगा। इससे न सिर्फ प्राइवेसी खत्म होगी, बल्कि सुरक्षा भी पूरी तरह से दांव पर लग जाएगी। लोगों का कहना है कि आज दीवार तोड़ी जाएगी, कल को घरों से भी रास्ता निकालने की नौबत आ सकती है।

सोसाइटी के सेक्रेटरी कीर्ति कुमार शर्मा ने बताया कि इस मामले को लेकर वे अधिकारियों से कई बार मिल चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने साफ कहा कि सोसाइटी के लोग सिर्फ यही चाहते हैं कि उनकी दीवार न तोड़ी जाए, क्योंकि दीवार टूटते ही उनकी प्राइवेसी और सुरक्षा दोनों पर खतरा मंडराने लगेगा।

यहां के रहने वाले लोगों ने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। लोगों ने कहा कि बिल्डर के दबाव में अगर सोसाइटी की दीवार तोड़ी गई तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। सोसाइटी पूरी तरह से प्राइवेट है और यहां की सुरक्षा पर किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# हरियाणा की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सरकार कर रही प्रयास: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सभी प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा गौशालाओं की चारा अनुदान राशि के अलावा हर संभव मदद की जा रही है। जबकि वर्ष 2014 में प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से पूर्व पहले की सरकारों ने गौशालाओं की कोई मदद नहीं की। लेकिन गौशालाओं को भी गायों की नस्ल सुधार कर-के, गौ मूत्र से आयुर्वेदिक प्रोडक्टस बनाकर व गोबर से जैविक खाद आदि बनाकर अपनी आमदनी के साधन बढाने चाहिये ताकि गौशाला प्रबंधन समितियों को गौशालाओं को चलाने के लिये किसी से आर्थिक मदद मांगने की



जरूरत ना पडे। हालांकि गौशालाओं की आय बढाने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा पूरी मदद की जाएगी। मंत्री महीपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि रविवार को चौटाला रोड स्थित कर्मयोगी श्री कृष्ण गौशाला सिवाह में आयोजित चारा अनुदान राशि चैक वितरण समारोह में पानीपत ग्रामीण हलके की गौशाला के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिवाह गौशाला के प्रधान एवं गौशाला महासंघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र कादियान ने की। जबकि सिवाह गौशाला के संरक्षक आर्य रणदीप कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान मंत्री महीपाल ढांडा ने पानीपत ग्रार्मीण हलके की गौशालाओं के प्रतिनिधियों को 27 लाख 42 हजार रुपए के चैक वितरीत किये। जिसमें सिवाह गौशाला, बडौली गौशाला व राजाखेडी गौशाला शामिल है। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री महीपाल ढांडा का सिवाह गौशाला के संरक्षक एवं सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान आर्य रणदीप कादियान, गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान सहित सभी पदाधिकारियों, विभिन्न गौशालाओं के प्रधानों व गौभक्तों ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

गौशाला के संरक्षक आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि गौशालाओं के प्रतिनिधियों के लिये कुरूक्षेत्र गुरूकुल गौशाला में गायों के गौमूत्र से अनेकों प्रोडक्टस बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है और वहां पर रहना व खाना भी फ्री होता है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिये भी गुरूकुल में प्रशिक्षण दिया जाता है। जो भी गौशाला का प्रतिनिधि प्रशिक्षण लेने का इच्छुक है तो वह हमारे से संपर्क कर सकता है। कार्यक्रम के समापन पर सिवाह गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान से सभी का आभार जताया। इस अवसर पर सिवाह गौशाला के उपप्रधान मनोज गोयत, सचिव राजबीर कादियान, कैशियर प्रवीन शर्मा, सह सचिव सोमदत शर्मा, गौभक्त संदीप कादियान, रामसिंह फौजी, आर्य कालेज के प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता, समाजसेवी रणधीर पावटी, बडौली गौशाला कार्यकारी प्रधान रविंद्र मिट्टान, अवतार शास्त्री बडौली, डा. सुखबीर मलिक, राजकुमार राजु ठेकेदार, बिजेंद्र आर्य, आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओमदत आर्य, रघबीर फौजी, रतनलाल शर्मा व आयुष धौंचक सहित सहित भारी संख्या में गौभक्त मौजूद रहे।

# चिकन कॉर्नर संचालक पर जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के काछवा रोड स्थित सिंगापुरी चिकन कॉर्नर पर बीती देर रात 11 बजे बाइक सवार हमलावरों ने ढाबे पर हमला कर दिया। करीब 7-8 युवकों ने मौके पर पहुंचते ही मारपीट और तोडफोड़ शुरू कर दी। इस हमले में ढाबा संचालक विक्की सिंगापुरिया गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपी उसकी सोने की चेन और बाली लूटकर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

विक्की सिंगापुरिया ने बताया कि बाइक सवार हमलावरों ने पहले उसके ढाबे के वर्करों से छेडखानी



की। जब वह खुद बाहर आया तो हमलावरों ने अचानक उस पर हमला कर दिया और गाड़ी में तोडफोड़ कर दी। हमले के बाद सोने की चैन और बाली भी लूट ली गई। विक्की ने बताया कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में गामड़ी निवासी राजू और आरके पुरम निवासी प्रदीप साफ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि हमले की वजह सामने नहीं आई है।

मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि बाइक सवार हमलावरों ने आते ही गाड़ी को निशाना बनाया और ढाबे पर तोडफोड़ कर दी। इसके बाद उन्होंने विक्की पर जानलेवा हमला किया। उन्होंने बताया कि पूरा घटनाक्रम अचानक हुआ, जिससे सभी लोग डर गए।

हमले के बाद घायल विक्की को तुरंत करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजनों ने उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# संपादकीय

## मजबूत भारत, बुलंद इरादे

**लालकिले की** प्राचीर से लगातार 12वीं बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वाधीनता दिवस का इस बार का संबोधन कुछ अलग और कई संकेतों से भरा था। उनका 103 मिनट का भाषण न केवल अब तक का सबसे बड़ा बल्कि सख्त और साफ इरादों को दशार्ने वाला था। यह कूटनीति लिहाज से भी गहरे मायनों से भरा था। जहां एक ओर शुरूआत में ही अनुच्छेद 370 को हटाकर, एक देश एक संविधान की बात कही। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सेना को खुली छूट देने का सच भी सामने रखा। दरअसल, प्रधानमंत्री का यह संबोधन कई मायनों में बेहद अलग, सख्त और दुनिया के लिए कूटनीतिक बयानों जैसा था। साथ ही साथ देश में भी घट रही अस्वीकार्य घटनाओं से निपटने की चेतावनी भी। इसके अलावा देश की तरक्की, युवाओं को प्रोत्साहन, उपब्धियों और दुनिया के महत्वपूर्ण मिशन में भारतीय योगदान पर भी केन्द्रित था। प्रधानमंत्री ने शायद ही ऐसा कोई विषय छोड़ा हो जो जरूरी न हो। इतना ही नहीं इशारों ही इशारों में जहां अमेरिका और चीन को उसकी हैसियत बताई वहीं खुलेआम पाकिस्तान को भी लताड़ लगाई। पहले जानते हैं कि उन्होंने क्या-क्या कहा। पहलगाम हमले पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उनके आतंकी हेडक्वार्टर्स को मिट्टी में मिलाने का जिक्र कर पाकिस्तान की नींद गायब होने की भी बात कही। लंबे समय से चल रहे न्यूक्लियर ब्लैकमेल को नहीं सहने और सेना की शर्तों पर मुंह तोड़ जवाब देने की बात भी कही। पुराने सिंधु जल समझौते को अन्याय पूर्ण बताया और कहा कि भारत की नदियां दुश्मनों के खेत सींचे और देश के किसान की धरती प्यासी रहे? सिंधु समझौते के उस स्वरूप को आगे नहीं सहा जाएगा। 21वीं सदी टेक्नोलॉजी ड्रिवन सेंचुरी है। 50-60 साल पहले सेमीकंडक्टर पर विचार हुआ लेकिन फाइलें वहीं अटक गईं। सेमीकंडक्टर के विचार की भ्रूण हत्या हो गई। बाद में कई देश सेमीकंडक्टर में महारत हासिल कर दुनिया को अपनी ताकत को दिखा रहे हैं। मिशन मोड में इस काम को आगे बढ़ाने तथा 6 अलग-अलग सेमीकंडक्टर यूनिट्स लगाने जिसमें चार की स्वीकृति की जानकारी दी। वर्ष के अंत तक मेड इन इंडिया यानी भारत की बनी हुई चिप्स बाजार में होना बड़ी उपलब्धि होगी। प्रधानमंत्री ने अन्य कई योजनाओं, उपलब्धियों की भी चर्चा की। 11 वर्षों में सोलर एनर्जी का उपयोग 30 गुना बढ़ना। नए-नए डैम बना जल शक्ति का विस्तार कर क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ना। 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर तेजी से काम करना। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना ताकि देश की आजादी के 100 साल पर हमारी परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक हो। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए तय साल 2030 तक क्लीन एनर्जी में 50 प्रतिशत लक्ष्य 5 साल पहले ही हासिल करना हमारी प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता है। नेशनल क्रिटिकल मिशन लॉन्च कर 1200 से अधिक स्थानों पर खोज अभियान से हम क्रिटिकल मिनरल में भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं जो बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# ... ताकि किश्तवाड़ और धराली जैसी आपदाओं से बचा जा सके !

**सुनील कुमार महला**

> "जब भी यहां बारिश होती है तो पानी पहाड़ों से होते हुए बहुत ही तीव्र गति से नीचे आता है। स्थानीय प्रशासन को इस बात की जानकारी भी है, लेकिन बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा आपदा बचाव की तैयारियां नहीं की गईं ,यह वास्तव में बहुत ही दुखद है। इन दिनों पूरे भारत में जोरदार बारिश हो रही है। आपदा प्रबंधन विभाग व प्रशासन को बारिश व किसी भी आपदा के लिए पूर्व में ही माकूल इंतजाम करने चाहिए और सदैव तैयार रहना चाहिए। हालांकि, यह भी नहीं है कि आपदा प्रबंधन विभाग, स्थानीय प्रशासन और सरकारें आपदाओं को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठातीं हैं"

**दिन-**ब-दिन प्रकृति मानव को अपना रौद्र रूप दिखा रही है। भूस्खलन हो, भू-धंसाव हो, बाढ़ हो(अतिवृष्टि), बादल फटना हो, अनावृष्टि हो(सूखा), भूकंप हो या सुनामी सब कहीं न कहीं, कोई माने या नहीं मानें, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियों से ही जुड़े हैं। कहना गलत नहीं होगा कि बादल फटने की घटनाएँ अब केवल प्राकृतिक आपदाएँ भर नहीं रहीं, बल्कि इनमें मानवीय लापरवाहियों और अवैज्ञानिक विकास कार्यों की भी बड़ी भूमिका है।सच तो यह है कि ऐसी घटनाएं मानव जनित संकट हैं। आज के समय में जलवायु परिवर्तन से अत्यधिक वर्षा की घटनाएँ बढ़ी हैं। पहाड़ी ढलानों पर अचानक अत्यधिक पानी गिरने से वहां की मिट्टी ढीली हो जाती है और लैंडस्लाइड, फ्लैश फ्लड का खतरा बढ़ जाता है। मानवीय गतिविधियों या कारणों की बात करें, तो कहना गलत नहीं होगा कि आज के समय में अनियंत्रित निर्माण कार्य प्राकृतिक आपदाएं जन्म ले रहीं हैं। आज नदियों और ढलानों पर घर, होटल, सड़कें बनाने से जलधाराओं के प्राकृतिक मार्ग मानव ने बाधित कर दिए हैं। सच तो यह है कि मानव हद से ज्यादा स्वार्थी और लालची होता चला जा रहा है।वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है और जंगलों के घटने से पानी रोकने की क्षमता खत्म हो गई है। पर्यटन का दबाव भी है। हर साल लाखों की संख्या में आने वाले तीर्थयात्री और पर्यटक स्थानीय पारिस्थितिकी पर बोझ( वायु प्रदूषण, मिट्टी प्रदूषण, जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण) डालते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि आज संवेदनशील क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की ईमानदारी और पूर्ण इच्छाशक्ति के पूर्व तैयारियां नहीं की जातीं। अक्सर यह देखा गया है कि विभिन्न तीर्थयात्राओं व मेलों के दौरान भीड़ नियंत्रित करने और सुरक्षित मार्ग बनाने की अनदेखी होती है। आज



सड़कें, घर और होटल और विभिन्न निर्माण कार्य बिना भू-वैज्ञानिक अध्ययन किए ही निर्माण कर लिए जाते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अतिक्रमण किया जाता है। ग्रीन टूरिज्म की ओर हमारा ध्यान कम ही होता है और इसका परिणाम हमें भुगतना पड़ता है। हाल ही में हमने देखा कि उत्तरकाशी के धराली में जान-माल को बहुत क्षति पहुंची। हमने देखा कि धराली में बीते पांच अगस्त को खीरगंगा से आई बाढ़ ने मिनटों में बाजार, होटल और घर बहा दिए।कई लोग असमय काल के ग्रास बन गए।आंकड़े बताते हैं कि (विभिन्न सरकारी एजेंसियों के प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक) धराली क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। धराली में बादल फटने से हुई तबाही से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चशोती-पड्डर(नियंत्रण रेखा के पास स्थित गांव) में भी ठीक वैसा ही हादसा हो गया। बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। अचानक आए सैलाब में साठ से ज्यादा लोगों की जान चली गई, और सैकड़ों लोग लापता हो गए। जानकारी के अनुसार यह बादल चशोती में फटा, जो मचैल माता मंदिर के मार्ग पर स्थित है। यह आखिरी गांव है, जहां किसी गाड़ी से पहुंचा जा सकता है। खबरों में आया है कि हादसे के समय मचैल माता की यात्रा चल रही थी, जिसकी वजह से रूट पर हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। घटना के बाद मंदिर की वार्षिक यात्रा को स्थगित कर दिया गया और रेस्क्यू अभियान चलाए गए। वास्तव में उत्तरकाशी और किश्तवाड़ में हुईं प्राकृतिक आपदाएं मानव के लिए एक बड़ा सबक है।चशोती गांव गांव पड्डर घाटी में पड़ता है और यहां अठारह सौ से लेकर करीब चार हजार मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। जब भी यहां बारिश होती है तो पानी पहाड़ों से होते हुए बहुत ही तीव्र गति से नीचे आता है। स्थानीय प्रशासन को इस बात की जानकारी भी है, लेकिन बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा आपदा बचाव की तैयारियां नहीं की गईं ,यह वास्तव में बहुत ही दुखद है। इन दिनों पूरे भारत में जोरदार बारिश हो रही है। आपदा प्रबंधन विभाग व प्रशासन को बारिश व किसी भी आपदा के लिए पूर्व में ही माकूल इंतजाम करने चाहिए और सदैव तैयार रहना चाहिए। हालांकि, यह भी नहीं है कि आपदा प्रबंधन विभाग, स्थानीय प्रशासन और सरकारें आपदाओं को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठातीं हैं, लेकिन समय रहते यदि पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सजगता और सतर्कता बरतकर निर्णय ले लिए जाएं तो बहुत हद तक जान-माल का नुकसान कम तो किया ही जा सकता है लेकिन सभी तभी चेतते हैं,जब ऐसे हादसे घटित हो जाते हैं,यह बहुत ही दुखद है। गौरतलब है कि साढ़े नौ हजार फुट ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर जाने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि स्थानीय प्रशासन ने यहां लंगर और दुकानें लगाने की अनुमति आखिर क्यों दी, यह जानते हुए भी कि जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं हर वर्ष बढ़ रही हैं।इधर, हिमाचल प्रदेश में आफत की बारिश थम नहीं रही है। राज्य के कुल्लू जिले में दो अलग-अलग जगह से बादल फटने की खबरें आई हैं। जानकारी के अनुसार कुल्लू के बंजार और आनी निरमंड सब डिवीजन के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में ये घटनाएं हुई हैं।बादल फटने से तीर्थन घाटी और आसपास के कई निचले ग्रामीण इलाकों में पानी और मलबा भर गया। हालांकि, प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई गांवों को खाली करा लिया, लेकिन पहाड़ी इलाकों विशेषकर उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में इस तरह की घटनाओं से अब सजग होने और इससे निपटने की जरूरत है।यह बात ठीक है कि कुदरत के कहर जैसे कि बाढ़, भूकंप, बादल फटना, भूस्खलन, जंगल की आग, सूखा आदि को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन इंसान सतर्कता, तैयारी और सही जीवनशैली से इसका असर जरूर कम कर सकता है। वास्तव में कुदरत अगर अपना क्रोध प्रकट कर रही है, तो इसे समझने और चेतने का समय है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि कुदरत के कहर से बचना केवल सरकार की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अगर हम पर्यावरण का सम्मान करें और सावधानी और सतर्कता अपनाएँ, तो बड़े हादसों को काफी हद तक टाला जा सकता है।

# खतरनाक है महिलाओं में बढ़ता अपराध की ओर आकर्षण

**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश भर में महिलाओं की अपराध में भागीदारी बढ़ रही है सोनम और मुस्कान ही नहीं हजारों महिलाओं ने शातिर अपराधियों की तर्ज पर अपराध को अंजाम दिया है। आपको बता दें कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली के शेष देश की अपेक्षा अधिक सुरक्षित होने की उम्मीद की जाती है परन्तु वास्तविकता इसके विपरीत ही है। इस समय राजधानी दिल्ली के अपराध जगत में पुरुषों के साथ-साथ महिला अपराधी भी समान रूप से सक्रिय हो गई हैं। कमोबेश यही हालात देश के दूसरे शहरों में भी तेजी से पैदा हो रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण 17 अप्रैल को मिला जब 3 नई दिल्ली के एक इलाके में नाबालिगों ने कुणाल नामक किशोर को सरेआम चाकुओं से बींध डाला और निकट ही खड़ी 'सीलमपुर की लेडी डॉन' के नाम से कुख्यात 'जिक्रा खान' इस घटना को चुपचाप देखती रही। वह पहले गैंगस्टर 'हाशिम बाबा', जो इस समय जेल में है, की पत्नी की बाऊंसर थी पर बाद में उसने अपना गिरोह बना लिया। नाबालिग लड़कों को भर्ती करके उन्हें हत्या करने की ट्रेनिंग देने में माहिर 'जिक्रा खान' की 'कुणाल' की हत्या में संलिप्तता ने उसे दिल्ली की सबसे खतरनाक औरतों में शामिल कर दिया है। 'जिक्रा खान' जैसी महिलाएं हाशिए से उठ कर आज दिल्ली के अंडर वर्ल्ड की अगली पंक्ति में आ खड़ी हुई हैं जो करोड़ों रुपयों का नशे का व्यापार करने के साथ-साथ लोगों की हत्या और महिलाओं तथा बच्चों की तस्करी में शामिल पाई जा रही हैं।

एक अध्ययन में बताया गया है कि ये अपराधी महिलाएं क्रूरता बरतने के मामले में पुरुष अपराधियों से कम नहीं हैं। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, सत्ता में आने के इनके तरीके भी अलग-अलग हैं। कुछ महिलाएं गरीबी से निकल कर अपराध की दुनिया में आईं जबकि कुछ अन्य महिलाओं ने पुरुष गैंगस्टरों के साथ जाने को अधिमान दिया और उनके जेल चले जाने पर उनका धंधा संभाल लिया। ये गैंगस्टर महिलाएं लोगों के सामने आम औरतों की तरह अपनी 'बेचारी' या 'कमजोर' वाली छवि का इस्तेमाल कर भीड़ में लुप्त हो जाती हैं। दिल्ली में बॉस महिला अपराधियों की सूची लगातार बढ़ रही है। इनमें सबसे बड़ा नाम 'सोनू पंजाबन' उर्फ गीता अरोड़ा का है जो अपने पति की मौत के बाद जी.बी. रोड में देह व्यापार के धंधे की निर्विवाद सरगना बन गई। पुलिस के अनुसार वह माडर्न ग्राहकों को प्रभावित करने के लिए इस धंधे से जुड़ी लड़कियों को थोड़ी-बहुत अंग्रेजी सिखाने के साथ-साथ माडर्न लुक देती थी। वर्ष 2011 में उसे 'मकोका' के तहत गिरफ्तार किया गया था।'सोनू पंजाबन' का पहला गैंगस्टर पति 2004 में तथा दूसरा पति 2006 में मारा गया। 'पोक्सो' तथा मानव तस्करी के कानून के अंतर्गत पकड़ी जाने से पहले 'सोनू पंजाबन' का वेश्यावृत्ति गिरोह हाई प्रोफाइल ग्राहकों को नाबालिग लड़कियों की सप्लाई किया करता था।

# विचार

## एकजुटता के अभाव में गजनवी ने सोलह बार देश को लुटा

**अरविंद रावल**

**इसे** हिंदुस्तान का दुर्भाग्य कहा जाए या फिर विडम्बना कही जाए कि अपनी अगाथ आस्था के प्रतीको, अपनी अस्मिता की पवित्रता को बचाने के लिए करोड़ो हिंदुस्तानी अपनी गीता, अपनी रामायण और अपने महादेव के नाम पर मन कर्म और वचन से कभी एकजुट हुए ही नही हे और इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि महमूद गजनवी नामक एक लुटेरा एक कुरान के नाम पर अपने कुछ हजार लोगो को एकजुट कर हजारों मील दूर से हमारे देश में आकर सेकड़ो राजघरानो को लांघकर कैसे तीस सालों में 16 बार हमारे देश के उस समय के सबसे विख्यात प्रभास पाटन के समृद्ध सोमनाथ मंदिर को लूटता रहा है और हम अपनी आपसी फुट बेर भावना के चलते उस लुटेरे के हाथो एक नही दो नही पुरे सोलह बार अपना सबकुछ लुटाते रहे ! गजनी के दोर में भारत की सीमाएं ईरान अफगान बॉर्डर तक लगती थी ! जिस रास्ते गजनवी भारत में घुसा था और सोमनाथ तक पहुंचा था तो इस बीच सेकड़ो राज घराने राजा महाराजाओ को लाँघ कर ही गजनवी हर बार आया गया होगा लेकिन क्या किसी राजा महाराज में भी इतना सामर्थ्य नही था कि उस लुटेरे गजनवी को रोक सके या फिर हमारे अपनों के ही बीच ही मनभेद इतने गहरे थे कि सबकुछ आखो के सामने लुट जाने दिया अपनों तो इसका उत्तर हम भारतीयों को अपने अंदर ही देखने पर मिल जाएगा। बेकोल महादेव को हमने लुटने दिया अपने घरो की अस्मिताओ को लुटेरो के हाथो लुटने दिया लेकिन हमारे जिम्मेदार कल भी सूरा सुन्दरी शराब और सत्ता में डूबे हुए थे और आज भी कमोबेश हम अपने घरो परिवारों समाज में भी में टुकडो में बटकर फिर किसी गजनवी के हाथो लुटाने के लिए बेकरार हे ! महमूद गजनवी ने भारत पर आक्रमण के पहले भारतीयों की मानसिकता को समझने के लिए अपने गुप्तचरों को सूफी , मौलवी फक ीर के भेष में अच्छे से अध्ययन करवाया और उस दोर के राजाओ और सामन्तो की कमजोरियों का फायदा उठाकर अपने अभियान को हर बार सफल बनाया। महमूद गजनवी को पता था कि भारत मे भगवान सोमनाथ के प्रति आस्था विश्वास रखने वाले हजारों राजा लाखो व्यापारी ओर कोटि कोटि भक्त है लेकिन उन भक्तो में अपने भगवान सोमनाथ के प्रति मर मिटने की एकता रखने वाले भक्त मुट्ठी भर भी नही है। महमूद गजनवी को पता था कि हिंदुस्तान के अधिकांश राजा महाराजा व्यापारी ओर उच्च धनिवर्ग के लोगो की आस्था अपने भगवान अपने धर्म के प्रति तो बहुत है किंतु उनमें अपने भगवान अपने धर्म के नाम पर आपसी एकजुटता नही है। हिंदुस्तान के लोगो मे एकजुटता नही होने का सबसे प्रमुख कारण धन लालसा, राज्य भोग, सुरा सुंदरी शबाब ओर अंधविश्वासी होना है। उस समय के हमारे राजाओं ओर दरबारी लोगो की इन्ही कमजोरियों को फायदा उठाकर महमूद ईरान अफगानिस्तान से चलकर भारत की सीमा में आया और यहां के सेकड़ो राजाओं को धनबल से बाहुबल से और सुरा सुंदरियों के बल से खरीदकर सोमनाथ तक बेधड़क चला आया। जिन राजाओं ने गजनवी को रोकने का साहस किया उन्हें उसी की ही जाती के राजाओं के साथ मिलकर मरवा दिया ओर पूरे सोलह बार हिंदुस्तानियों को चिढ़ाता हुआ अपने अभियान को सफल बनाकर चला गया। आज के संदर्भ में यह इसलिए कहना पड़ रहा है कि आज हम भारतीय भी अपने देश अपने धर्म अपने समाज और अपने भगवान के प्रति बहुत अगाथ आस्था रखते है लेकिन विपती के समय क्या कभी हम सभी स्वार्थ लालसा, गीले शिकवे, अपना पराया, जाति धर्म, ऊच नीच, अमीरी गरीबी से परे हटकर एकजुट होकर अपने देश अपने भगवान ओर अपने धर्म को बचाने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने को क्या हमेशा तैयार है ?

यदि इसका उत्तर बिना किसी विचार, शंसय या झिझक के हा है तो कभी भी महमूद गजनवी जैसे लुटेरे तालिबानी आतंकी वह हमारा हमारे हिंदुस्तान ओर हमारी गहरी आस्था के प्रतीक भगवानों का कुछ भी नही बिगाड़ पाएंगे। इसके उलट यदि हम भारतीयों के मन मे थोड़ा भी विचार शंसय या झिझक रहा तो फिर कोई तालिबानी आतंकी महमूद गजनवी की तरह एक कुरान के नाम पर मरने मिटने वाले चंद हजार लोगो के बल पर हम कोटि कोटि भारतीयों को , हमारी आस्था, हमारी अस्मिता ओर हमारे देश को चोट पहुचाने का दुःसाहस कर सकते है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज ने एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए 224, सेक्टर – 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा द्वारा मेसर्स मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## अलास्का से उठा सवालः क्या भारत बनेगा शांति का सेतु?

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

जब विश्व की निगाहें अलास्का के एंकोरेज पर टिकी थीं, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात रूस-यूक्रेन युद्ध की आग को शांत करने की उम्मीद जगा रही थी, तब भारत सहित पूरी दुनिया सांस थामे इस ऐतिहासिक क्षण की प्रतीक्षा में थी। यह मुलाकात, जो वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही थी, तीन घंटे की गहन चर्चा के बाद बेनतीजा रही। ट्रंप का दृढ़ कथन, ह्लसमझौता तभी, जब वास्तव में समझौता हो,ह्व और पुतिन का युद्ध के ह्लमूल कारणोंह्व को समाप्त करने पर जोर, वैश्विक कूटनीति की जटिलता को उजागर करता है। भारत, जो शांति का सिपाही और रणनीतिक संतुलन का प्रतीक रहा है, इस विफलता को एक चुनौती के साथ-साथ अवसर के रूप में देखता है। रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 से शुरू होकर वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को हिलाकर रख चुका है, भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। इस युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया, तेल और गैस की कीमतों में उछाल लाया और खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता पर गहरा प्रभाव डाला। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर करता है, ने इस संकट का सामना करने के लिए रूस से रियायती तेल आयात को बढ़ाया। यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण रहा, लेकिन वैश्विक बाजारों की अस्थिरता ने नई चुनौतियां खड़ी कीं। इसके साथ ही, भारत ने क्वाड और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पश्चिमी देशों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को गहरा किया है, जिसने उसे एक नाजुक संतुलन की राह पर ला खड़ा किया है।

इस संदर्भ में, अलास्का की असफल वार्ता भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देती है। यह विफलता भारत को अपनी कूटनीति को और तीक्ष्ण करने और वैश्विक मंच पर अपनी तटस्थता को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन, यह युद्ध का युग नहीं है, भारत की शांति-समर्थक नीति को रेखांकित करता है।

## ईवीएम से चुनाव आयोग तक

**वीरेन्द्र सिंह परिहार**

**यह** तो पूरे देश को पता है कि वर्ष 2014 से जब से भाजपा केन्द्र की सत्ता में आई तभी से कांग्रेस समेत अधिकांश विपक्षी दल ईवीएम के विरूद्ध युद्ध स्तर पर अभियान चलाते रहे। यह आरोप लगाते रहे कि ईवीएम में हेर-फेर के चलते भाजपा सिर्फ केन्द्र में ही नहीं, अधिकांश राज्यों में भी सत्ता में आ रही है। यद्यपि इस सम्बन्ध में कई बार चुनाव आयोग द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया कि ऐसा होना संभव नहीं है। इस सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा प्रेजेन्टेशन भी दिया गया और उसमें विपक्षी दल के प्रतिनिधियों को भी बुलाया गया ताकि उनके आरोप का परीक्षण हो सके लेकिन उक्त वक्त विपक्षी दलों ने अपने प्रतिनिधि नहीं भेजे। मामला स्पष्ट था कि विपक्षी दलों को भी पता था कि आरोप झूठे हैं पर माहौल बनाने के लिये कि हम हारते नहीं, हराये जाते हैं- इसका औचित्य बताने के लिये ऐसा प्रचारित किया गया। विपक्ष का कहना था कि ईवीएम को छोड़कर बैलेट पेपर से चुनाव होना चाहिए, यानी वह हवाई जहाज के युग से देश को बैलगाड़ी युग में वापस ले जाना चाहते थे। वह चाहते थे कि जैसे पहले बूथ लूटे जाते थे, एक ही व्यक्ति सैकड़ों बैलेट पर ठप्पा लगा देता था, उस दौर की फिर से शुरूआत हो। इसके लिये विपक्षी दल न्यायालय भी गये पर उन्हें वहाँ भी मुँह की खानी पड़ी। बहुत दिन तक जब यह नैरेटिव नहीं चल पाया और उसकी हवा निकल गई तो राहुल गाँधी समेत पूरे विपक्ष ने चुनाव आयोग पर ही हमला शुरू कर दिया और उस पर वोटो की चोरी कराकर भाजपा को जिताने के आरोप लगाने शुरू कर दिये। इसके पूर्व बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अभियान का भारी विरोध हुआ। कुछ ऐसा जैसे कि एसआईआर जैसा अभियान चलाने का चुनाव आयोग को कोई अधिकार ही न हो। बिहार में चुनाव आयोग एसआईआर न कर सके, इसके लिये विपक्षी दलों समेत कुछ भाजपा विरोधी नैरेटिव चलाने चाले सर्वोच्च न्यायालय पहुँच गये पर सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग के काम पर न तो रोक लगाई और न ही याचिकाकताओं को कोई विशेष राहत ही दी। जहाँ तक इस सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाकर्ताओं की आपत्ति है। उसमें

## न्यूज फ्लैश

### 11 वर्ष में मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में किए विकास कार्य: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक यहां भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में विकास कार्य किए हैं।

उन्होंने कहा कि 11 साल में केंद्र की भाजपा सरकार ने किसान, महिलाओं, युवाओं समेत हर वर्ग के लिए काम किए। इसमें चाहे तीन तलाक का विषय हो या धारा 370 को खत्म करना हो। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में आगे आया है। वहीं ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर काम हो रहे हैं। प्राइवेट नौकरी पाने वाले युवाओं को 15 हजार रुपये लाभ देने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। इसके लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट रिजर्व रखा गया है। वहीं एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वोट चोरी कांग्रेस ने अपने राज में की है। अब घुसपैठियों की वोट लेने के लिए लालायित हो रहे हैं। आज कांग्रेस की यह स्थिति है कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। देश की जनता सब जानती है। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि संघ के 100 साल पूरे हुए हैं। इससे लोगों में देशभक्ति की भावना बढ़ी है। देश पहले-यह भाव लोगों में जागा है। जनता भाजपा और संघ की कार्यशैली की वजह से ही इतने वर्षों से भाजपा को सरकार चलाने का मौका दे रही है।

### मनीषा हत्याकांड को अंजाम देने वाले जल्द होंगे सलाखों के पीछे: श्रुति चौधरी

**भिवानी, (वंदना शर्मा )**



**भिवानी** -प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई व जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी रविवार को मनीषा हत्याकांड को लेकर ढिगावा में चल रहे धरना स्थल पर पहुंची। उन्होंने धरने पर पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ पूरी प्रदेश सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है। जल्द से जल्द अपराधी सलाखों के पीछे होंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का काम किया जाएगा। श्रुति चौधरी ने कहा कि इस घटना का पता चलते ही उन्होंने उसी समय मुख्यमंत्री से बात की। मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया और ड्यूटी को ड्यूटी नहीं करने वाले तथा इस घटना को गंभीरता से ना लेने वाले लापरवाह पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सस्पेंड किया। इसके साथ ही एसपी का तुरंत प्रभाव से तबादला किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी का निलंबन कोई खुशी की बात नहीं होती, यह उसकी एसीआर में दर्ज होता है। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि मनीषा हत्याकांड में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, कोई भी अपराधी बचने न पाए।

### हिमाचल में बादल फटा, धनौरा पुल के ऊपर से गुजरा बाढ़ का पानी कई घरों में घुसा पानी

**यमुनानगर/धर्मबीर**

रणजीतपुर क्षेत्र के धनौरा गांव के पास स्थित नदी का पुल रविवार सुबह बाढ़ के तेज बहाव की चपेट में आ गया। सुबह लगभग 6 बजे पुल के ऊपर से बाढ़ का पानी बहना शुरू हुआ, जो करीब एक घंटे तक लगातार उफान पर रहा। इस दौरान धनौरा गांव में पानी घुस गया और कई घर प्रभावित हुए। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर बचाव कार्य किया।

जानकारी के अनुसार, हरिपुर खोल के कैचमेंट एरिया में लगातार बरसात हो रही थी। इसी बीच हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके में अचानक बादल फट गया और नदी में भीषण बाढ़ आ गई।

तेज बहाव के चलते गांव में अफरा-तफरी मच गई और पुल के ऊपर से गुजरते समय यातायात पूरी तरह थम गया।

# कांग्रेस फर्जी वोटरों को बचाने में लगी: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**बैठक**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने जिला कार्यकारिणी की बैठक की



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** रविवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने जिला कार्यकारिणी की बैठक की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल अनाप-शनाप बयानबाजी कर रही है और वोट चोरी पर झूठा शोर मचा रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग हर 20 साल के बाद वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण करता है। इसमें गलत और फर्जी नाम हटाए जाते हैं। इस पर कांग्रेस इसलिए विरोध कर रही है, क्योंकि ज्यादा फर्जी वोट उसी के खाते में रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह तो वही बात हो गई कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे, चोर मचाए शोर। जितना ज्यादा कांग्रेस बोलेगी उतनी ही जनता और जागरूक होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की जनता नहीं चाहती कि कोई भी घुसपैठिया वोटर बने। लेकिन कांग्रेस घुसपैठियों के वोट बचाने के लिए इतनी लालायित है कि शुद्धिकरण जैसी प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है। कांग्रेस को यह गलतफहमी है कि जनता को भ्रमित कर बड़ा आंदोलन खड़ा कर लेगी और तख्ता पलट जैसा माहौल बना देगी, लेकिन जनता सब समझती है और किसी बहकावे में आने वाली नहीं है।

गुरुग्राम में एल्विस यादव के घर पर हुई फायरिंग के सवाल पर खट्टर ने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। एल्विस यादव को लेकर सब लोग जानते हैं। गोलियां क्यों चलीं, इसकी जांच पुलिस कर रही है और यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

करनाल में टीचर मनीषा मर्डर केस को लेकर खट्टर ने कहा कि इस केस में सरकार और पुलिस ने अब तक जो भी कार्रवाई करनी थी, वह की जा चुकी है। जांच जारी है और दोषियों के पकड़े जाने के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी।

### यमुना नदी में सीजन का सर्वाधिक जलस्तर



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/धर्मबीर**

यमुना नदी और उसके कैचमेंट एरिया में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते रविवार को यमुना नदी में सीजन का सर्वाधिक 1,78,249 क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज किया गया। भारी वर्षा के कारण सुबह से ही यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था।

सुबह 6 बजे नदी में 44,669 क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज किया गया, जो तेजी से बढ़ते हुए 8 बजे तक 78,000 क्यूसेक को पार कर गया। दोपहर 12 बजे तक यह स्तर 91,985 क्यूसेक और 1 बजे तक 1,09,000 क्यूसेक तक पहुंच गया।जैसे ही जलस्तर 1 लाख क्यूसेक के पार हुआ, हथिनी कुंड बैराज से निचले इलाकों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई। बार-बार सायरन बजाकर लोगों को यमुना नदी के किनारे से दूर रहने के निर्देश दिए गए। 1 लाख क्यूसेक पर यमुना नदी को मिनी फ्लड घोषित कर दिया जाता है। इसके साथ ही पूर्वी और पश्चिमी नहरों को पूरी तरह बंद कर पानी सीधे दिल्ली की ओर डायवर्ट कर दिया जाता है। यह पानी 10 से 12 घंटे में दिल्ली पहुंचता है।

दोपहर 3 बजे नदी का स्तर 1,30,000 क्यूसेक और 4 बजे के बाद यह 1,80,000 क्यूसेक के करीब पहुंच गया। यमुना में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सिंचाई विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर रवि मित्तल ने बताया कि यमुना नदी और उसके कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बरसात के कारण जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

### स्कूटी की टक्कर से नर्स घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के एक प्राइवेट अस्पताल की नर्स एक्सीडेंट में घायल हो गई। नर्स अपनी एक्टिवा पर हॉस्पिटल में ड्यूटी के लिए जा रही थी, रास्ते में एक अन्य एक्टिवा से टक्कर हो गई। हादसे में नर्स सड़क पर गिरकर घायल हो गई। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसका बयान दर्ज कर केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार करनाल की शिव कालोनी में रहने वाली मुफात खुशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेठ हॉस्पिटल करनाल में बतौर नर्स कार्यरत है।

### पानीवाला में टूटा डैम, सैकड़ों एकड़ फसलें तबाह, लापरवाही के आरोप

**फसल बर्बाद**

डैम की सुरक्षा के लिए बार-बार प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई गई थी



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/धर्मबीर**

रणजीतपुर क्षेत्र के पानीवाला गांव में वन विभाग का सैकड़ों एकड़ में फैला डैम टूट गया। डैम का करीब 10 फीट पानी अचानक निचले क्षेत्रों में बह गया, जिससे सैकड़ों एकड़ फसलें पानी में डूबकर बर्बाद हो गईं। पानी अब गांव की आबादी तक भी असर डाल रहा है।

ग्रामीणों ने वन विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि डैम की सुरक्षा के लिए बार-बार प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई गई थी। ग्रामीणों के दबाव के बाद सबीलवा (सुरक्षात्मक दीवार) बनाने का काम किया गया, लेकिन उसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया और यहां तैनात वन रक्षक ने भी लापरवाही बरती। इसी कारण सबीलवा पानी की भेंट चढ़ गया।

ग्रामीणों का कहना है कि फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं और इसकी जिम्मेदारी वन विभाग की है।

मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग के पटवारी राहुल ने बताया कि गांव की आबादी को कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन कई एकड़ फसलें जरूर तबाह हो गई हैं।

इस घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कहा कि डैम टूटने की सूचना उन्हें प्राप्त हुई थी। मिट्टी के कट्टे डालकर इसे दुरुस्त करने का काम किया जाएगा। संबंधित विभाग को तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि आबादी क्षेत्र में नुकसान नहीं हुआ है, हालांकि फसलें प्रभावित हुई हैं।

### यमुना में मिनी फ्लड घोषित, बाढ़ आने का खतरा

**इंद्री 17 अगस्त (मैनपाल कश्यप)** यमुना में 178000 क्यूसेक पानी आने के बाद प्रशासन द्वारा मिनी फ्लड घोषित कर दिया गया है यमुना में पानी आने की सूचना मिलते ही प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है क्षेत्र के मुख्य अधिकारी एसडीएम अशोक मुंजल भी यमुना का निरीक्षण करने के लिए यमुना क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां कर रखी हैं लेकिन फिलहाल राहत की बात यह है कि यमुना में पानी का जलस्तर कम हो चुका है पानी अभी 129000 क्यूसेक रह गया है। स्थिति पूरी तरह से कंट्रोल में है पानी यमुना से बाहर नहीं आया है और आगे ही जा रहा है। उधर सिंचाई विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद है और लगातार तटबंधों का जायजा ले रही है सभी जगह तटबंध अपनी सही स्थिति में है।बता दे की यमुना में हर साल जब भी बाढ़ आती है तो यमुना के किनारे लगते गांव की फसले पूरी तरह से बाढ पानी में बर्बाद हो जाती हैं। ऐसे में यमुना क्षेत्र के लोगों को पानी आने की सूचना मिलते ही डर लगने लगता है। लोगों का कहना है कि अगर यमुना में पानी ऐसे ही बढ़ता रहा और बरसात यूं ही आती रही तो बाढ़ आते हुए देर नहीं लगेगी अगर ऐसा हुआ तो उनके फसले पूरी तरह से तबाह हो सकती हैं

### 16 साइबर ठग गिरफ्तार, 10 मोबाईल 24 सिम 11 एटीएम कार्ड 6 पासबुक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**



नूंह जिले में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में नूंह पुलिस की लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। जिला पुलिस ने 2 दिन में कार्रवाई के दौरान कुल 16 आरोपियों को दबोचा है। बीते दिन भी साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए नूंह साइबर थाना पुलिस ने अलग - अलग मुकदमों में 7 आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ चार मुकदमा दर्ज किए गए हैं। इनसे कुल 10 मोबाइल, 24 सिम, 11 एटीएम कार्ड, 6 पासबुक व 1 चैक बुक बरामद किया है।

उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह हरिंदर कुमार से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी बिलाल पुत्र अमीन निवासी बिकटी, थाना बिछौर जिला नूंह से एक फोन, 5 सिम, 3 एटीएम कार्ड मिले हैं। मोहम्मद इश्तियाक पुत्र मोहम्मद युसुफ, निवासी चार खम्बा, थाना गोहलपुर, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश से एक फोन, 4 सिम, 4 एटीएम कार्ड, 4 पासबुक मिले हैं। मोहम्मद सलमान अंसारी पुत्र मुबीन अहमद, निवासी पुराना सिरसा तले असफाकउल्ला खां, थाना गोहलपुर, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश से एक फोन, 4 सिम, 4 एटीएम कार्ड, 2 पासबुक, एक चेकबुक मिली है। जबकि आरोपी शाहरुख पुत्र रहमू, निवासी नाखनोल, थाना टपूकड़ा, जिला अलवर राजस्थान से एक मोबाइल फोन, 3 सिम मिले हैं । वहीं नसीम पुत्र मुबीन निवासी अमीनाबाद फुंसेता थाना बिछौर जिला नूंह से 2 मोबाइल फोन, 2 सिम कार्ड और गुफरान पुत्र आसू निवासी काला खेड़ा साकरस थाना सदर फिरोजपुर झिरका जिला नूंह 3 फोन, 4 सिम व समीम पुत्र खलील, निवासी रनियाली थाना सदर फिरोजपुर झिरका, जिला नूंह से एक फोन, 2 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ देशभर से साइबर पोर्टल पर आई शिकायतें व तकनीकी इनपुट के आधार पर लोकेशन ट्रेस की गई और टीमों ने दबिश देकर ये गिरफ्तारियां की है ।

## श्यामूवाला डैम टूटने से काठगढ़ में तबाही, गरीब परिवार का मकान जमींदोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, धर्मबीर**



श्यामूवाला डैम टूटने से आई बाढ़ का असर काठगढ़ गांव में भी देखने को मिला। गांव में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले एक कुम्हार परिवार का मकान पानी की भेंट चढ़ गया। हादसे में घर का अधिकांश सामान भी बह गया। गरीब परिवार बेसहारा होकर प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहा है।\सरस्वती उद्गम स्थल के नजदीक बसे काठगढ़ गांव में चारों ओर पानी से तबाही का मंजर है। पीड़ित परिवार की मेहनत की पूंजी से बनाया गया आशियाना धीरे-धीरे ढहता चला गया। परिवार के सदस्य बिलख-बिलख कर रो रहे हैं और सुरक्षित जगह पर रहने को मजबूर हैं। पीड़ित नीटू और मुनेश ने बताया कि पानी से अचानक मकान की नींव खिसक गई, जिससे पीछे वाला कमरा गिर गया। उस कमरे में मिट्टी के बर्तन और घरेलू सामान रखा हुआ था। उन्होंने बताया कि अब भी कटाव जारी है और मकान का शेष हिस्सा गिरने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि श्यामूवाला डैम टूटने की वजह से गांव में पानी आया और यह हादसा हुआ। पीड़ि त परिवार का कहना है कि अब तक प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली है।

### हर्ष दहिया बने सैनी महापंचायत जिला हांसी के सह सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी( दिनकर गावड़ी ):झ**

सैनी समाज के उत्थान और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हर्ष दहिया को सैनी महापंचायत, जिला हांसी का सह सचिव नियुक्त किया गया है। यह निर्णय महापंचायत की जिला कार्यकारिणी की हाल ही में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। हर्ष दहिया समाज के एक सक्रिय, युवा एवं प्रेरणास्रोत सदस्य हैं, जो लंबे समय से सामाजिक कार्यों और युवाओं के मार्गदर्शन में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

## सोम नदी ने तोड़ा 50 साल का रिकॉर्ड, आबादी में घुसा पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/धर्मबीर-**



लगातार दो दिन से हो रही मूसलाधार बरसात ने खानूवाला और चिंतपुर गांव के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी। सोम नदी ने इस बार पिछले 50 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। नदी में अधिकतम 24 हजार क्यूसेक पानी दर्ज किया गया।

सुबह के समय नदी का पानी काटरवाला गांव से ओवरफ्लो होकर मानकपुर लेदी होते हुए सबसे पहले चिंतपुर और उसके बाद खानूवाला गांव की आबादी में घुस गया। पानी गांव में पहुंचते ही लोगों का अनाज, कपड़े, बिस्तर और पशुओं के लिए रखा सूखा चारा खराब हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि हर साल बरसात के मौसम में उनके साथ यही अन्याय होता है। गांव की गलियों में बरसाती पानी इस तरह बह रहा है जैसे सिंचाई विभाग की नहर से पानी बहता हो। कई परिवारों ने घर के मुख्य गेट पर दो-दो से तीन-तीन फीट ऊंची दीवारें खड़ी कर पानी रोकने की कोशिश की, लेकिन पानी अधिक होने के कारण घरों में रखा सामान खराब हो गया।

गांव के निवासियों अंग्रेजो देवी, राजपाल, रोशन लाल, रामकुमार, उषा रानी आदि ने कहा कि प्रशासन द्वारा किए जाने वाले इंतजाम नाकाफी रहते हैं। जब तक सोम नदी के किनारों को पक्का नहीं किया जाता, तब तक खानूवाला और चिंतपुर के लोग हर साल की इस चिंता से मुक्त नहीं हो सकते।

सोम नदी की पटरी टूटने से मानकपुर लेदी, चिंतपुर, खानूवाला, लोपियों, तिहानो, हडोली, रायपुर, डमोली, बलौली, तारुवला, ऊर्जन, दसोरा, दसोरी, याकूबपुर आदि गांवों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

वहीं बरौली माजरा में पथराला नदी की पटर टूटने से बरौली माजरा रायपुर डामोली तारुवाला बलौली आदि गांव में पानी घुस गया। ग्रामीणों का कहना है कि सोम नदी हर साल खेतों के साथ-साथ अब आबादी में भी तबाही मचा रही है।

## उत्तराखंड में बादल फटने से लापता जवानों में नूंह जिले का एक जवान शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**



उत्तराखंड के हर्षिल आर्मी कैंप के पास बादल फटने से आई बाढ़ में नूंह जिले के कुर्थला गांव का रहने वाला जवान समय सिंह भी लापता हो गया। उसका अभी तक कोई पता नहीं लग पाया है। इसकी सूचना के बाद परिवार वाले परेशान हैं । माता-पिता का रो - रोकर हाल बेहाल है। परिवार का कहना है कि उनका बेटा पांच अगस्त को लापता हुआ था, लेकिन उनके घर पर अभी तक कोई भी तसल्ली देने तक नहीं आया है। बता दें कि उत्तराखंड में बीते पांच अगस्त को धराली, हर्षिल और सुक्की में बादल फट गया। हर्षिल में बादल फटने से सेना के आठ से दस जवान लापता हो गए थे। जिनमें नूंह के कुर्थला गांव का रहने वाला 19 वर्षीय समय सिंह भी शामिल है। वह 30 अक्टूबर 2024 को अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती हुआ था। वह अपने माता - पिता का इकलौता बेटा है। स्वजन ने बताया कि बीते पांच जून को समय सिंह अपनी ट्रेनिंग पूरी कर-के अपने गांव आया था। वह बीस जून को वापिस हर्षिल स्थित भारतीय सेना कैंप पहुंचा था। बादल फटने की घटना कैंप से महज चार किलोमीटर की दूरी पर बताई जा रही है। पिता दलबीर सिंह ने बताया कि आखरी बार 4 अगस्त को शाम 7 बजे से 9 बजे तक हमारी बात हुई थी। उन्होंने बताया की सीओ का 7 अगस्त को कॉल आया था, जिन्होंने लापता होने की जानकारी दी थी। लेकिन हमें पहले ही आभास हो गया था। सात अगस्त को मोबाइल पर सूचना मिली थी। इस दौरान बताया गया कि इस घटना में लापता होने वाले कई जवानों में आपका बेटा भी शामिल है। सूचना मिलने पर पूरे गांव में गम का माहौल है । लापता होने की सूचना अब रिश्तेदारी में भी लग चुकी है, जिसके बाद रिश्तेदार तसल्ली देने पहुंच रहे हैं । लापता हुए जवान समय सिंह का पिता भी आर्मी रिटायर्ड ऑफिसर है, जो फि लहाल बेटे की तस्वीर को देख इसी आस में है कि उनका बेटा शायद ज़िंदा लौट आए। क्योंकि माता - पिता का बुढ़ापे का सहारा है । लापता हुए जवान समय सिंह की बूढ़ी मां रो - रोकर हाल बेहाल है और हर वक्त फोन पर नजर लगी रहती है कि कहीं से उनके बेटे की मिलने की सूचना मिल जाए। लापता जवान की मां ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को देश की सेवा करने भेजा था, लेकिन क्या पता था कि भगवान को कुछ और ही मंजूर है। आपको बता दें कि इसी कुर्थला गांव की बहू थी शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत , सैनिक अभ्यास के दौरान मार्च 2015 में शहीद हो गई थी। मेवात के हर व्यक्ति को किरण के शहीद होने पर आज भी गर्व है। इसी तरह जवान समय सिंह के लापता होने से पूरा मेवात सदमे में है और अपने मेवात की शान फौजी भाई के मिलने की प्राथना कर रहे हैं । लापता हुए जवान के परिवार वालों ने जिला प्रशासन व सरकार आर्थिक मदद की गुहार लगाई है ।

## राजीव सरोहा ने राठधना में किया जन्माष्टमी कार्यक्रम का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**



जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर, सोनीपत नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने ग्राम सुधार ड्रामेटिक क्लब, राठधना द्वारा आयोजित एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम पड़ंगा पन्ना, गाँव राठधाना में आयोजित किया गया था।

राजीव सरोहा ने प्रिंस सरोहा के साथ मिलकर फीता काटकर विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं और उनके सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर, गांव के बच्चों ने कई सांस्कृतिक और धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। राजीव सरोहा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्राम सुधार ड्रामेटिक क्लब की पूरी समिति को बधाई दी, जिसमें बलराम सरोहा, काला मेंबर, सुमित, अनुराग, मनजीत, और दीपक शामिल थे। उन्होंने सभी सदस्यों को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज फ्लैश

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में धूमधाम से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : महर्षि विद्या मंदिर स्कूल कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राधा-कृष्ण का वेष रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम राधा-कृष्ण के मधुर भजन गाकर व नाचकर बच्चों ने उपस्थिति का मन मोह लिया।?कार्यक्रम में राष्ट्र प्रेम मंच के संयोजक विजय कुमार सैनी ने कहा कि योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जी कहते हैं कि आत्म ज्ञान ही मोक्ष का मार्ग है। भय से मुक्त होकर सत्य के मार्ग पर चलो, सच्चा योगी वह है, जो मन की शांति में स्थिर रहता है। सभी जीव, एक ही परमात्मा का अंश हैं। अत्यधिक मोह ही दु:ख का कारण है। सभी जीवों का समान रूप से सम्मान करना ही, ईश्वर की सच्ची भक्ति है ।प्रकृति अपने नियमों से संचालित होती है। इस अवसर पर स्कूल संचालिका शशी बाला, प्रिंसिपल अनीता शर्मा अध्यापिका नाज, सीमा, प्रार्थना, गुरप्रीत, सुमन,श्रेयांश आदि उपस्थित रहे। बच्चो ने श्री कृष्ण जी की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की।

### उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिलों का भुगतान कर सकेंगे केवल मूल राशि के आधार पर: महावीर प्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र**: उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई सरचार्ज माफी योजना 2025 के तहत अब उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिलों का भुगतान केवल मूल राशि के आधार पर कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत 31 अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिलों पर लगाया गया पूरा सरचार्ज फ्रीज कर दिया गया है। उपायुक्त ने बिजली उपभोक्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक राहत का सुनहरा अवसर है। सभी पात्र उपभोक्ता समय रहते इस योजना से जुड़ें, बकाया बिलों का निपटान करें और भविष्य में नियमित भुगतान की ओर बढ़ें। इससे न केवल व्यक्तिगत आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि जिला बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी मजबूत होगी। इस योजना का लाभ 11 नवंबर 2025 तक लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू, कृषि, औद्योगिक एवं अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता शामिल हैं।

# पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## विद्यार्थियों ने मटकी फोड़ व माखन खाकर श्रीकृष्ण के नटखट रूप की झलक दिखायी

**मन मोह**

□ बच्चों ने मटकी फोड़कर व माखन खाकर श्रीकृष्ण के नटखट रूप की झलक भी दिखायी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में बड़े ही धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने मटकी फोड़कर व माखन खाकर श्रीकृष्ण के नटखट रूप की झलक भी दिखायी। छात्राओं ने राधा व ब्रज की गोपियों की आकर्षक भूमिका निभाकर सभी को प्रभावित किया। इस अवसर का विशेष आकर्षण ह्रदही हांडीह्र का आयोजन रहा, जिसमें छात्रों ने पारंपरिक उत्साह के साथ अपनी फुर्ती और टीम भावना का परिचय दिया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्राचार्या हिमानी दहिया व उप प्राचार्य वरुण ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया व कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। डॉ.विजयपाल नैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की महिमा अपरंपार है। भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही ज्ञान का स्रोत है, उनकी हर गतिविधि जीवन के लिए अनेक तरह की शिक्षाएं देती है। बचपन से युवा अवस्था तक में उन्होंने वैसा ही आचरण किया है ताकि हम उससे सीखकर अपने फैसले लें और जीवन को सफल बना सकें। भगवान कृष्ण के अनुसार तरक्की के लिए हमेशा शांति के रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने मुश्किल घड़ी में पांडवों का साथ देकर साबित कर दिया कि दोस्त वही अच्छे होते हैं जो कठिन से कठिन परिस्थिति में आपका साथ देते हैं। भगवान कृष्ण ने सीख दी है कि व्यक्ति को जीवन में सफल होने के लिए अपनी रणनीति बनाकर उसको अनुसरण करना चाहिए। महाभारत युद्ध में पांडवों की जीत उनकी रणनीति का ही परिणाम था। इस अवसर पर स्कूल परिसर को फूलों, रंगीन रोशनियों और सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया । कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने कृष्ण-लीला की झांकियां और प्रसंग प्रस्तुत किए। उनकी मासूमियत और भावपूर्ण अभिनय ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। स्कूल की प्राचार्या हिमानी दहिया ने बच्चों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और संस्थान की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर तरक्की की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला हमें धर्म, नीति और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देती है।

# विधायक भड़ाना ने समालखा में किया ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**



नई अनाज मंडी समालखा में उप मंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक मनमोहन भडाणा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करके ध्वजारोहण किया। परेड का निरीक्षण करने उपरांत उन्होंने शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए समालखा वासियों को आजादी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा पूरे साल में स्वतंत्रता दिवस एक ऐसा दिन होता है जिससे करोड़ों देशवासियों का भावनात्मक लगाव होता है यह दिन हमें भारत मां के उन वीर सपूतों की याद दिलाता है जिन्होंने अपने प्राण न्योछावर करके स्वतंत्रता दिलाई। हर गली व घर तिरंगे के रंग में रंगा है। हमारे देश के वीर शहीदों की शहादत के बदौलत लहराता यह तिरंगा हमारे इतिहास,संघर्ष,संस्कृति व हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के जो सपने देखे थे उनका जीवंत प्रतीक है। जब भी दुश्मनों ने भारत की अस्मिता पर चोट पहुंचाने का प्रयास किया है तब तब हमारे देश के वीर जवानों ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है। हाल ही में पूरी दुनिया ने देखा कि किस प्रकार 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों पर हमला करके जान से मार दिया जो कि सिर्फ एक आतंकी हमला न होकर भारत की आत्मा पर किया गया दुस्साहसपूर्ण प्रहार था। देश के प्रधानमंत्री ने इस कायरतापूर्ण घटना के तुरंत बाद कहा था इसके पीछे जिसका भी हाथ होगा उन्हें उनकी कल्पना से भी कठोर सजा दी जाएगी आज मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व का अनुभव हो रहा है कि हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 7 मई की रात को देश के बहादुर सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देते हुए पाकिस्तान की सरजमीं पर बने नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया।

# नशा मुक्त अभियान से किया जा रहा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः** पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल पंकज नैन के कुशल मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत जी के मार्गदर्शन में एनडीपीएस सेल टीम लगातार नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागृत कर रही है ' इसी कड़ी में टीम ने अंबाला शहर व अंबाला कैंट के बस स्टैंड पर रेलवे स्टेशन पर तथा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर नशा मुक्त अभियान के द्वारा लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया। एनडीपीएस सेल टीम इंचार्ज एसआई अजय कुमार व एएसआई रणदीप के नेतृत्व में टीम ने नौजवानों को नशा न करने के प्रति प्रेरित किया। इस नशा मुक्त अभियान के दौरान आमजन को हेल्पलाइन नंबर (1933) और तथा मानस पोर्टल की विशेष जानकारी दी जा रही है। पोर्टल के माध्यम से नशा करने वाले व्यक्तियों की जानकारी देकर उनका इलाज करवा जा सकता हैं और नशा बेचने वालों की सूचना देकर उनके खिलाफ कार्यवाही करवा सकते हैं।

# बूथ क्रमांक 145 हरियाणा में कुरुक्षेत्र जिले का नाम रोशन करेगा: गोल्डी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : थानेसर विधानसभा के कुरुक्षेत्र मंडल के बूथ नंबर 145 ने बूथ की कार्यसमिति की सबसे पहले कार्यशाला करके हरियाणा में रिकॉर्ड बनाया है। पिछले दिनों 3 अगस्त को थानेसर विधानसभा के कुरुक्षेत्र मंडल के बूथ नंबर 145 की कार्य समिति घोषित की गई थी और अब भाजपा जिला कार्यालय गीता कमल, कुरुक्षेत्र में कार्य समिति की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला 3 सत्रों में संपन्न हुई, पहला सत्र जिला के अध्यक्ष सरदार तेजिंदर सिंह गोल्डी ने दायित्व बौद्ध का लिया और सभी कार्यकताओं को अपने-अपने दायित्व पर क्या कार्य करना है इसकी बारीकियां को सभी कार्यकर्ता को समझाया और उन्होंने कहा कि हमारा बूथ 145 जिले का सबसे अग्रणी बूथ है, इसी बूथ में जिला कार्यालय आता है और यह बूथ हरियाणा का नंबर एक बूथ बनेगा और हरियाणा में जिला कुरुक्षेत्र का नाम रोशन करेगा । दूसरे सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी जी ने "अपना बूत आदर्श बूथ कैसे बने" इसके टिप्स दिए और कहा आपका बूथ तो वैसे ही आदर्श कार्य कर रहा है, लेकिन फिर भी यदि आप नियमित मासिक बैठक करोगे, पन्ना प्रमुख से बढ़कर पृष्ठ प्रमुख बनाओगे और बूथ पर होने वाले सभी कार्यक्रमों को अच्छे से करोगे तो आपका बूथ आदर्श बूथ बनेगा तीसरा सत्र डॉक्टर ऋषिपाल मथाना ने लिया उन्होंने कार्यकताओं को भाजपा का संविधान, भाजपा के उद्देश्य, संगठन मंत्र, पंच निष्ठाएं और भाजपा के कार्यकताओं की प्रतिज्ञा के बारे में विस्तार से बताया ।डॉ मथाना ने बताया कि सभी ने भोजन मंत्र करके सामूहिक रात्रि भोजन किया और भोजन के उपरांत देशभक्ति का गीत गाकर जिला अध्यक्ष जी ने कार्यक्रम के संपन्न की घोषणा की ।इस अवसर पर जिला के महामंत्री अर्जुन त्यागी , बूथ अध्यक्ष रामफल सहारण, उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, जिला के प्रवक्ता सरबजीत सिंह विर्क, जिला कार्यालय प्रमुख विजय कंबोज ,गुरमीत सिंह, बूथ पालक पुरुषोत्तम शर्मा, शक्ति केंद्र प्रमुख बब एल अरोड़ा, बूथ मंत्री रविंद्र सचदेवा, बी एल ए टू पंकज बंसल , युवा प्रमुख संदीप सिंह, महिला प्रमुख प्रेरणा कुमारी, सह प्रमुख इंदिरा सचदेवा, बिंदु आर्य, लाभार्थी प्रमुख सुनील वशिष्ठ, जोगिंदर सिंह, प्रोफेसर आनंद दुबे, इंजीनियर रणवीर मैहला, सूरज प्रकाश भारद्वाज, मोहित कक्कड़, रामकुमार मांडे , शिक्षण प्रमुख रिटायर्ड प्रिंसिपल नरेंद्र चौधरी, जयप्रकाश शास्त्री, सैनिक प्रमुख इंजीनियर हरि दत्त, विनोद शर्मा, डॉक्टर ज्ञान सिंह, सुशील चित्र ,धीरज कुमार एडवोकेट, जय भगवान, इत्यादि कार्यकर्ता कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# दुखभंजन मंदिर में श्रद्धा व भक्ति से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**



**बाल- गोपाल**

□ इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कन्हैया रूप में कृष्ण को खूब सजाया

**थानेसर** : स्थानीय दुःख भंजन मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा विश्वास से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कन्हैया रूप में कृष्ण को खूब सजाया। सुबह से ही भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति पर माथा टेकने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया और रंग- बिरंगी लाइटों, फूल-मालाओं और आकर्षक झालरों से सजे मंदिर भक्तों की भीड़ से खचा-खच भरे रहे। मंदिर में राधा-कृष्ण के लिए लगे झूले विशेष रूप से सजाए गए थे जहां भक्त- जनों ने भक्ति - भाव से भगवान श्री कृष्ण के झूलों का आनंद लिया। दोपहर 12 बजे से रात्रि 2 तक चली पूजा-अर्चना में श्रद्धालुओं ने बाल - गोपाल को झूला झुलाया और भजन-कीर्तन में डूब कर त्यौहार का आनंद उठाया। मंदिर में भक्ति के स्वर-नंद के आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की-हाथी घोड़ा पालकी,आदि भक्ति भजनों के स्वर देर रात तक गूंजते रहे । भक्त और महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज कर आए, छोटे-छोटे बच्चों ने राधा- कृष्ण का रूप धारण कर सभी का मन हर लिया। मंदिर में बाल- गोपाल की झांकियों और सजावट ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया।

# रोटरी क्लब ने आरसेटीआई में ध्वजारोहण समारोह का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** रोटरी क्लब पानीपत सोलिटेयर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आरसेटीआई पानीपत में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शाम महाजन, पीएमओ, सिविल अस्पताल, पानीपत रहे। इस अवसर पर आरसेटीआई पानीपत के निदेशक नीरज मंडल जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत वृक्षारोपण अभियान और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रचार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रोटरी के वरिष्ठ सदस्य – रोटेरियन अनिल डेलोरी, रोटेरियन डॉ. प्रदीप वर्मा, रोटेरियन अतुल चोपड़ा, रोटेरियन सीमा चोपड़ा, रोटेरियन मनप्रीत सिंह गम्भीर, रोटेरियन नवनीत धिंगड़ा, रोटेरियन नीलू चावला, रोटेरियन सुरेन्द्र भाटिया, रोटेरियन नरेश चोपड़ा तथा रोटेरियन प्रताप सिंह व पानीपत सीए ब्रांच के पूर्व चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा भी उपस्थित रहे।

रोटेरियन सीए गौरव एस. सतिजा (अध्यक्ष) और रोटेरियन सीए कुनाल के. कथुरियाट (सचिव) ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### करंट लगने से युवक की मौत

**जींद।** हरिणा के जींद जिले के बुआना गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के घर में निर्माण कार्य चला रहा था और युवक छत पर मिस्त्री के काम में हाथ बंटा रहा था। इसी दौरान वह छत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, बुआना गांव निवासी कर्ण सिंह के घर में निर्माण कार्य चला रहा था। कर्ण सिंह के बेटे 20 साल के अर्जुन ने हाल ही में आईटीआई पास की थी और वह काम की तलाश में था। अर्जुन का पिता कर्ण सिंह टेलरिंग का काम करता है।

# एवन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**



**ध्वजारोहण**

□ स्कूल के बच्चों में एक के बाद एक देश भक्ति व श्री कृष्ण से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया

एवन पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी व स्वतंत्रता दिवस का समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में तहसील मंडल के प्रधान विनय अरोड़ा और कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम दत्त आर्य ने की। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें श्री राधा माधव कल्याण समिति के प्रधान हुकुमचंद मेहता व महासचिव विजय छाबड़ा , सरस्वती वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की प्रधान इंदू कुकरेजा , पूर्व सैनिक राजेश , तहसील मंडल के महामंत्री सतीशमेहता , तहसील कैंप मार्केट के प्रधान धर्मपाल चोपड़ा , मंडी मार्केट के प्रधान कमल गंभीर , अशोक चोपड़ा आदि प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश बत्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद करते हुए स्कूल के शैक्षिक, संस्कृति व सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

इसके बाद स्कूल के बच्चों में एक के बाद एक देश भक्ति व श्री कृष्ण से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस अवसर पर ओम दत्त आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा आज हमारा देश मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में उन्नति की राह पर अग्रसर है और बच्चों को वीरों की कुर्बानियों को याद रखना चाहिए। विनय अरोड़ा ने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को धर्म का रास्ता अपनाना चाहिए और मोबाइल आदि से दूर रहना चाहिए। हुकुमचंद मेहता ने बच्चों को धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी।

# धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित होगा वामन द्वादशी मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**मंथन**

□ मेले की तैयारियों को लेकर रविवार को सभा की एक बैठक प्रधान यशेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई

**कुरुक्षेत्र** : श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा नगर की धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के सहयोग से तीन तथा चार सितंबर को दो दिवसीय वामन द्वादशी मेला आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर रेणुका सदन में रविवार को सभा की एक बैठक प्रधान यशेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मंच संचालन सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा ने किया। इस बैठक में सदस्यों की मेले की तैयारियों के लिए ड्यूटियां लगाई गई। मेला आयोजन समिति के संयोजक जयनारायण शर्मा ने बताया कि चार सितंबर को वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। शोभायात्रा को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, महामंडलेश्वर बंसीपुरी जी महाराज पूजा अर्चना के बाद रवाना करेंगे। यह शोभायात्रा दोपहर दो बजे दुखभंजन महादेव मंदिर से शुरू होगी और रेलवे रोड गीता स्कूल मार्केट, आर्य समाज मार्केट, आंबेडकर चौक, आहलुवालिया चौक, पालिका बाजार, सीकरी चौक, नया बाजार, कच्चा घेर से होती हुई आंबेडकर चौक से गुजर कर गुरुद्वारा छठी पातशाही चौक से सायं छह बजे सन्निहित सरोवर पर पहुंचेगी जहां पर शानदार आतिशबाजी तथा भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसके बाद वामन भगवान को सन्निहित सरोवर में नौकाविहार करवाया जाएगा और आरती होगी। इस शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। पुष्प वर्षा की जाएगी तथा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान व प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व तीन सितंबर को प्रातः नौ बजे यज्ञ के पश्चात सन्निहित सरोवर स्थित सूर्य नारायण मंदिर सभागार में वामन पुराण की कथा का शुभारंभ होगा। प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शुकदेव जी महाराज व्यासपीठ से वामन पुराण की कथा करेंगे। इसी दिन शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली बच्चों की पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खेल विभाग की ओर से रस्साकशी, कबड्डी , खो-खो इत्यादि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी सन्निहित सरोवर पर होगा। सायं काल को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें वामन भगवान की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी।

# धोखाधड़ी करने के 25 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने एटीएम अपडेट करने के नाम पर धोखाधडी करने के 25 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में थाना साईबर क्राइम टीम ने एटीएम अपडेट करने का नाम पर धोखाधडी करने के 25 हजार के ईनामी आरोपी शमशेर आलम वासी नवाडीह जिला जामताड़ा झारखंड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 3 मार्च 2021 को मनोज कुमार वासी थानेसर ने दी अपनी शिकायत में बताया कि 1 मार्च 2021 को बैंक से एटीएम कार्ड बनवाकर लाई थी। उसने एटीएम में जाकर पासवर्ड डालने की कोशिश की लेकिन मशीन ने कुछ नहीं दिखाया। जिस वजह से उसने कस्टमर केयर से बात की तो उन्होंने कहा कि हम इसे ऑनलाइन चालू कर देंगे।

आपके पास ओटीपी आयेगा हमें वह नम्बर दे देना। उसके बाद उसने उससे ओटीपी लिया और कहा कि कल आपका एटीएम कार्ड चालू हो जायेगा। दिनांक 2 मार्च 2021 को उसके फोन पर मैसेज आया कि आपके खाते से 1 लाख 97 हजार 500 रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर हो चुके हैं जबकि उसने किसी के खाते में कोई ट्रासंफर नही किए हैं।

# माजरी के पास टूटी सड़क पर रुके विधायक कादियान, मौके पर मंगाई जेसीबी, शुरू कराई मरम्मत

**जर्जर सड़क**

**विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा– बरसात के बाद गांवों की हर जर्जर सड़क बनेगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** कैलाना-गोहाना रोड पर माजरी गांव के पास खस्ताहाल पड़ी सड़क की हालत देख विधायक देवेंद्र कादियान खुद रुक गए और वहीं से जेसीबी व मरम्मत सामग्री मंगवाकर गड्ढों को भरवाने का काम शुरू करवा दिया। लगभग 300 मीटर तक टूटी यह सड़क लंबे समय से ग्रामीणों के लिए परेशानी बनी हुई थी। यह रास्ता दर्जनभर गांवों के अलावा गोहाना, खानपुर पीजीआई और जिंदा बाबा धाम जैसे धार्मिक स्थल से जोड़ता है, खराब सड़क के कारण राहगीरों और श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत होती थी।
रविवार को एक कार्यक्रम से लौटते वक्त जब विधायक कादियान माजरी पहुंचे, तो ग्रामीणों ने उन्हें सड़क की दुर्दशा की जानकारी दी। समस्या सुनते ही उन्होंने मौके पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया। ग्रामीणों ने इस पर राहत की सांस ली और विधायक का आभार जताया। विधायक कादियान ने कहा कि गांवों की टूटी सड़कों का स्थायी समाधान बरसात के बाद किया जाएगा। हमारी योजना सिर्फ गड्ढे भरने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर गांव को पक्की सड़क, बेहतर जल निकासी और मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा उन्होंने बताया, गन्नौर-शाहपुर रोड से खानपुर वाया सैयाखेड़ा, कैलाना, दुभेटा और कासन्डी गांव को जोड़ने वाली लगभग 16.15 किलोमीटर लंबी सड़क पर 562.31 लाख रुपए की लागत आएगी। सड़क के बनने से ग्रामीणों और राहगीरों को राहत मिलेगी।
उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर पानी निकासी की सही व्यवस्था न होने से सड़कें जल्दी टूट जाती हैं। इस दिशा में भी ठोस प्लानिंग की जा रही है।

## पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन बचाने का संकल्पः इंस्पेक्टर महेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव सांदल कलां में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। अभियान का शुभारंभ थाना बड़ी के प्रबंधक इंस्पेक्टर महेश कुमार ने पौधा लगाकर किया। इसके बाद सभी ने मिलकर पौधे लगाए और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
इंस्पेक्टर महेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे लगाए गए पौधों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करें, तभी यह अभियान सफल होगा।
गौशाला प्रधान सतपाल ने कहा कि हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए मनीष ट्री मैन ने कहा कि मिलकर गांव-गांव हरियाली बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर सहायक उपनिरीक्षक जसबीर सिंह, नीतिन राजपाल, गांव के नंबरदार राज सिंह, गौशाला प्रधान सतपाल आदि मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, सोना-चांदी के गहने बरामद



**पंचकूला/17 अगस्त**
**मैनपालः** पंचकूला पुलिस की सैक्टर-25 चौकी की टीम ने ठोस कार्रवाई करते हुए घर का ताला तोडकर गहने चोरी करने के मामले में 2 शातिर चोरो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
9 अगस्त को पुलिस चौकी सेक्टर-25 में आकाश कुमार पुत्र प्रकाश वासी गांव सुल्तानपुर जिला उन्नाव (उत्तर प्रदेश) हाल निवासी सेक्टर-25 पंचकूला ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी किसान मंडी सेक्टर-5 में दुकान है। 7 अगस्त को वह अपनी पत्नी के साथ घर पर ताला लगाकर दुकान चला गया था। जब देर रात घर वापस आया तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था, दरवाजा खुला था और घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारी से नकदी व कीमती गहने चोरी हो गए थे। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने तुरंत मौके का निरीक्षण किया और मामला दर्ज कर जांच एएसआई मुरारी लाल को सौंप दी गई।
डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि हमारी टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की गतिविधियों का पता लगाया गया। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की और घेराबंदी कर 15 अगस्त को चौकी इंचार्ज विकास की अगुवाई में टीम ने विशेष छापेमारी कर दोनों आरोपियों को रामगढ़ पुल के नीचे से काबू किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छोटेलाल पुत्र रामकुमार वासी गांव गोरखपुर जिला हरदोई (उ.प्र.) हाल निवासी सेक्टर-26 पंचकूला तथा विकाश पुत्र ओमप्रकाश वासी गांव पीपरी जिला मुरादाबाद (उ.प्र.) हाल निवासी डेराबस्सी के रूप में हुई है।

### भाजपा की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न, विधायक, सांसद, पूर्व मंत्री सहित तमाम नेता रहे उपस्थित



**पंचकूलाः :मैनपाल**
भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल की अध्यक्षता में पंचकूला जिला संगठन की पहली जिला कार्यकारिणी कल रविवार को पार्टी मुख्यालय पंचकमल में आयोजित की गयी। जिला कार्यकारिणी में राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा, कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, जिला प्रभारी रवि बतान, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, नगर महापौर कुलभूषण गोयल सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मोर्चो, विभागों, प्रकोष्ठों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, जिले के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष, मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता व अन्य पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।
अपने अध्यक्षीय संबोधन में अजय मित्तल ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले भर में आयोजित किए गए तमाम सांगठनिक कार्यों का वृतांत डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। मित्तल ने कहा, बतौर जिला अध्यक्ष विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की जिला कार्यकारिणी की अध्यक्षता करना उनके लिए व्यक्तिगत तौर पर सौभाग्य की बात है।
मित्तल ने कहा, जिला संगठन को विस्तार देने एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त करने में वे कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जिला कार्यकारिणी के मुख्य वक्ता व पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमें अपने अतीत से सीख लेते हुए सुनहरे भविष्य का निर्माण करना होगा।

## निरंकारी मिशन का 'वननेस वन' पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ ( मैनपाल):**
सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ह्यवननेस वनह्ण पौधारोपण परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन देशभर के 600 से अधिक स्थलों पर पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।
इसी लड़ी में चंडीगढ़ के सेक्टर 31 में आशादीप बिल्डिंग के समीप के पार्क में भी तथा चंडीगढ़ जोन की कई अन्य ब्रांचों में भी ह्यवननेस वनह्ण पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । सेक्टर 31 के कार्यक्रम में चंडीगढ़ के काउंसलर श्रीमती अंजू कत्याल एवं चंडीगढ़ के जोनल इंचार्ज आदरणीय ओ.पी. निरंकारी जी, संयोजक श्री नवनीत पाठक जी, सभी मुखी महात्मा एवं क्षेत्रीय संचालक महात्मा, सेवादल के अधिकारी तथा अन्य बहिन - भाई काफी संख्या में उपस्थित थे । चंडीगढ़ के जोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी ने बताया की चंडीगढ़ जोन में आज लगभग 500 से अधिक पौधे लगाए गए हैं इसी प्रकार मोहाली इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित कार्यक्रम में मोहाली ब्रांच एवं टीडीआई ब्रांच के सभी सेवादल भाइयों-बहनों और साधसंगत के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
इस अवसर पर मोहाली ब्रांच के संयोजक डॉ. जे.के. चीमा जी एवं टीडीआई ब्रांच के मुखी श्री गुरुप्रताप सिंह जी ने सभी सेवादल और साधसंगत सदस्यों का हृदय से धन्यवाद किया और पर्यावरण संरक्षण के इस पावन प्रयास को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।
संत निरंकारी मंडल के सचिव, आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि ह्यवननेस वनह्ण अभियान केवल हरियाली फैलाने की पहल नहीं है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव, मानवीय उत्तरदायित्व और सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करने का एक समर्पित प्रयास है।

## गांव तेवड़ी के खेत में गिरा बिजली का पोल, करंट लगने का डर



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गांव तेवड़ी में बिजली विभाग की लापरवाही से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। गांव के एक किसान ने शिकायत दर्ज करवाने के बाद बिजली विभाग से खेत में गिरे बिजली के पोल को ठीक कराने की मांग की है। यह पोल खेतों में काम करने वाले किसानों और राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।
शिकायतकर्ता किसान संदीप ने बताया कि गिरा हुआ पोल कई दिनों से वहीं पड़ा है और बरसात के मौसम में इसके तारों से करंट फैलने की संभावना है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी व्यक्ति की जान जा सकती है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तुरंत मौके पर टीम भेजकर पोल को हटाने और नया पोल लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विभाग की अनदेखी के कारण हादसे हो सकता है। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि गिरे हुए पोल को हटाकर नया पोल लगाया जाए ताकि कोई हादसा ना हो ।

## श्री बाबा तारा जी कुटिया परिसर में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)** श्री बाबा तारा जी जी कुटिया सिरसा (श्री तारकेश्वरम धाम) में शनिवार रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया।
दिल्ली और सिरसा के कलाकारों ने एक ओर जहां भजनों पर शानदार प्रस्तुति दी वहीं शिव तांडव, श्रीकृष्ण-रूकमणी और सत्यभाभा संवाद ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों ने करीब तीन घंटा तक जमकर धमाल मचाया पूरा परिसर श्रीकृष्णमय दिखा। कुटिया में भव्य रूप से सजावट की गई थी। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।
श्री बाबा तारा जी जी कुटिया परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुफा के सामने मंच बनाया गया जहां पर दिल्ली और सिरसा के कलाकारों ने एक के बाद एक शानदार प्रस्तुति दी। कुटिया के सेवको ने पहले समाधि में जाकर पूजा अर्चना की और शीश नवाया। इसके बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। सबसे पहले भगवान श्री गणेश जी की वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद श्रीकृष्ण-राधा स्वरूप धारण किए कलाकारों ने एक के बाद एक अनेक शानदार प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने शिव का रूप धारण कर शिव तांडव सहित अनेक प्रस्तुतियां दी। श्रीकृष्ण-रूकमणि और सत्यभाभा के बीच संवाद सभी का दिल छू गया।

## शिव पार्क गन्नौर में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, विधायक कादियान ने की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । शिव पार्क में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान रहे, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी और सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।
विधायक कादियान ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, सत्य और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में रासलीला, दही हांडी प्रतियोगिता, भजन संध्या और श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों और बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में रात को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, हरीश वाधवा, दिनेश अदलखा, प्रवेश मदान, अमित बत्रा, हरीश मदान, सुरेंद्र जाग्या, तरुण चुघ आदि उपस्थित रहे।

## हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**सोनीपत, 17 अगस्त।**
उपायुक्त श्री सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। दिनांक 17 अगस्त को दोपहर 1:00 बजे तक बैराज से लगभग 1,16,686 क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़ा गया है। अनुमान है कि अगले 36 से 40 घंटों के भीतर यह पानी जिला सोनीपत की सीमा में प्रवेश करेगा।
उन्होंने कहा कि यमुना नदी के जल स्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य और भक्तिमय आयोजन

**जन्माष्टमी**

**देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पावन अवसर पर एकत्रित हुए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । ऋषि चैतन्य आश्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य और भक्तिमय आयोजन परम पूज्या गुरुदेव आनंदमूर्ति गुरुमाँ के सान्निध्य में किया गया। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु इस पावन अवसर पर एकत्रित हुए और श्रीकृष्ण की अनुपम जीवन लीला में निहित प्रेम, भक्ति एवं आनंद का रसास्वादन किया।
गुरुमाँ ने कहा, भगवान श्री कृष्ण की उस आकर्षण शक्ति को अपने भीतर, अपने मन में महसूस करिए । भाव से देखें तो यहीं गोकुल है यहीं वृंदावन है, वही सुंदर कृष्ण बाल रूप से बाहर भी है और आत्मरूप से आप में हो विराजमान है। सभी साधक उत्सव में भजन-कीर्तन के गायन व नर्तन की मस्ती में झूमते रहे। ह्यहरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरेह्ण इस महामंत्र का प्रवाहमान कीर्तन करते हुए सभी भक्त पूर्ण श्रद्धा और प्रेम की अनुभूति में मग्न हो गए।
गुरुदेव ने समझाया कि अस्तित्व को समझने के लिए जिस चीज की आवश्यकता है, वह है सत्संग।'
श्रीकृष्ण के जन्म का अद्भुत वर्णन और उनकी बाल लीलाओं का सुंदर चित्रण करते हुए, उन्होंने सुदामा और श्रीकृष्ण के मिलन की मार्मिक कथा द्वारा सभी के हृदयों को कृष्णमय व भावविभोर कर दिया। सभी भक्तजनों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की सुंदर अनुभूतियों को धारण करते हुए प्रेमपूर्ण भोजन प्रसाद को ग्रहण किया।

## कूड़े के ढेर में कबाड़ और पॉलिथीन खाने से रेलवे फ्लाईओवर के पास गाय की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गुमड़ रोड रेलवे फ्लाईओवर के पास लगे कूड़े के ढेर पशुओं की जान के लिए खतरा बन रहे है । गौ रक्षा दल के सदस्यों का कहना है कि कबाड़ और पॉलिथीन खाने से कई गायें व गोवंश बीमार होकर मौत के मुंह में जा रहे हैं। गौ रक्षा दल के सदस्य गोकुल भारद्वाज, ऋतिक सैनी, कार्तिक, कुणाल ने आरोप लगाया कि नगरपालिका सड़क किनारे व फ्लाईओवर के पास कूड़े के ढेर लगाती हैं। इन ढेरों में पॉलिथीन, कांच और जहरीला कचरा पड़ा रहता है जिसे गायें चारा समझकर खा लेती हैं। इससे उनका पेट खराब हो जाता है और कई बार उनकी मौत भी हो जाती है।
रविवार को भी एक गाय की मौत हो गई। गौ रक्षा दल ने प्रशासन से मांग की है कि गायों और गोवंश को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर गौशालाओं में छोड़ा जाए, ताकि उनकी उचित देखभाल और भोजन की व्यवस्था हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति बनी है।

## गन्नौर में भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न, नवनियुक्त खंड अध्यक्षों को मिली जिम्मेदारी

**बैठक**

**संगठनात्मक गतिविधियों तथा संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर विशेष चर्चा की गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । भारतीय किसान संघ सोनीपत की जिला बैठक रविवार को गन्नौर में जिला कोषाध्यक्ष तरुण प्रताप त्यागी के निवास स्थान पर आयोजित की गई।
बैठक की शुरूआत खंड प्रशिक्षण वर्ग के संपन्न होने के उपरांत हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्ययोजना तथा संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर विशेष चर्चा की गई।
बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शमशेर छिकारा ने की। उन्होंने संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां भी कीं। गन्नौर क्षेत्र से विनोद त्यागी को नया गन्नौर खंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, खरखोदा खंड अध्यक्ष रविंदर सिलाना को खंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कोषाध्यक्ष तरुण प्रताप त्यागी ने कहा कि भारतीय किसान संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिले के प्रत्येक गांव में किसान संघ की ग्राम समिति का गठन किया जाएगा। संघ का लक्ष्य है कि हर किसान को संगठन से जोड़ा जाए और कृषि क्षेत्र में स्वावलंबन के नए रास्ते खोले जाएं। पूर्व अखिल भारतीय कार्यकारी सदस्य सविता मोर ने संगठनात्मक और रचनात्मक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसान संघ केवल आंदोलन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि रचनात्मक कार्यों के माध्यम से ग्रामीण समाज और किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना इसका प्रमुख उद्देश्य है। जिला महासचिव नीरज शर्मा धनाना ने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक खाद और कीटनाशकों से दूरी बनाकर जहर मुक्त जैविक खेती को अपनाएं।
बैठक में जिला उपाध्यक्ष ऋषिपाल, जिला सह सचिव अजीत शिशाना, महिला संयोजिका नीलम, विकास पार्षद, विनोद भंडेरी, मुरथल खंड अध्यक्ष राजेंद्र त्यागी तथा पूर्व जिला मंत्री महेश त्यागी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किशनपुरा आर्य समाज मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** किशनपुरा स्थित आर्य समाज मंदिर में जन्माष्टमी और वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। यज्ञ, भजन और प्रवचनों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम में भजनोपदेशक आचार्य प्रमोद, पंडित रामनिवास आर्य, संतोष आर्या और सत्य दिवान ने भक्ति रस से सराबोर भजन प्रस्तुत किए। यज्ञ के बाद प्रवचन हुए, जिसमें जीवन मूल्यों और धार्मिक आचरण पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान ने यज्ञ में आहुति दी और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आर्य समाज सामाजिक सुधार और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है।
इस अवसर पर सुरेश बत्रा, अमृत मोहन हांडा, भारत भूषण आर्य, सुमन सहाय मल्होत्रा, अमित बत्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सेंट सीआर स्कूल में गूंजे देशभक्ति के नारे, संस्थापक सतवीर सिंह पटेल ने किया ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर सेंट सीआर स्कूल, पलवल में धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के संस्थापक सतवीर सिंह पटेल ने ध्वजारोहण कर समारोह की शुरूआत की। राष्ट्रीय ध्वज फहरते ही समूचे स्कूल परिसर में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों की गूंज सुनाई दी और वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया।
सतवीर सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं है बल्कि यह दिन हमें हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और त्याग की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय योगदान दें और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहें।
कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया।

### श्री रमेश पुरी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत कथा व विशाल भंडारा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** गांव मानपुर में श्री रमेश पुरी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा का समापन शनिवार को सामूहिक विशाल भंडारे के साथ हुआ। भंडारे का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया, जो धर्मदास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर धर्मदास महाराज और पूर्व विधायक प्रवीण डागर ने कहा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संत महापुरुषों का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी होता है। उनकी शिक्षाओं और मार्गदर्शन को अपनाकर ही व्यक्ति जीवन को सार्थक बना सकता है।
उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि समाज सेवा और धर्म कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें, जिससे गांव और क्षेत्र में सद्भाव व आपसी भाईचारा और मजबूत हो सके।

### महिंद्रा ने पेश किया ग्लोबल विजन 2027

**गाजियाबाद।** भारत की अग्रणी एसयूवी निमार्ता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने अपने बिल्कुल नए मॉड्यूलर, मल्टी-एनर्जी एनयू आईक्यू प्लेटफॉर्म का अनावरण किया, जो एसयूवी की एक नई श्रृंखला का आधार बनेगा। कंपनी ने इस नए प्लेटफॉर्म पर आधारित चार शानदार कॉन्सेप्ट दिखाकर अपने अगली पीढ़ी के उत्पादों की एक झलक पेश की।
इस क्रांतिकारी एनयू आईक्यू प्लेटफॉर्म का जन्म महिंद्रा की ऑटोमोटिव रणनीति से हुआ है, जिसमें ऐसे उत्पाद बनाए गए हैं जो मोबिलिटी के नियमों को फिर से लिखते हैं और ग्राहकों को समझौता करने से मुक्त करते हैं। इस विजन को चार शानदार एसयूवी कॉन्सेप्ट- विजन एस, विजन टी, विजन एसएक्सटीऔर विजनएक्स के माध्यम से दिखाया गया है, जो महिंद्रा के मुख्य गुणों के साथ-साथ अनदेखे क्षेत्रों को भी संबोधित करते हैं।
महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के प्रेसिडेंट - ऑटोमोटिव बिजनेस (नामित) और महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, आर. वेलुसामी ने कहा, एनयू आईक्यू वैश्विक स्तर पर महिंद्रा एसयूवी के भविष्य के लिए एक रणनीतिक खाका है। इसकी मॉड्यूलर, मल्टी-एनर्जी वास्तुकला के साथ, यह हमें अपने एसयूवी डीएनए के प्रति सच्चे रहते हुए कई 'टॉप हैट्स' और 'पावरट्रेन' पर नवाचार करने की सुविधा देता है। विरोधाभासों को हल करने के लिए डिजाइन किया गया, एनयू आईक्यू हमारी अगली पीढ़ी की एसयूवी की नींव बनता है। यह एक साहसिक कदम और एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है जो ग्राहकों को समझौता करने से मुक्त करता है और वास्तव में वांछनीय, प्रीमियम कोर एसयूवी को मुख्यधारा में लाता है।
महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के चीफ डिजाइन और क्रिएटिव ऑफिसर - ऑटो एंड फार्म सेक्टर्स, प्रताप बोस ने कहा, "हमारे मुंबई और बानबरी में स्थित ग्लोबल डिजाइन स्टूडियो में डिजाइन किए गए एनयू आईक्यू एसयूवी, हमारे हार्टकोर डिजाइन दर्शन के एक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# चुनाव आयोग अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाने में रहा असफल : दीपेंद्र हुड्डा

**नमन**

**सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने शहीद पंडित मदन लाल ढिंगड़ा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रविवार को शहीद पंडित मदन लाल ढिंगड़ा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद उन्होंने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह की व्यवस्थाओं का इस्तेमाल किया है। राहुल गांधी पहले ही प्रेस वार्ता कर कई तथ्य उजागर कर चुके हैं, जिससे साफ हुआ है कि चुनाव आयोग अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाने में असफल रहा और भाजपा की सहायक भूमिका में आ गया है।
सांसद ने कहा कि भाजपा का एकमात्र उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। इसके लिए वह साम, दाम, दंड, भेद और हर प्रकार के यंत्र-मंत्र-तंत्र का प्रयोग कर रही है। उन्होंने नायब सिंह सैनी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा सारी व्यवस्थाओं का इंतजाम किए बैठी है। यही कारण है कि लोग अब चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा जो खुलासे किए गए हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा में भी चेकिंग करवाई जा रही है। जल्द ही हरियाणा में वोट चोरी से जुड़े मामले सामने आएंगे और सबूतों के साथ जनता को बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का तांडव हरियाणा में भी हुआ है और समय आने पर वे सारी बातें सार्वजनिक की जाएंगी। सांसद ने भिवानी के चर्चित मनीषा मर्डर केस को लेकर कहा कि यह बेहद घिनौनी वारदात है। आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि समाज में सख्त संदेश जाए। दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस संगठन को लेकर कहा कि 11 साल बाद पार्टी का संगठन बना है, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।
इसमें हर पृष्ठभूमि से लोगों को शामिल किया गया है। अच्छे कार्यकताओं को अवसर मिला है और अब संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस मजबूती से काम करेगी।

### अमरावती विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला मैनपाल**

अमरावती विद्यालय के प्री-नर्सरी, एल.के.जी. एवं यू.के.जी. कक्षाओं में आज जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा डोगरा जी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुआ, जिसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।
रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने श्रीकृष्ण लीला, नृत्य एवं दही-हांडी जैसे रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दही-हाँडी फोड़ने के क्षण पर विद्यालय परिसर में ह्लहाथी-घोड़ा, पालकी, जय कन्हैया लाल कीह्व के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों–सत्य, प्रेम और करुणा–को जीवन में अपनाने का संदेश दिया ।

### एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस पर मचाया धमाल, पाया प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आगरा चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। जिलेभर के कई विद्यालयों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, लेकिन अपनी अद्वितीय प्रस्तुतियों के दम पर एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया।
विद्यालय के छात्रों ने ह्लऑपरेशन सिंदूरह्व और ह्वविकसित भारतह्व जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति का जोश और विकासशील भारत की झलक साफ दिखाई दी।
ऑपरेशन सिंदूरः वीरता का परिचय
विद्यार्थियों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के माध्यम से भारतीय सेना की बहादुरी और साहस को प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में पाकिस्तान के सैन्य अड्डों पर भारतीय सेना की कार्रवाई को दिखाया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी विकसित की हुई ईवी कार को ब्रह्मोस मिसाइल से लैस सैन्य वाहन के रूप में पेश किया, जिससे दर्शकों में देशभक्ति की भावना और भी प्रबल हुई।
विकसित भारतः भविष्य की झलक
दूसरी प्रस्तुति ह्यविकसित भारतह्व थी, जिसमें छात्रों ने देश की उपलब्धियों और प्रगति को प्रदर्शित किया।



### युवती लापता, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। जो रोजाना की तरह निजी अस्पताल में ड्यूटी पर तो पहुंची, लेकिन काम खत्म होने के बाद घर नहीं लौटी। परिजन ने जब उसे अपने स्तर पर हर जगह तलाश किया, तो कोई सुराग नहीं मिला।
मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ मिलने के बाद परेशान पिता ने सदर थाना महेंद्रगढ़ के तहत आकोदा पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। सदर थाना महेंद्रगढ़ की आकोदा पुलिस चौकी में पुलिस को दी गई शिकायत में गांव बसई के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं। जिनमें से लड़की 21 साल की है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में एसडीएम ज्योति सिंह सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**



**पलवल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलेभर में देशभक्ति का उत्साह चरम पर रहा। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उपस्थित जनसमूह को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और शहीदों को नमन किया। \कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमें अपने उन वीर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी का यह अमूल्य पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

समारोह में बेहतर प्रशासनिक कार्य और जनहित के लिए उल्लेखनीय योगदान देने पर पलवल की एसडीएम ज्योति सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री राजेश नागर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि जिले के विकास एवं सुशासन में अधिकारियों की भूमिका अहम है और ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा स्रोत बनते हैं।

## चालीस साल बाद कश्मीर के बाहर से गए विद्यार्थियों ने श्रीनगर के लाल चौक फहराया तिरंगा

**स्वाधीनता दिवस**

**चार दशक पहले नरेंद्र मोदी मुरली मनोहर जोशी की अगुवाई में फहराया गया था तिरंगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** देश के 79वें स्वाधीनता दिवस पर जम्मू काश्मीर के बाहर से गए हरियाणा के विद्यार्थयों ने श्री नगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया। इससे चालीस साल पहले डा. मुरली मनोहर जोशी और नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विद्यर्थियों द्वारा निकाली गई एकता यात्रा के दौरान लाल चौक पर तिरंगा फहराया था। इंडियन मीडिया सैंटर की छात्र विंग की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई थी, जिसका समापन श्रीनगर में लाल चौक पर हुआ।
इस यात्रा का संयोजन आईएमसी के महासचिव नरेंद्र सिंह ने किया। इसमें हरियाणा की 120 छात्राएं शामिल रही। यह यात्रा रोहतक से शुरू होकर श्रीनगर पहुंची। यात्रा के साथ गए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के मीडिया समन्वयक पवन शर्मा ने कहा कि जहां पर कभी आतंक का साया हुआ करता था, वहां अब शान से तिरंगा लहरा रहा है।
उन्होंने कहा कि यह सब देश के ही नहीं, बल्कि विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से पूरा हुआ है। उन्होंने बताया कि लाल चौक पर तिरंगा फहराना उनके लिए किसी रोमांचक अनुभव से कम नहीं था। इसकी रौनक देखते ही बन रही थी। श्रीनगर का लाल चौक देशभक्ति में डूबा दिखाई दिया। उन्होंने यहां पर बहुत ही शान से तिरंगा फहराया। इससे उनका वह सपना जो उन्होंने साल 1991 में एक विद्यार्थी के रूप में देखा था, वह आज पूरा हुआ। यह 1991 का साल था, जब बीजेपी नेता मुरली मनोहर जोशी ने कन्याकुमारी से एकता यात्रा निकाली थी। यात्रा हरियाणा सहित कई राज्यों से होते हुए कश्मीर के श्रीनगर पहुंची, जहां लाल चौक पर झंडा फहराया जाना था। इस दौरान उनके साथ वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी थे, जो उस समय यात्रा के व्यवस्थापक थे। जोशी ने कहा था कि वे लोग वहां 26 जनवरी को तिरंगा फहराना चाहते हैं, लेकिन आतंकियों ने श्रीनगर के की हर दीवार पर धमकी भरी पोस्टर चिपका दिए। मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने तमाम बाधाओं को पार कर लाल चौक पर तिरंगा फहराकर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया।
पवन शर्मा ने बताया कि उस समय वे आरएसएस के अनुसांगिक संगठन विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता थे और करनाल में इस यात्रा के न केवल प्रत्यक्षदर्शी थे, बल्कि इसमें सक्रिय भागीदारी भी की। उन्होंने तभी संकल्प ले लिया कि वह भी एक दिन इस लाल चौक पर तिरंगा जरूर फहराएंगे।

### अखंड भारत संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, हिन्दू एकता का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल पलवल इकाई के तत्वावधान में शनिवार को अखंड भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर राष्ट्रभक्ति और हिन्दू एकता का परिचय दिया। यात्रा का उद्देश्य अखंड भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना और समाज को संगठित करने का आह्वान करना रहा। यात्रा का शुभारंभ हुड्डा चौक से हुआ। इस दौरान कार्यकताओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर नारे लगाए और राष्ट्रहित में एकजुट होने का संदेश दिया। यात्रा ओल्ड जीटी रोड, कमेटी चौक, मीनार गेट, सोहना रोड से होते हुए सीताराम मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।
इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के क्षेत्रीय महामंत्री मुनीष भारद्वाज ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी तो मिली लेकिन देश का विभाजन कर दिया गया। इतिहास गवाह है कि भारत के कई बार टुकड़े हुए और आज भी देशविरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज और उनकी धार्मिक यात्राओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। ऐसे में समाज को संगठित होना होगा और जनसंख्या संतुलन बनाए रखना होगा।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यहूदी समाज ने दो हजार साल बाद भी अपने संकल्प से इजराइल को मजबूत राष्ट्र बनाया, तो भारत अखंड क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने और बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को बाहर निकालने की मांग की।

### सिरसा में शहीद मदनलाल धींगड़ा को दी श्रद्धांजलि, किया माल्यार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक )**

अरोड़ा खत्री एकता पंजाबी कम्युनिटी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी शहीद मदनलाल धींगड़ा की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुखविंदर दुग्गल ने शहीद मदनलाल धींगड़ा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और देश के लिए उनके बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे वीरों की शहादत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। इस मौके पर अरोड़ा एकता सभा के अन्य पदाधिकारी व सदस्य अशोक कुमार, सुभाष गावड़ी, पलविंदर दुग्गल, कृष्ण मेहता, रमेश चौधरी, गौरव परुथी, प्रीतम सोढ़ी भी मौजूद रहे। सभी ने देशभक्ति के गीतों व नारों के साथ वीर शहीद को नमन किया

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में 24 एनसीसी कैडेट्स सम्मानित

**रादौर, 17 अगस्त (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में जेएमआईटी के सीनियर डिवीजन एनसीसी टीम के 24 कैडेट्स को शानदार प्रदर्शन करने पर एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने सम्मानित किया गया। संस्थान की एनसीसी टीम का प्रदर्शन प्लाटून कमांडर वंश के नेतृत्व ण में हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थान की टीम को सर्वश्रेष्ठ घोषित करते हुए ट्रॉफी प्रदान की गई। यह ट्रॉफी संस्थान की ओर से एनसीसी के संचालक लेफ्टिनेंट डिंपल कुमार ने प्राप्त की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि जेएमआईटी के छात्रों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना न केवल एनसीसी, बल्कि यहां प्राप्त हो रही शिक्षा और सकारात्मक वातावरण से भी विकसित होती है।



## मनीषा हत्याकांड से पूरा हरियाणा शर्मिंदा, नींद से जागे भाजपा सरकार: चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़, सिरसा (रणबीर खटक) जननायक** जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने मनीषा हत्याकांड की तुलना निर्भया केस करते हुए दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर उन्हें सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। दिग्विजय ने कहा कि वे भी एक बेटी के पिता हैं और इस घटना से पूरा हरियाणा शर्मिंदा हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा हरियाणा मनीषा को न्याय दिलाने की मांग कर रहा है, लेकिन भाजपा सरकार नींद में सोई हुई है। कई दिन बीत जाने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर दिग्विजय चौटाला ने सीएम नायब सिंह सैनी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सीएम दिल्ली दरबार के आदेशों के पालन में जुटे हुए है, इसलिए पुलिस को फ्री हैंड नहीं दे रहे है और बेटी को न्याय मिलने में देरी हो रही है। रविवार को दिग्विजय चौटाला ने मनीषा को न्याय दिलाने के लिए ढिगावा में धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन किया और कहा कि मुख्यमंत्री को धरना स्थल पर आकर पीड़ित परिवार को आश्वासन देना चाहिए कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।



दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने हड़बड़ी में भिवानी के एसपी को बदला और अब मामले को जातिगत रंग देने का भी प्रयास किया जा सकता है।
उन्होंने कहा कि वास्तविक आरोपियों को पकड़ने की बजाय अन्य लोगों को पकड़कर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास नहीं होने देंगे। दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है और हरियाणा के असुरक्षित माहौल पर सीएम का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम को बुलडोजर कार्रवाई की चेतावनी देने की बजाय दोषियों को पकड़ने पर जोर देना चाहिए। दिग्विजय ने कहा कि सीएम से गृह विभाग नहीं संभाल रहा है तो वे किसी जिम्मेदार शख्स को इसकी जिम्मेदारी सौंपे। उन्होंने आगे कहा कि अच्छा व्यक्ति और अच्छा शासक होने में अंतर होता है इसलिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को चौ. देवीलाल, ओमप्रकाश चौटाला, चौ. भजनलाल, चौ. बंसीलाल जैसे अच्छे प्रशासकों से सीख लेनी चाहिए कि कैसे प्रदेश को चलाया जाता है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश में बहुत सारे काबिल अधिकारी है लेकिन सीएम पुलिस को खुली छूट नहीं दे रहे है।

## जेडी पब्लिक स्कूल ललपुरा ने जीता दिल, शिव तांडव की प्रस्तुति ने बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर शहीदों को नमन किया और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में जेडी पब्लिक स्कूल ललपुरा के बच्चों की प्रस्तुति सबसे आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय के छात्र रुद्र देशवाल ने विशेष रूप से बाबा भोलेनाथ का किरदार निभाया और मंच पर जब उन्होंने शिव तांडव प्रस्तुत किया तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया बल्कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश नागर और मंच पर मौजूद अधिकारियों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया।



# रोहित शर्मा 45 की उम्र तक खेल सकते हैं', बस फिटनेस पर ध्यान दें: योगराज

**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा उस स्तर के खिलाड़ी हैं जो 45 साल की उम्र तक भी खेल सकते हैं। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है, लेकिन वह अभी वनडे में खेलते हैं। इस पर चर्चा जोरों पर है कि क्या रोहित 2027 वनडे विश्व कप तक खेलना जारी रखेंगे?

**रोहित आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते आए थे नजर**

रोहित ने भारत के लिए आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और उनकी कप्तानी में टीम ने खिताब अपने नाम किया था। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन बनाए थे। रोहित को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। रोहित के खेलने या नहीं खेलने पर क्रिकेट विशेषज्ञों की अलग राय है क्योंकि उनकी फिटनेस बड़ा मुद्दा रही है। रोहित के भविष्य पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन योगराज ने रोहित के अगले पांच साल और खेलने का समर्थन किया है। मालूम हो कि रोहित वनडे के अलावा आईपीएल में खेलते हैं।

**सलाह**

**रोहित के भविष्य पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी**



योगराज ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए कहा, रोहित शर्मा ऐसे खिलाड़ी हैं जिसके बारे में कई लोग बकवास करते हैं। वह जिस तरह बल्लेबाजी करते हैं, उसे देखिए। एक तरह उनकी बल्लेबाजी और दूसरी तरफ शेष टीम की बल्लेबाजी। एक तरफ उनकी पारी और दूसरी तरफ दुनिया में किसी अन्य बल्लेबाज की पारी। यह रोहित का क्लास है। आपको कहना चाहिए कि रोहिच आपकी हमें पांच साल और जरूरत है यार, इसलिए आप देश के लिए और भी योगदान दें। अपनी फिटनेस और सबकुछ पर मेहनत करें।

**चार आदमी उनके साथ लगाएं और सुबह 10 किमी तक दौड़ें**

उनका स्तर ऐसा है कि अगर वह चाहें तो 45 साल की उम्र तक खेल सकते हैं।

**घरेलू क्रिकेट में खेलने की दी सलाह**

योगराज ने रोहित से खुद को फिट रखने के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलने की सलाह दी है। योगराज ने कहा, मेरा मानना है कि रोहित को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। वह जितना खेलेंगे, उतने ही फिट रहेंगे। फाइनल में कौन प्लेयर ऑफ द मैच रहा था? रोहित शर्मा, इसलिए आपको सिर्फ उसी बारे में बात करनी चाहिए जिसे आप जानते हैं। अगर आपको उनके खेल और फिटनेस के बारे में बात करनी है, तो तभी करें जब आप किसी स्तर पर खेले हों। क्या आपको इस तरह बात करने में शर्म आती है?

# हिपसा ने सीएम सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र सौंपा

**नई दिल्ली।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिपसा) ने रविवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र सौंपा। यह प्रतिष्ठित सम्मान पिछले वर्ष 24 मार्च को हरियाणा के पंचकूला में आयोजित कबड्डी प्रदर्शनी मैच में सबसे बड़ी भागीदारी के लिए प्रदान किया गया था, जिसने इस पारंपरिक भारतीय खेल के लिए एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया। हिपसा की अध्यक्ष कांथी डी. सुरेश और जीआई-पीकेएल संस्थापक कार्तिक दम्मू ने मुख्यमंत्री सैनी को यह प्रमाण पत्र दिया। भारत ने 24 मार्च को विश्व कबड्डी दिवस पर आयोजित कबड्डी कार्यक्रम में 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया था। विश्व रिकार्ड कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के



एथलीटों, युवाओं और खेल प्रेमियों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही, जिसने कबड्डी के गढ़ के रूप में हरियाणा की विरासत को और मजबूत किया।

हाल ही में पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में शुरू हुए छठे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में मुख्यमंत्री सैनी ने भाग लेने वाले एथलीटों का मनोबल बढ़ाते हुए कबड्डी मैच शुरू करके इस आयोजन का उद्घाटन किया था। सैनी ने आशा व्यक्त की कि हरियाणा के एथलीट 2036 के ओलंपिक में भारत के लिए सबसे ज्यादा पदक जीतेंगे और वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने हर गांव से एक ऐसा एथलीट तैयार करने का लक्ष्य दोहराया जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहरा सके। हिपसा वैश्विक मंच पर भारतीय खेलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। इस वर्ष हिपसा ने अप्रैल में ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें यूरोप, अफ्रीका और एशिया के खिलाड़ियों ने भाग लिया और खेल भावना के माध्यम से प्रवासी समुदाय को एकजुट किया।

# बोडोलैंड को हराकर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड सेमीफाइनल में

**कोकराझार (असम)।** गत विजेता बीती नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने कोकराझार स्थित खचाखच भरे साई स्टेडियम में बोडोलैंड एफसी को 4-0 से हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मोरक्को के स्ट्राइकर अलाएद्दीन अजराय ने दो गोल दागे, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी एंडी गार्सिया और स्थानापन्न पार्थिब गोगोई ने भी गोल दागे, जिससे हाईलैंडर्स का अंतिम चार में शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ रोमांचक मुकाबला तय हो गया। विकास पंथी ने 4-2-3-1 की एक स्थिर लाइनअप उतारी, जिसमें दैमारी गोलकीपर और रॉबिन्सन मुख्य पंक्ति में थे, जिनका साथ प्रांजल और ग्वुम्सर गायरी ने दिया। ग्रुप फाइनल में खिलाड़ियों को आराम देने के बाद, एनई यूएफस के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने अपनी मजबूत एकादश में वापसी करते हुए, अपनी चिर-परिचित 4-3-3 की लाइनअप उतारी, जिसमें कप्तान मिगुएल जबाको बैकलाइन की कमान संभाल रहे थे, गुरमीत सिंह गोलकीपर और अजराय, जितिन एमएस और लालरिनजुआला की एक मजबूत अग्रिम पंक्ति थी। शुरूआती 15 मिनट में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर जोरदार वार किए। रॉबिन्सन, प्रांजल



और उजॉंय ब्रह्म ने एक तरफ गुरमीत की कड़ी परीक्षा ली, जबकि दूसरी तरफ अजराई, लालरिनजुआला और एंडी ने दैमारी को शानदार बचाव करने पर मजबूर किया। 17वें मिनट में, एंडी की दाईं ओर से लगाई गई कर्लिंग फ्री किक लगभग गोल में पहुंच गई थी, लेकिन डायमेरी ने पास के पोस्ट पर गेंद को रोक दिया। 29वें मिनट में सफलता मिली। बोडोलैंड की रक्षात्मक चूक के कारण जिथिन एमएस ने दाईं ओर से आकर अजराई को पास दिया, जिन्होंने शांति से दैमारी को पछाड़कर घरेलू दर्शकों को शांत किया और चैंपियन को बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद, स्थानापन्न अर्जुन मार्डी के पास बोडोलैंड के लिए बराबरी का सबसे अच्छा मौका था, लेकिन वह अपना प्रयास चूक गए, जबकि जूनियर ओन्गुएने को गुरमीत ने रॉबिन्सन के चतुर पास पर रोक दिया। हाईलैंडर्स हाफटाइम के समय अपनी बढ़त को दोगुना कर सकते थे, जब अजराए दैमारी के साथ आमने-सामने थे, लेकिन बोडोलैंड के गोलकीपर ने डटे रहकर फाउल किया, जिससे पहले हाफ के अंत में अंतर 1-0 पर बना रहा। बोडोलैंड ने मैच दोबारा शुरू होने के बाद आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन अंतिम तीसरे हिस्से में उनकी बढ़त की कमी 53वें मिनट में खली। जबाको द्वारा शुरू किए गए एक तेज मूव ने बाईं ओर से बुआंथांगलुन सामते को पास दिया, जिनके क्रॉस को एंडी गैटन ने बीच में रोक दिया। स्पेनिश खिलाड़ी का निचला शॉट दैमारी की उंगलियों में लगने के बावजूद गोल में पहुंच गया।

# आईएसएल क्लबों ने एआईएफएफ को पत्र लिखकर दी चेतावनी

**नई दिल्ली :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11 क्लबों ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को चेतावनी दी है कि अगर इस शीर्ष-स्तरीय घरेलू प्रतियोगिता के भविष्य को लेकर चल रहे गतिरोध का जल्द ही हल नहीं किया गया तो क्लबों के पूरी तरह से बंद होने का वास्तविक संकट बना रहेगा। आईएसएल का गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है जिस कारण चिंता बनी हुई है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे एक पत्र में क्लबों ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ और आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) का नवीनीकरण नहीं होने के कारण उत्पन्न हुए संकट ने भारत में पेशेवर फुटबॉल को पंगु बना दिया है। क्लबों ने पत्र में कहा, पिछले 11 वर्षों में निरंतर निवेश और लगातार प्रयास के माध्यम से क्लबों ने युवा विकास प्रणालियां, प्रशिक्षण अवसंरचना, सामुदायिक पहुंच कार्यक्रम और पेशेवर टीमें बनाई हैं। इन टीमों ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की फुटबॉल साख को बढ़ाया है। यह प्रगति अब पतन की ओर बढ़ने लगी है। मौजूदा परिस्थितियों ने तत्काल और गंभीर परिणाम उत्पन्न किए हैं। मौजूदा समय में संचालन निलंबित होने और लीग की निरंतरता पर कोई निश्चितता नहीं होने के कारण कई



क्लबों को पूरी तरह से बंद होने की वास्तविक संभावना का सामना करना पड़ रहा है।

**अनिश्चितकाल के लिए रुका है आईएसएल का सत्र**

एफएसडीएल ने एमआरए पर हस्ताक्षर नहीं होने का हवाला देते हुए 2025-26 सत्र को 11 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए रोकने की घोषणा की थी जिसके बाद मौजूदा स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके बाद कम से कम तीन क्लबों ने अपनी मुख्य टीम के संचालन को रोक दिया है या खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को निलंबित कर दिया है। क्लबों ने लिखा, यह केवल प्रशासनिक गतिरोध नहीं है, बल्कि भारतीय फुटबॉल के लिए एक अस्तित्व का संकट है। हम आपको सबसे गंभीर परिस्थितियों में लिख रहे हैं। लीग की अनिश्चितता के कारण पिछले एक दशक से प्रशंसकों, प्रायोजकों, निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल निकायों के साथ बड़ी मेहनत से बनाया गया विश्वास पर खतरा मंडरा रहा है।

# पाकिस्तान ने त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम घोषित की

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को आगामी त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप 2025 के लिए 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं मिली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार सलमान अली आगा त्रिकोणीय श्रृंखला और उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व करेंगे। पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में फखर जमान, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, हसन अली और फहीम अशरफ जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सैम अयूब, हसन नवाज और मोहम्मद हारिस जैसे



युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान की टीम पहले 29 अगस्त से 7 सितम्बर के बीच यूएई और अफगानिस्तान के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेगी। इसके बाद टीम 9 से 28 सितंबर के बीच होने वाले एशिया कप 2025 में खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा।

**बाबर, रिजवान बाहर**

**पाकिस्तान टीम पहले 29 अगस्त से 7 सितम्बर के बीच यूएई अफगानिस्तान के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेगी**

पाकिस्तान की टीमसलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी और सुफयान मोकिम।

ट्राई सीरीज शेड्यूल (सभी मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में)

29 अगस्त- अफगानिस्तान बनाम पाकिस्तान

30 अगस्त- यूएई बनाम पाकिस्तान

1 सितंबर- यूएई बनाम अफगानिस्तान

2 सितंबर- पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान

4 सितंबर- पाकिस्तान बनाम यूएई

5 सितंबर- अफगानिस्तान बनाम यूएई

7 सितंबर- फाइनल

# एक बार फिर आमने-सामने होंगे कार्लोस अल्कारेज और सिनर

**सिनसिनाटी :** स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर एक बार फिर आमने-सामने होंगे। अल्कारेज और सिनर ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज की और अब ये दोनों शीर्ष खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन के खिताबी मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमाने को 7-6, 6-2 से हराया। सिनर की हार्ड कोर्ट में यह लगातार 26वीं जीत है। दूसरी ओर, अल्कारेज में एलेक्सजेंडर ज्वेरेव को हराकर टूर स्तर के लगातार सातवें फाइनल में जगह



बनाई। अल्कारेज ने ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराया और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। सिनसिनाटी ओपन का फाइनल सोमवार को खेला जाएगा। यह लगातार चौथा मौका होगा जब अल्कारेज और सिनर किसी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे।

# सैफ अंडर 17 चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने रविवार को सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप भूटान 2025 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। चैम्पियनशिप 20 से 31 अगस्त तक भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित होगी।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को बताया कि एलेक्जेंडरसन अब अंडर-17 टीम का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में भारतीय अंडर-20 टीम को दो दशकों में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के क्वालिफाई कराने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई थी। सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप में चार टीमें (भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश) एक डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 20 अगस्त को नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके बाद बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और अंत में बांग्लादेश (31 अगस्त) के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे। सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम

गोलकीपर्स : मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, तम्फासना देवी कोंजेंगबाम।

डिफेंडर्स : अलीना देवी सारंगथेम, अलीशा लेंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, प्रिया, रितु बड़ाईक, तानिया देवी टोनंबम।

मिडफील्डर्स : अभिस्ता बासनेट, अनिता डुंगडुंग, बीना कुमारी, बोनिफिलिया शुल्लाई, जुलान नोंगमैथेम, प्रितिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की।

फॉरवर्ड्स : अनुष्का कुमारी, नीरा चानू लोंगजम, पर्ल फर्नांडीस, वैलैना जाडा फर्नांडीस।

# ब्रेविस के अनुबंध विवाद पर सीएसके का बयान आने के बाद अश्विन की सफाई

**नई दिल्ली :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने डेवाल्ड ब्रेविस के अनुबंध को लेकर दिए अपने बयान पर सफाई दी है। हाल ही में अश्विन ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर ब्रेविस के अनुबंध पर संकेत दिया था कि पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम ब्रेविस की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार थी जिसके बाद विवाद छिड़ गया था। हालांकि, सीएसके ने इस बारे में स्पष्टीकरण दिया था और अश्विन के दावे को खारिज कर दिया था। सीएसके ने आईपीएल 2025 के बीच सत्र के दौरान तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह के स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर ब्रेविस को टीम



में शामिल किया। सीएसके ने 2.2 करोड़ रुपये में ब्रेविस के साथ करार किया था। अश्विन ने दावा किया था कि इस युवा खिलाड़ी को उनकी मांग पर बड़ी धनराशि दी गई थी। हालांकि, सीएसके ने इस दावे को खारिज किया है और कहा है कि ब्रेविस के साथ करार आईपीएल के नियमनुसार ही किया गया था।

**अश्विन बोले- बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बयान**

सीएसके के स्पष्टीकरण के बाद अब अश्विन ने भी सफाई दी है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि उन्होंने सिर्फ तथ्य बताए हैं और उनकी टिप्पणियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा कि अगर ब्रेविस के करार में कुछ गड़बड़ होती तो यह कदम नहीं उठाया जाता, क्योंकि अगर ऐसा होता तो आईपीएल इसे रोक देता। अश्विन ने कहा कि पिछले वीडियो में उनका इरादा ब्रेविस के मौजूदा फॉर्म के बारे में बात करना था।

**स्पष्ट किया**

**चैंपियन टीम ब्रेविस की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार थी**

**अश्विन ने अपने बयान को लेकर दी स्पष्टीकरण**

अश्विन ने कहा, हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां हमें सच्ची बातों पर भी स्पष्टीकरण देना पड़ता है। ऐसे में यह थोड़ा मुश्किल है। लेकिन मैं इस पर बात नहीं करूंगा। यहां किसी की कोई गलती नहीं है। इस मामले पर स्पष्टीकरण इसलिए दिया गया है क्योंकि बहुत से लोगों को संदेह था। मुद्दा यह है कि खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है, फ्रेंचाइजी की कोई गलती नहीं है और शायद गवर्निंग बॉडी की भी कोई गलती नहीं है। हम सभी को यह समझना होगा कि अगर किसी फ्रेंचाइजी को किसी खिलाड़ी की जरूरत होती है, तो फ्रेंचाइजी उस खिलाड़ी या खिलाड़ी के एजेंट से बात करती है और बीसीसीआई से कहती है, देखिए, हमारा ये खिलाड़ी चोटिल है, हमें एक और खिलाड़ी चाहिए। मामला यहीं खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा, आईपीएल या जिन्हें मंजूरी देनी होती है, वे मंजूरी दे देते हैं।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर आईसीसी ने जताया शोक

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया और 1990 के दशक में टीम के विश्व क्रिकेट में शिखर तक पहुंचने के दौरान एक खिलाड़ी, कप्तान और कोच के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।

**जय शाह ने सिम्पसन के योगदान को सराहा**

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक



बयान में सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें लंबे समय तक याद रखा जाएगा। शाह ने बयान में कहा, 'बॉब सिम्पसन खेल के महान खिलाड़ियों में से एक थे और उनके निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनकी विरासत बहुत बड़ी है। एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में एक कोच के रूप में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आकार दिया और वैश्विक खेल को प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की एक ऐसी पीढ़ी का मार्गदर्शन किया जो आगे चलकर किंवदंतिया बन गए और उनका प्रभाव मैदान से कहीं आगे तक था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से मैं उनके परिवार, दोस्तों और पूरे क्रिकेट जगत के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। उनका निधन खेल के लिए एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 18 अगस्त 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417



## दर्द से निपटने के आसान व असरकारी उपाय

### सोच के साथ बदल सकता है हर तरह का दर्द

आप जितना अधिक अपने दर्द के बारे में सोचेंगे दर्द उतनी अधिक शिद्दत से महसूस होगा और आप इससे अधिक परेशान होंगे। अपने नजरिए में थोड़ा-सा सकारात्मक बदलाव लाकर आप दर्द के अहसास को निश्चित रूप से कम कर सकते हैं। कुछ विशेष तकनीकें भी अपनाई जा सकती हैं जैसे- ध्यान, मेडिटेशन, लॉफ्टर थेरेपी, सम्मोहन चिकित्सा आदि।

इन तकनीकों से दर्द के प्रति सोच व प्रतिक्रिया में निश्चित रूप से एक सकारात्मक बदलाव आता है और इसकी तीव्रता कम होती है।

### कल्पनाशीलता का उपयोग करें

कल्पनाशीलता के सावधानीपूर्वक उपयोग से व्यक्ति में कई फायदेमंद शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक परिवर्तन लाए जा सकते हैं। इसमें व्यक्ति को ऐसे स्थान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा जाता है, जहां दर्द न हो यानी दर्द से ध्यान हटाकर कहीं और लगाने की कोशिश की जाती है।

### सोचने का तरीका बदलें

किसी खास स्थिति को लेकर आपके सोचने और रिएक्ट करने का ढंग आपके लिए उस स्थिति को बेहतर या बदतर बनाता है। यदि आप सोचेंगे कि मैं दर्द से बेहाल हूं, मेरा दर्द लगातार बढ़ता जा रहा है तो दर्द भी आपको पूरे दम-खम के साथ सालता रहता है। इसके विपरीत यदि आप सोचें कि गहरी-गहरी सांसे लेने से मेरा दर्द कम होगा और गहरी सांसें लेने लगें तो धीरे-धीरे दर्द के अहसास और तीव्रता में निश्चित तौर पर कमी आएगी।

वैज्ञानिक अनुसंधानों ने भी इस बात को साबित किया है कि यदि आप अपने मस्तिष्क को दर्द के प्रति अलग ढंग से प्रतिक्रिया करने की ट्रेनिंग देते हैं और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं तो दर्द के प्रभाव निश्चित रूप से घट जाते हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि केवल 9 घंटे मस्तिष्क की इस प्रकार की ट्रेनिंग (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी) से पुराने पीठ दर्द और अकड़न में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

- अपने दर्द को किसी ऐसी मशीन पर केंद्रित करने की कोशिश करें जिसे आप नियंत्रित कर सकते हों। अब आप उस मशीन की गति को कम करने की कल्पना करें। इससे दर्द की अनुभूति कम हो जाएगी।
- वर्ग पहेली, सुडोकू जैसे ध्यान बंटाने वाले खेल खेलें।
- कोई रोचक किताब पढ़ें।
- अपने परिवार व मित्रों के साथ समय बिताएं। इससे आपका ध्यान दर्द से हट जाएगा।

हो सकता है कि शुरुआत में ये उपाय करना मुश्किल लगें या ऐसा लगे कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, लेकिन हार न मानें। कभी-कभी दर्द से ध्यान हटाना मुश्किल हो जाता है और अगर आप इस बारे में सोचना बंद ही नहीं करेंगे तो कोई उपाय या तकनीक काम नहीं कर पाएगी।

### सम्मोहन चिकित्सा

कभी-कभी सम्मोहन चिकित्सा का इस्तेमाल दर्द से ध्यान हटाने के लिए भी किया जाता है। व्यक्ति को सम्मोहन की अवस्था में लाकर उसे सकारात्मक सुझाव दिए जाते हैं। दर्द से निपटने के तरीकों को उसकी मनोचेतना में डाला जाता है ताकि सम्मोहन से बाहर आकर भी व्यक्ति दर्द के प्रभाव को कम महसूस करे।

ध्यान व योग द्वारा भी दर्द से ध्यान हटाया जा सकता है। स्वयं को सुझाव देना (ऑटो सजेशन थेरेपी) भी कारगर होती है।



## जलेबी के शौकीन हैं तो हो जाएं सावधान

जलेबी की मिठास के शौकीन हैं और इसे देखकर अगर आप अपने मन पर काबू नहीं रख पाते हैं तो हाल में हुए शोध से मिली जानकारी आपके लिए ही है।

हफिंगटनपोस्ट वेबसाइट पर प्रकाशित सर्वेक्षण में जलेबी को दुनिया के सबसे नुकसानदायक व मोटापा बढ़ाने वाले व्यंजनों में से एक माना गया है।

जलेबी में है खूब सारी कैलोरी

शोधकर्ताओं ने जलेबी में मौजूद कैलोरी और चासनी को सेहत के लिए नुकसानदायक माना है।

एक जलेबी में 143 कैलोरी होती है और एक जलेबी में भला किसका मन भरता है। ऐसे में अगर आप 100 ग्राम जलेबी भी एक बार में खाते हैं तो जरा सोचें कि आप कितनी कैलोरी बढ़ाते हैं।

और भी कई व्यंजन

सेहत के लिए सबसे नुकसानदायक व्यंजनों में एकमात्र भारतीय व्यंजन जलेबी ही माना गया है। इसके अलावा, इटली का कैलज़ोन पिज्जा, ब्राजील का एक्रेजे, स्पेन का चूरोस,जॉर्जिया का खाचापुरी, फ्रांस का न्यूटेला क्रेप्स, स्कॉटलैंड के डीप फअराइड मार्स बार और जापान का रामेन सबसे नुकसानदायरक व्यंजनों की सूची में शामिल हैं।

## एग्जैम में न करें आंखो को अनदेखा

आम तौर पर एग्जैम की डेट नजदीक आते ही लोग किताबों से चिपक जाते हैं। अच्छे रिजल्ट के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। फिर चाहे रात हो या दिन, लगातार उनकी आंखें किताबों के सामने होती हैं। लगातार पढ़ाई करने में सबसे अधिक दिमाग व आंखों का इस्तेमाल होता है। दिमाग की सेहत के लिए तो लोग न्यूट्रिशनल डाइट लेते हैं, पर आंखों की सेहत को नजर अंदाज कर देते हैं। डीडी के साथ जानते हैं एग्जैम के दौरान कैसे करें



### आंखों की देखभाल

घंटों पढ़ते रहने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है। फोर्टिस हेल्थकेयर के ऑप्थेल्मोलॉजी विभाग के डॉ. संजय धवन बताते हैं कि एग्जैम के समय में बच्चे लगातार कई घंटों तक पढ़ते हैं, जिसके चलते उन्हें मायोपिया या कम दूरी की वस्तुओं को देखने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, क्योंकि बहुत पास की वस्तुओं को ध्यान से देखने से आंखों के लेंस के आकार को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं।

लगातार सिकुड़न आइबॉल को फैला देती है, जिसके चलते आइबॉल का आकार बदल जाता है।

### पड़ता है दबाव

अधिकतर मामलों में स्टूडेंट अपनी पढ़ाई में इतना अधिक मशगूल हो जाते हैं कि उन्हें दिन के उजाले के धुंधले होने का पता भी नहीं चलता। इस कारण सिरदर्द, आइबॉल में जलन पीठ और गर्दन में दर्द की समस्या भी घेर लेती है। लगातार एक ही जगह पर ध्यान केंद्रित करने पर पलकें झपक नहीं पातीं। ऐसे में आंखों में सूखापन महसूस होता है, क्योंकि ब्रेन को ऑक्सीजन व ब्लड सर्कुलेशन ठीक करने के लिए कुछ समय चाहिए होता है।

### तय करें पढ़ने का समय

स्वस्थ दिमाग और आंखों के लिए पढ़ाई का समय सीमित होना जरूरी है। मध्यरात्रि तक पढ़ना आंखों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। कम रोशनी में शब्दों को पेज पर देखने में मशक्कत करनी पड़ती है और लंबे समय तक यह दबाव बने रहने से मायोपिया की समस्या पैदा हो सकती है।

### ब्रेक है जरूरी

पढ़ते समय कुछ मिनट ब्रेक लें और ध्यान हटाने के लिए एक्सरसाइज करें- अपना ध्यान आसपास की वस्तुओं से हटा कर दस फीट दूर की चीजों पर फोकस करें। इसके अलावा अपनी कोहनी को डेस्क पर रखें और हथेलियों को उपर की ओर रखें। अपने वजन को आगे की ओर आने दें और सिर को हाथों पर ऐसे टिकाएं कि आपके हाथ आंखों को कवर कर लें। आंखें बंद कर लें और गहरी सांस लें। चार सेकंड रुकें। फिर सांस छोड़ें। इस तरह गहरी सांस लेना 8-10 सेकंड तक जारी रखें। ऐसा दिन में कई बार करें।

### ध्यान रखें

- स्टडी रूम की लाइट ऐसी होनी चाहिए जो आंखों को चुभे नहीं और देखने में कोई दिक्कत भी न हो। लाइट पीछे से नहीं सामने से आनी जरूरी है।
- जब पढ़ने से थकान महसूस करने लगें तो कुछ देर के लिए आंखें बंद कर लें।
- एक कप ब्लैक/ ग्रीन टी लें।
- रोजाना एक से दो बार पलकों के ऊपर,भौहों के आसपास की मांसपेशियों और माथे पर हलके हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें।
- गैस्ट्रोइंट्रालॉजिस्ट डा. दीप गोयल के मुताबिक ज्यादातर स्टूडेंट्स न्यूट्रिएंट डाइट के बजाय पिज्जा व बर्गर आदि जंक फूड खाना पसंद करते हैं। लेकिन इनसे बॉडी में जरूरी न्यूट्रिएंट तत्वों की कमी हो जाती है। इसलिए परीक्षा के दौरान इन सभी चीजों से परहेज करना जरूरी है। आयरन, कैल्शियम, जिंक युक्त पौष्टिक भोजन ही फायदेमंद होता है। ये सभी आंखों की सेहतके लिहाज से बेहतर होते हैं।
- दिन की शुरुआत हेल्दी ब्रेकफास्ट से करें। जिसमें अंडा, पोहा, ओट्स, उपमा, इडली व खिचड़ी आदि हों। जिनमें लिसेमिक की मात्रा कम हो और शरीर को प्र्याप्त ग्लूकोस मिले।
- बादाम, सेब, अंगूर, संतरा, अंजीर, अखरोट, किशमिश, सोयाबीन व मछली आंखों के लिए अच्छे होते हैं। स्टार्च वाली सब्जियां जैसे आलू, अरबी से बचें।

## क्या करें जब बच्चे की नाक से निकले खून?

गर्मियों के मौसम में वयस्कों की तुलना में बच्चों की नाक से खून आने (नकसीर फूटने) के मामले कुछ ज्यादा ही बढ़ जाते हैं।

आम तौर पर बच्चों की नाक से खून आने के मामले नुकसानरहित होते हैं और कुछ समय बाद खून बहना स्वयं बंद हो जाता है। अधिकांश मामलों में यह समस्या बिल्कुल भी जानलेवा नहीं होती, लेकिन मां-बाप को चिंता हो ही जाती है।



9 प्रतिशत बच्चों में नकसीर फूटने के मामले बार-बार सामने आते हैं, इसका प्रमुख कारण नाक की बीच वाली हड्डी के सामने वाले भाग में रक्त की जो छोटी -छोटी नलिकाएं (ब्लड वेसेल्स) होती हैं, उन नलिकाओं में गर्मी के कारण शुष्कता (ड्राईनेस) आ जाती है।

**प्राथमिक कारण**

- नाक में उंगली डालने के कारण नाखून लगने से।
- गर्म मौसम के चलते नाक में मौजूद श्लेष्मा झिल्ली का सूख जाना।
- नाक में किसी बाहरी वस्तु का प्रवेश करना।

इस समस्या के कुछ कारण ऐसे भी होते हैं, जो बहुत सामान्य नहीं होते। जैसे..

- लिवर की बीमारी। इस कारण रक्त में थक्का बनाने वाले कारकों में कमी आ जाती है।
- वंशानुगत हैमोरेजिक टेलेनजीएक्टेसिस नामक रोग के कारण भी नकसीर की समस्या पैदा हो सकती है।

**उपचार**

बच्चों में नकसीर फूटने के ज्यादातर मामले सामान्य होते हैं और किसी हस्तक्षेप के बगैर स्वयं ठीक हो जाते हैं। जब किसी बच्चे में यह समस्या देखने में आए, तो उपचार के बुनियादी पहलू का इस आधार पर आकलन किया जाता है कितना खून बह गया है।

बच्चे की नाक के रक्तस्राव को रोकने के लिए इस विधि पर अमल करें। पीड़ित बच्चे को बिठाकर थोड़ा आगे झुकाएं और घड़ी देखकर पांच मिनट के लिए हल्के से उसकी नाक दबाएं और साथ में बर्फ का इस्तेमाल भी करें। इसके साथ ही बच्चे की नाक से खून बहना 95 प्रतिशत रुक जाता है। खून बहने को रोकने के इस सरल उपाय के बाद बच्चा नियमित गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकता है। अगर सीधे तौर पर दबाव देने के बाद भी नाक से खून बहना नहीं रुके, तो पीड़ित बच्चे को शीघ्र अस्पताल भेजना चाहिए। ऐसे रोगियों को चिकित्सकीय मदद की भी आवश्यकता होती है। नैजल पैक भी नाक में डालना पड़ सकता है। यहां तक की एंडोस्कोपिक आर्टरी लाइगेशन तकनीक की भी जरूरत पड़ सकती है।

## जॉगिंग अधिक करने का भी हो सकता है नुकसान!

फिटनेस बरकरार रखने के लिए अगर आप मीलों जॉगिंग करना ही सेहतमंद तरीका मानते हैं तो इस गफलत से बाहर निकलें, दूसरा भी पहलू है।

अमेरिका के कार्डियोवास्कुलर रिसर्च इंस्टिट्यूट के शोध की मानें तो बहुत अधिक जॉगिंग करने से जल्दी मृत्यु का रिस्क बढ़ जाता है।

साथ ही, शोधकर्ताओं ने इस शोध में यह भी माना है कि हफ्ते में दो से तीन घंटे जॉगिंग करने वाले लोगों का जीवनसेहतमंद होता है और उनकी उम्र लंबी होती है।

शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में 3,800 जॉगिंग करने वाले प्रतिबागियों को शामिल किया है। उन्होंने पाया कि औसतन 20 मील हफ्ते में दौड़ने वाले महिलाओं और पुरुषों में से 70 प्रतिशत प्रतिभागियों की औसत आयु सिर्फ 46 साल है।

शोधकर्ता डॉ. मार्टिन मैट्सुमुरा के अनुसार, हम अब तक जिस बात का पता नहीं लगा सके हैं वह दौड़ने और हमारे उम्र के बीच का संबंध है लेकिन इनका संबंध है, यह हम जरूर मान सकते हैं।

## गर्मियों में करें पौष्टिक और हल्का-फुल्का नाश्ता

किसी के लिए स्नैकिंग सिर्फ भूख मिटाने का एक जरिया भर है तो किसी के लिए टाइम पास का जरिया। जो लोग लगातार 9–10 घंटे काम करते हैं, उनके लिए तो स्नैकिंग मजबूरी है, क्योंकि खाने में ज्यादा अंतराल आ जाए तो स्नैकिंग करना जरूरत बन जाती है।

स्नैकिंग का कारण जो भी हो, लेकिन आप हमेशा चाहेंगे कि वही खाया जाए जो सेहतमंद हो और एनर्जी दे और साथ ही साथ कम से कम वसायुक्त हो। मुश्किल यह है कि स्नेक्स के ऐसे विकल्प बाजार में नाममात्र ही हैं, जो इन सभी जरूरतों को पूरा करें।हम संकल्प तो लेते हैं कि कोई भी प्रकार का नाश्ता नहीं खाएंगे, लेकिन जैसे ही हाथ में मनपसंद स्नैक्स आ जाते हैं तो आप खुद को रोक नहीं पाते। फिर चाहे बाद में कैलोरी बढ़ने से होने वाले नुकसान के बारे में सोचकर परेशान होते रहें।



बाजार में उपलब्ध ज्यादातर नाश्ते शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं। स्नैक्स में ढेर सारी कैलोरी, वसा, चीनी और नमक आदि का स्वाद चाहे उस वक्त जुबान को मजेदार लगे, लेकिन यही चीजें शरीर में कोलेट्रॉल का स्तर बढ़ा देती है। इससे उच्च रक्तचाप या मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा भी होता है। इतने नुकसान जानकर यही लगता है कि नाश्ता करते रहना सेहत को नुकसान पहुंचाएगा, लेकिन लंबे समय तक भूखे रहना भी नुकसानकारी होता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर स्नैक्स खाएं, लेकिन ये ध्यान रखें कि केवल पौष्टिक विकल्प ही अपनाएं।

**स्नैकिंग के विकल्प**

सेहतमंद नाश्ते वही होते है जिनमें कैलोरी बहुत कम हो इसलिए तले हुये स्नैक्स की बजाय सिके या भुने हुए स्नैक ही खाना चाहिये। मल्टीग्रेन या फ्लैक्स सीड से बनें स्नैक्स चुनें। फ्लैक्ससीड में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है जो त्वचा और दिल को सेहतमंद रखने में सहायक है। इसी तरह से मल्टीग्रेन भी फाइबर का अच्छा स्त्रोत है जो कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है। मल्टीग्रेन स्नैक्स एक अच्छा विकल्प है क्योंकि इससे अनाज के सारे पोषण मिल जाते है। बाज़ार से स्नैक खरीदने के बजाय घर में स्नैक्स तैयार करके रख लें। सिके परमल, भुने चने, धानी सिके पोहे आदि में नमक मसाले आदि मिलाकर बघार लें। अपने साथ एक सेवफल या अंगूर आदि फल भी रख सकते हैं।



**फायदे**

डायटीशियन हमेशा खाने के बीच के अंतराल में स्नैक्स खाने पर ज़ोर देते हैं। स्नेक्स में फल, सब्जियां, मल्टीग्रेन, कम वसा के स्नैक्स को शामिल करना चाहिए। इसके अलावा जो पोषक तत्व खाने में नहीं ले पाते वो सेहतमंद स्नैक्स खाने से मिल जाते हैं, जो वसा में सुधार करके कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं।

## स्वस्थ जीवन के 4 आधार

सही निदान, समय पर शुरू किया गया इलाज और प्रभावी दवा किसी भी बीमारी से उबरने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। लेकिन मानव शरीर मशीन नहीं होता और बीमारी के ठीक होने की प्रक्रिया हर किसी में अलग-अलग तरह से होती है। आपकी शारीरिक अवस्था, रोग प्रतिरोधक क्षमता और इच्छाशक्ति भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। पेश है सेहतमंद जीवन के चार अहम आधार

**आहार से बने शरीर** – स्वास्थ्यवर्धक आहार बीमारियों से बचाव का कारगर उपाय है। कैंसर के एक तिहाई मामलों में कहीं न कहीं पोषण की कमी ज़िम्मेदार होता है। रोगाणुओं का आक्रमण होने पर शरीर इससे किस तरह उबरता है, यह आपके आहार पर काफी निर्भर होता है। शरीर को सभी पोषक तत्व मिलने से रोग प्रतिरोधक प्रणाली बेहतर ढंग से कार्य करेगी।

अच्छे खानपान से स्फूर्ति बनी रहती है। पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों मिलते रहें तो कोशिकाओं का पुनर्जीवन और ऊतकों की मरम्मत आसानी से होती है। दूसरी ओर शरीर में इनकी कमी हो तो यह काम मुश्किल हो जाता है और बीमारी से उबरने के लिए शरीर को मशक्कत करनी पड़ती है या वो यह काम ठीक से कर ही नहीं पाता। नतीजा बीमारी के रूप में सामने आता है।

**कसरत बनाए ताकतवर** – अधिकतर बीमारियों से उबरने के लिए आराम जरूरी होता है। लेकिन आराम करके कुछ ठीक होने के बाद शारीरिक गतिविधि फिर से शुरू करना भी उतना ही जरूरी है। इससे मांसपेशियां तो मजबूत होंगी ही, मनोबल भी बढ़ेगा।

व्यायाम करने के लिए ज़रूरी नहीं कि जिम या हेल्थ क्लब जॉइन किया जाए, पैदल चलना या घर के काम करना भी उतना ही फायदेमंद होता है। हर हफ्ते कम से कम पांच दिन तीस मिनटों के लिए कोई ऐसा काम या गतिविधि करें जिससे आपको थोड़ी थकान महसूस हो।

**सुखद-सुहानी नींद** – आपने कभी ध्यान दिया होगा कि जब थके होने पर आप संक्रमण के कब्जे में जल्दी आते हैं। अमेरिका स्थित कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के एक शोध से पता चला कि व्यक्ति जितनी कम नींद लेगा, सर्दी-जुकाम की चपेट में उतना ही आसानी से आ जाएगा।

ऐसा इसलिए हो सकता है कि नींद की कमी से रोग प्रतिरोधक प्रणाली प्रभावित होती है और इसकी संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।

हमारे शरीर को चलायमान और स्वस्थ रखने के लिए निरंतर कई तंत्र काम करते रहते हैं। इन प्रक्रियाओं के दौरान छोटी-मोटी टूट-फूट भी होती हैं। इस तरह की मरम्मत का काम शरीर तब करता है तब हम आराम करते हैं। जब हम सो रहे होते हैं तो अन्य प्रणालियों का काम धीमा हो जाता है इसलिए शरीर इससे बची ऊर्जा को मरम्मत के लिए इस्तेमाल करता है।

यह तो स्वस्थ शरीर की बात हुई। बीमारी या चोट के कारण शरीर में हुई क्षतिपूर्ति के लिए अधिक आराम की आवश्यकता होती है।बढ़िया नींद मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। नींद पूरी न होने पर आप शारीरिक और मानसिक तौर पर उतना अच्छा महसूस नहीं करते हैं। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाती उन्हें दर्द का एहसास अधिक होता है और उन्हें बीमारी से उबरने के लिए समय भी अधिक लगता है।

**सकारात्मक सोच** – किसी भी बीमारी से उबरने में सकारात्मक सोच का बड़ा महत्व है। सकारात्मक सोच का बड़ा फायदा तब मिलता है जब दृढ़ इच्छाशक्ति से जीवनशैली में कोई बड़ा परिवर्तन घटित होता है। इस सब के अलावा आप इस परिवर्तन से क्या और कितनी उम्मीदें लगा रहे हैं उससे बहुत फर्क पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर यदि आप उच्च रक्तचाप से छुटकारा पाने के लिए जीवनशैली में परिवर्तन कर रहे हैं, और खानपान पर सख्त नियंत्रण साध रहे हैं तब तो आप यह उम्मीद भी करें क्योंकि इससे आपका वजन भी कम होगा। मोटापे से मुक्ति मिलने के साथ ही आप कई रोगों के जोखिम से भी दूर हो जाएंगे।

शोधों से पता चला है कि जीवन के प्रति सकारात्मक सोच से स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ता है। न्यूयॉर्क में हुए इस शोध अध्ययन के मुताबिक जो लोग खुशहाल जिंदगी जीते हैं उन्हें दिल के दौरे का जोखिम भी कम रहता है। यद्यपि इसकी पुख्ता वजह नहीं मालूम हो सकी है लेकिन संभवतः खुश रहने वाले लोग जीवन के तनाव को दूसरों की अपेक्षा ज्यादा अच्छे से झेल पाते हैं।

इसी कारण अतिरिक्त तनाव का बुरा असर शरीर पर नहीं हो पाता। इसके विपरीत जो लोग जीवन से निराश रहते हैं और आपने बुरे हाल के लिए बाहरी दुनिया को लगातार कोसते रहते हैं उनकी सेहत भी खराब रहती है।